फाल्गुन कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 28 फरवरी 2024
वर्ष-2, अंक-188, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मंगल की धरती पर उड़ान भरेगा भारतीय हेलीकॉप्टर 16

यामी गौतम के आगे विद्युत का एक्शन फेल 15

## भ्रामक दावों पर पतंजलि को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

नई दिल्ली, एजेंसी



- कोर्ट में दिए हलफनामे के उल्लंघन पर मानहानि की नोटिस

सुप्रीम कोर्ट ने योग गुरु रामदेव की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद के उत्पादों के बारे में अदालत में दिए गए हलफनामे और उनके औषधीय प्रभाव का दावा करने वाले बयानों के प्रथम दृष्टया उल्लंघन को लेकर मंगलवार को उसे कड़ी फटकार लगाई।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति ए. अमानुल्लाह की पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद एवं इसके प्रबंध निदेशक को नोटिस जारी किया तथा पूछा कि उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही क्यों न की जाए। पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद और इसके अधिकारियों को दवा की किसी भी पद्धति के विरूद्ध प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक, दोनों मीडिया में उसे किसी भी रूप में कोई बयान देने के खिलाफ आगाह भी किया, जैसा कि उन्होंने न्यायालय के समक्ष अपने हलफनामे में कहा था। कंपनी का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील ने पिछले साल 21 नवंबर को शीर्ष अदालत को आश्वस्त किया था कि अब से कानून का किसी तरह से भी उल्लंघन नहीं किया जाएगा।

**प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- हम अंतरिक्ष के लिए तैयार...इस बार काउंटडाउन, समय और राकेट भी हमारा होगा**

# गगनयान मिशन के लिए नामित चार अंतरिक्ष यात्रियों के नामों की घोषणा

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को उन चार अंतरिक्ष यात्रियों के नामों की घोषणा की जो देश के पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगनयान के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने थुंबा स्थित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर, अंगद प्रताप, अजीत कृष्णन और विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला गगनयान मिशन के लिए नामित किए गए अंतरिक्ष यात्री हैं। उन्होंने इन चारों को अंतरिक्ष यात्री पंख प्रदान किए। मोदी ने इन चार अंतरिक्ष यात्रियों को चार ताकतें करार दिया, जो देश के 1.4 अरब लोगों की आकांक्षाओं को समाहित करती हैं। मोदी ने कहा कि चार दशक बाद कोई भारतीय, अंतरिक्ष में जाने के लिए तैयार है और इस बार उलटी गिनती (काउंटडाउन), समय और यहां तक कि रॉकेट भी हमारा है।



प्रशांत बालकृष्णन | अजित कृष्णन | अंगद प्रताप | शुभांशु शुक्ला

प्रधानमंत्री ने कहा कि ये चार अंतरिक्ष यात्री सिर्फ चार नाम या व्यक्ति नहीं हैं, बल्कि वे 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को अंतरिक्ष में ले जाने वाली चार 'शक्तियां' हैं। मोदी ने केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री पिनराई विजयन, विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन और इसरो के प्रमुख एस सोमनाथ सहित अन्य गणमान्य की उपस्थिति में नाम की घोषणा की। मिशन में स्वदेशी पुर्जों के इस्तेमाल पर प्रधानमंत्री ने खुशी जताई।

### प्रयागराज से ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप और लखनऊ से विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला बने टीम के सदस्य

**प्रयागराज/लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को जिन चार अंतरिक्ष यात्रियों के नामों की घोषणा की उनमें दो यात्री अंगद प्रताप और शुभांशु शुक्ला उत्तर प्रदेश से हैं। रक्षा मंत्रालय के जनसंपर्क अधिकारी समीर गंगाखेडकर ने एक विज्ञप्ति में बताया कि 17 जुलाई 1982 को प्रयागराज में जन्मे ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप एनडीए के छात्र रह चुके हैं। उन्होंने 18 दिसंबर 2004 को वायु सेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन प्राप्त किया था। अंगद प्रताप एक फ्लाइंग प्रशिक्षक और एक टेस्ट पायलट हैं जिनको लगभग 2000 घंटे के उड़ान का अनुभव है। वहीं, 10 अक्टूबर 1985 को लखनऊ में जन्मे विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला भी एनडीए के छात्र रहे हैं और उन्होंने 17 जून 2006 को वायु सेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन प्राप्त किया था। शुक्ला एक फाइटर कोम्बेट लीडर और एक टेस्ट पायलट हैं जिनको लगभग 2000 घंटे का विमान उड़ाने का अनुभव है। दोनों को सुखोई, मिग-21, मिग-29, जगुआर, हॉक, डॉर्नियर, एएन-32 जैसे विमान उड़ाने का अनुभव है।

पढ़ते रहिये ...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
4/- प्रतिदिन
फोन: 0512- 2548300

# सपा में फूट, भाजपा के सभी 8 प्रत्याशी विजयी

## राज्यसभा चुनाव : सपा के दो प्रत्याशी जीते, सात विधायकों ने की भाजपा के पक्ष में वोटिंग

- बसपा विधायक उमा शंकर सिंह ने भाजपा प्रत्याशी को किया वोट
- अखिलेश का आरोप-विधायकों से वोट लेने को पैकेज डील हुई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की 10 सीटों पर भाजपा ने परचम लहराया। चुनाव में भाजपा के सभी आठों प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की जबकि सपा के तीन उम्मीदवारों में केवल दो ही विजयी हुए। भाजपा के विजयी प्रत्याशियों में आरपीएन सिंह, सुधांशु त्रिवेदी, चौधरी तेजवीर सिंह, साधना सिंह, अमरपाल मौर्य, संगीता बलवंत, नवीन जैन के साथ 8वें प्रत्याशी के रूप में संजय सेठ भी रहे। सपा से जया बच्चन, रामजीलाल सुमन जीते जबकि तीसरे प्रत्याशी आलोक रंजन हार गए। राज्यसभा की 10 सीटों पर 11 प्रत्याशी मैदान में थे। मतदान में जमकर क्रॉस वोटिंग हुई। समाजवादी पार्टी (सपा) के मुख्य सचेतक मनोज पांडेय समेत सात विधायकों ने भाजपा प्रत्याशी को वोट दिया। एनडीए के घटक दल सुभासपा के एक विधायक ने सपा प्रत्याशी को वोट किया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने क्रॉस वोटिंग करने वाले अपने विधायकों पर सत्तासीन दल से सौदा करने का आरोप लगाया, मतदान और मतगणना के दौरान कई बार नोकझोंक की भी नौबत आई।



जीत के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ विजयी प्रत्याशी।


**किसको कितने मिले मत :** मतगणना के परिणामों के मुताबिक भाजपा के अमरपाल मौर्य को 38, तेजवीर सिंह को 38, नवीन जैन को 38, आरपीएन सिंह को 37, साधना सिंह को 38, सुधांशु त्रिवेदी को 38 और संगीता बलवंत को 38 वोट मिले। जबकि संजय सेठ को 29 और सपा के आलोक रंजन को प्रथम वरीयता के 19 मत ही मिले। इस तरह आलोक रंजन हार गए। सपा के रामजीलाल सुमन को 37 और जया बच्चन को 41 वोट मिले। भाजपा और सपा की तरफ से महत्वपूर्ण प्रत्याशियों को मानक से अधिक वोट डलवाए गए थे ताकि उनकी जीत में कोई खतरा न रह जाए।

### हिमाचल में भाजपा के हर्ष महाजन जीते, सिंघवी हारे

**शिमला।** 'क्रॉस-वोटिंग' के बीच भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन ने सत्तारूढ़ कांग्रेस के अभिषेक मनु सिंघवी को पराजित कर हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा की इकलौती सीट पर मंगलवार को जीत दर्ज की।दोनों को 34-34 मत मिले जिसके बाद महाजन को 'ड्रॉ' के जरिए विजेता घोषित किया गया। यह कांग्रेस के लिए बड़ा झटका है जिसके पास 68 सदस्यीय विधानसभा में 40 विधायक हैं और उसने निर्दलीयों का समर्थन होने का भी दावा किया है। इस परिणाम से यह स्पष्ट हो गया है कि नौ विधायकों ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया।

### कर्नाटक में कांग्रेस ने तीन, भाजपा ने एक सीट जीती

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में राज्यसभा चुनाव में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने तीन सीट, जबकि भाजपा ने एक सीट जीती। उच्च सदन के लिए निर्वाचित हुए व्यक्तियों में अजय माकन, जीसी चंद्रशेखर और सैयद नसीर हुसैन (सभी कांग्रेस से) और भाजपा के नारायणसा के. भांडगे शामिल हैं। चुनाव में चार सीट के लिए पांच उम्मीदवार मैदान में थे, जिनमें जनता दल (सेक्युलर) के उम्मीदवार डी. कुपेंद्र रेड्डी भी शामिल थे। चुनाव में क्रॉस वोटिंग हुई। भाजपा विधायकों में से एक एसटी सोमशेखर ने कांग्रेस के अजय माकन के लिए मतदान किया, जबकि अन्य विधायक ए. शिवराम हेब्बार ने मतदान में भाग नहीं लिया।



क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों की अब अंतरात्मा के साथ-साथ सम्पूर्ण आत्मा की जांच क्षेत्र की जनता करेगी ताकि भटकती हुई आत्माएं हमेशा के लिए शांत हो जाएं। -**शिवपाल यादव**



हमारी तीसरी सीट सच्चे साथियों की पहचान की परीक्षा थी। ये जानने के लिए कि कौन-कौन दिल से पीडीए के साथ हैं। सुनने में तो ये आ रहा है कि पैकेज डील हुई है। - **अखिलेश यादव**



क्रॉस वोटिंग नहीं ये तो वेलकम चेंज है। मुझे तो किसी ने पैकेज नहीं दिया है। मैंने भाजपा के पक्ष में वोट किया है। मुझे तो चवन्नी भी नहीं मिली है। - **राजा भैया**



मैंने पीडीए के पक्ष में मतदान किया है। मैं सपा और अपना दल कमेरावादी की विधायक हूं। मैं अपने हक की बात करती रहूंगी, मेरा सपा नेतृत्व से कोई मनमुटाव नहीं। - **पल्लवी पटेल**



सपा के दो प्रत्याशी जीते उनको भी बधाई और उनका तीसरा प्रत्याशी हारा उसके लिए भी उनको बधाई। अखिलेश यादव के अहंकार की आज हार हुई। - **केशव प्रसाद मौर्य**

## सपा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क का निधन



- मुरादाबाद के कांठ रोड स्थित निजी अस्पताल में चल रहा था इलाज

**मुरादाबाद।** संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क (94) का मंगलवार की सुबह निधन हो गया। मुरादाबाद के कांठ रोड स्थित एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, बसपा सुप्रीमो मायावती, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी समेत कई राजनेताओं ने गहरा शोक जताया है।

पांच बार के सांसद बर्क संभल के अलावा मुरादाबाद जिले से भी तीन बार सांसद रह चुके हैं। वह करीब एक महीने से बीमारी के चलते अस्पताल में भर्ती थे। 21 फरवरी को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अस्पताल में पहुंचकर उनका हाल जाना था। मंगलवार को उनके निधन की खबर सुनते ही उनके परिवार व शुभचिंतकों में शोक व्याप्त हो गया।

## एक नजर

### न्यायमूर्ति खानविलकर लोकपाल के अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने न्यायमूर्ति अजय माणिकराव खानविलकर को लोकपाल का अध्यक्ष नियुक्त किया है। राष्ट्रपति सचिवालय से मंगलवार को जारी वक्तव्य में कहा गया कि राष्ट्रपति ने न्यायमूर्ति लिंगप्पा नारायण स्वामी, न्यायमूर्ति संजय यादव और न्यायमूर्ति ऋतु राज अवस्थी को लोकपाल का न्यायिक सदस्य नियुक्त किया है। इसके अलावा सुशील चन्द्र, पंकज कुमार और अजय तिर्की को लोकपाल का सदस्य बनाया है। उपरोक्त नियुक्तियां उनके संबंधित कार्यालयों में कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से प्रभावी होंगी।

### छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में चार नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह मुठभेड़ जांगला पुलिस थाना क्षेत्र के जंगल में हुई, जब जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के अलग-अलग दलों को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था। अधिकारी ने बताया कि जब डीआरजी का दल तुंगाली गांव के जंगल में पहुंचा तब नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षा बल के जवानों ने जवाबी करवाई की।

### केंद्र की पेयजल सर्वेक्षण पुरस्कार की घोषणा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने मंगलवार को पहले पेयजल सर्वेक्षण पुरस्कार की घोषणा की और कहा कि जल क्षेत्र में शहरों और राज्यों की उल्लेखनीय उपलब्धि को दर्शाने वाले इन पुरस्कारों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पांच मार्च को प्रदान करेंगी।

## वैन पलटी, चार विद्यार्थियों की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



प्रतिष्ठा मिश्रा। | मुस्कान। | अनुराग। | अनुरूप।

- हाईस्कूल की परीक्षा देने जा रहे थे, कांट थाना क्षेत्र में हुआ हादसा

**अमृत विचार** : हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं को परीक्षा केंद्र छोड़ने जा रही ईको (वैन) का कांट क्षेत्र के जरावन में टायर फट गया जिससे ईको खाई में पलट गई। हादसे में दो छात्राओं और दो छात्रों की मौत हो गई। सात परीक्षार्थी घायल हो गए।

मंगलवार सुबह कांट के गांव बरेंडा से द्वारिका प्रसाद महर्षि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के हाईस्कूल के 11 परीक्षार्थी ईको से जैतीपुर स्थित लटूरी लाल इंटर कॉलेज गणित का पेपर देने जा रहे थे। ईको बरेंडा गांव का मुलायम चला रहा था। करीब 6:10 बजे कांट क्षेत्र के गांव जरावन में बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने अगला टायर फट गया जिससे ईको अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। चालक वैन से कूद गया जिससे उसकी तो जान बच गई, लेकिन वैन में सवार चार परीक्षार्थी कांट के गांव बरेंडा निवासी मुस्कान (16), बरेंडा के मजरा गौटिया निवासी अनुराग (14), हरीपुर की प्रतिष्ठा (15) और नगला जाजू निवासी अनुरूप (17) की मौत हो गई। गांव बरेंडा निवासी ज्योति, अवनीश, विपिन, मोहन गुप्ता, रविकांत, ध्रुव, मुलायम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए।

> मंगलवार सुबह कांट क्षेत्र में ईको का टायर फटने से घटना होने की बात सामने आई है। घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए गए हैं। चालक के शराब पीये होने की बात कही जा रही है। इस बारे में अभी पुष्टि नहीं हो पाई है। आवश्यक कार्रवाई भी किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। - **उमेश प्रताप सिंह**, जिलाधिकारी

## 15 से 31 मई तक होंगी सीयूईटी यूजी की परीक्षाएं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीयूसीईटी)-स्नातक की परीक्षा 15 से 31 मई तक 'हाइब्रिड मोड' में प्रतिदिन दो या तीन पालियों में आयोजित की जाएगी और परीक्षा के परिणाम 30 जून को घोषित किए जाएंगे। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इस महत्वपूर्ण परीक्षा को 13 भाषाओं में 26 विदेशी शहरों सहित 380 शहरों में आयोजित किया जाएगा। आवेदन प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हुई और 26 मार्च को समाप्त होगी।

## पंजाब-राजस्थान में 16 स्थानों पर एनआईए का छापा, छह हिरासत में

नई दिल्ली, एजेंसी



- आतंकी गठजोड़ के सिलसिले में केंद्रीय जांच एजेंसी की कार्रवाई

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने देश में आतंकवादियों एवं अन्य अपराधियों के गठजोड़ का पता लगाने के लिए मंगलवार को पंजाब और राजस्थान में कई स्थानों पर छापेमारी की और इस दौरान छह लोगों को हिरासत में लिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों और अन्य अपराधियों के बीच साठगांठ से संबंधित एक मामले में जारी जांच के तहत पंजाब में 14 और राजस्थान में दो स्थानों पर छापेमारी जारी है। अधिकारी ने कहा कि आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने को लेकर छह लोगों से पूछताछ की जा रही है।

वहीं, पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक विशेष अदालत ने चार वर्ष पूर्व राज्य में नकली भारतीय मुद्रा की जब्ती से संबंधित एक मामले में एक अन्य आरोपी को सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इसके साथ ही मामले में दोषियों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। संघीय एजेंसी ने बताया कि पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के रहने वाले अकरमुल को आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत पांच वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। यूएपीए के तहत अकरमुल को सात वर्ष के कठोर कारावास की भी सजा सुनाई गयी और उसके ऊपर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया।

## सुप्रीम कोर्ट ने पांच जिलाधिकारियों को ईडी के समक्ष पेश होने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी



- तमिलनाडु में अवैध खनन से संबंधित धन शोधन का मामला

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कथित अवैध रेत खनन को लेकर की जा रही धन शोधन जांच के संबंध में तमिलनाडु के पांच जिलाधिकारियों (डीएम) को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने ईडी के समन के खिलाफ तमिलनाडु और उसके अधिकारियों की याचिका को 'अजीब और असामान्य' बताया और पांच जिलाधिकारियों को राहत देने के मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी। मद्रास उच्च न्यायालय ने पिछले साल 28 नवंबर को केंद्रीय जांच एजेंसी द्वारा जारी समन पर रोक लगा दी थी, जिसमें उसकी ओर से जारी जांच के सिलसिले में वेल्लोर, तिरुचिरापल्ली, करूर, तंजावुर और अरियालुर के जिला अधिकारियों को पेश होने के लिए कहा गया था। ईडी ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ शीर्ष कोर्ट का रुख किया और कहा कि इससे जांच प्रभावित होगी।

### ईडी ने केजरीवाल को जारी किया 8वां समन

ईडी ने आबकारी नीति संबंधी कथित घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में पूछताछ के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आठवीं बार समन जारी किया है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को यहां एजेंसी के मुख्यालय में चार मार्च को आने को कहा गया है। केजरीवाल (55) इस मामले में सोमवार को ईडी के सामने पेश नहीं हुए थे। यह सातवीं बार है जब केजरीवाल ईडी के समन पर एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए।

## अंबाला में कुछ इलाकों में मोबाइल इंटरनेट निलंबित

- दिल्ली कूच के मद्देनजर फैसला

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने किसानों के 'दिल्ली चलो' आंदोलन के मद्देनजर मंगलवार को 28 से 29 फरवरी तक अंबाला जिले में कुछ स्थानों पर मोबाइल इंटरनेट और भारी मात्रा में संदेश भेजने की सेवाएं निलंबित रखने की घोषणा की। अंबाला समेत सात जिलों में मोबाइल इंटरनेट और संदेश सेवाएं बहाल किए जाने के दो दिन बाद यह नया फैसला आया है। मंगलवार को जारी आदेश के अनुसार, अंबाला में सदर अंबाला, पंजोखेड़ा और नग्गल थाना क्षेत्रों में सेवाएं निलंबित रहेंगी।

**मिला रोजगार** डॉ. कलाम तकनीकी विवि और संबद्ध कॉलेजों के 70 से अधिक शोधार्थियों को मिले उद्यम के अवसर

## जेम पोर्टल ने तैयार की यूपी में स्टार्टअप की खेप

जीशान कदीर, लखनऊ

- केन्द्र सरकार की स्टार्टिंग यूपी योजना के तहत मिली है 2 करोड़ की धनराशि
- अलग जिलों में रहकर शुरू किया रोजगार, ऑनलाइन बाजार से बढ़ा कारोबार

**अमृत विचार** : जेम पोर्टल यानि गवर्मेंट ई मार्केट प्लेस के सहारे यूपी में छात्रों को स्टार्टअप मिला। चंद माह के भीतर 70 से अधिक जुड़े शोधार्थियों ने ऑनलाइन बाजार में बढ़त बना ली। अलग-अलग जिलों में रहने वाले युवा अब नए साथियों को जोड़कर रोजगार देने में मददगार साबित हो रहे हैं।

एमआईईटी इंक्यूबेशन सेंटर मेरठ के सीईओ रेहान अहमद बताते हैं कि सेंटर में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय लखनऊ और संबद्ध महाविद्यालयों के अलावा अन्य विद्यालयों के 70 से अधिक शोधार्थियों ने मिलकर इलेक्ट्रिक व्हीकल, साफ्टवेयर, बॉयोडायजेस्टर टैंक, मेडिकल डिवाइस, इनोवेटिव प्रोडक्ट, स्टेच्यू मेकिंग, इलेक्ट्रानिक पार्ट, इंडेक्शन सहित अन्य सामानों को बनाया है। नई तकनीक के सहारे तैयार माल ने ऑनलाइन बाजार में युवाओं को रोजगार दिया है। जिन शोधार्थियों ने उद्यम स्थापित किए हैं, वे युवाओं को कंपनी के रजिस्ट्रेशन से लेकर उसे स्थापित करने तक में मदद दे रहे हैं।



शोधार्थियों द्वारा तैयार इलेक्ट्रिक व्हीकल।

### स्टार्टिंग यूपी योजना के तहत मिला लाभ

इंक्यूबेशन सेंटर को केन्द्र सरकार की स्टार्टिंग यूपी योजना के तहत दो करोड़ की धनराशि मिल चुकी है। रेहान बताते हैं कि योजना के सहारे वे शोधार्थियों को 70 लाख रुपये की मदद दे चुके हैं।

### पिच डेक के सहारे कॉल टू एक्शन

शोधार्थियों ने पिच डेक के सहारे पूंजी जुटाई और निवेशकों से खरीदारी कर वित्तीय व्यवस्था को मजबूत किया। साथ ही व्यवसाय मॉडल को टीम की मदद से कॉल-टू-एक्शन तक रेखांकित किया जा रहा है।

# आरटीओ मार्ग अतिक्रमण में गुम, फुटपाथ का पता नहीं

**व्यस्त मार्ग बदहाल**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अतिव्यस्त आरटीओ रोड के दोनों छोर से लेकर बीच में हर जगह अतिक्रमण दिखेगा। सड़क पर ही पार्किंग, आरटीओ में काम कराने वालों के बस्ते, दो दर्जन से अधिक ठेला खड़े होते हैं। इतना ही नहीं इसी रोड पर एक नामी स्कूल को सुविधा देने के लिए सड़क की दुर्दशा कर दी गई है। रूट डायवर्जन के लिए रोड पर इतने जर्सी बैरियर और स्प्रिंग पोस्ट लगा दिए गए हैं कि वाहन चालक उसी में उलझ कर रहे जाते हैं। स्कूल के सामने तो सड़क लगभग पूरी तरह गायब हो गई है।

आरटीओ कार्यालय से 50 मीटर दूर सर्वोदयनगर में दो दर्जन अधिक प्रमुख चिकित्सकों के क्लीनिक हैं। इसलिए सुबह आठ बजे से ही मरीजों का आवागमन इस रोड पर शुरू हो जाता है। सुबह दो घंटे तो मरीजों को कुछ राहत मिलती है, मगर 10 बजे के बाद मरीज क्लीनिक तक पहुंचने में तड़प जाते हैं। आरटीओ कार्यालय, हैंडलूम, श्रम विभाग के कार्यालय इसी रोड पर हैं। अगर इन कार्यालयों में आने वाले आईटीआई से होकर आएं तो अपने मुकाम पर पहुंच जाएंगे, लेकिन अगर रेवमोती की तरफ से आए तो उन्हें भी सड़क पर ही आने वाहन खड़े करने होंगे। नतीजा अन्य लोगों को समस्याओं से जूझना पड़ेगा। दोपहर तक सड़क कम और अतिक्रमण ज्यादा दिखता है। वहीं रेवमोती के सामने दुकानदारों ने पूरी तरह फुटपाथ पर कब्जा कर रखा है। चार पहिया वाहन ही सड़क पर खड़े मिल जाएंगे।



बीच सड़क पर वाहनों की पार्किंग। अमृत विचार



सड़क के दोनों ओर खड़े होते वाहन। अमृत विचार

### जहां चाहे वाहन खड़ा करें

इस रोड पर अकेले श्रम विभाग के पास पार्किंग स्टैंड है। बाकी सभी प्रतिष्ठानों के वाहन सड़क पर ही खड़े होते हैं। रोड पर आठ से दस की संख्या में अकेले एंबुलेंस ही खड़ी होती हैं। आरटीओ में काम कराने आने वाले लोगों के वाहन मनमर्जी रोड पर खड़े किए जाते हैं। आरटीओ के बाहर भारी वाहन भी सड़क पर ही खड़े दिख जाएंगे।

### 20 कदम के लिए एक किमी चक्कर

अगर कोई आईटीआई की तरफ से आया, उसे आरटीओ जाना है तो वह हैंडलूम के सामने वाली रोड पर जाकर रेवमोती की तरफ से आरटीओ आए। जबकि हैंडलूम से आरटीओ के बीच की दूरी 20 कदम से ज्यादा नहीं है। ये सब स्कूल को सुविधा देने के लिए किया गया है। स्कूल के गेट के पास ही जर्सी बैरियर और स्प्रिंग पोस्ट लगाए गए हैं।

- **अति व्यस्त रोड पर हर तरफ पार्किंग, अतिक्रमण के कारण तड़प जाते मरीज**

### ठेलों की भरमार

सड़क के दोनों तरफ फुटपाथ पर अतिक्रमण रहता है। फल, चाय, नाश्ता के करीब दो दर्जन से अधिक ठेले खड़े होते हैं। ठेले वाले फुटपाथ पर ही ग्राहकों के लिए कुर्सी व बेंच डालते हैं। इसी रोड पर एक दर्जन चोखा-बाटी की दुकानें भी दुकानें भी फुटपाथ पर लगती हैं।

आरटीओ रोड की जाम की समस्या धीरे-धीरे गंभीर होती जा रही है। आरटीओ पहुंचने के बाद पहला संघर्ष वाहन खड़ा करने का होता है। कहीं जगह ही नहीं मिलती है। पुलिसकर्मी बैठे रहते हैं, यह बताने के लिए कि वाहन यहां मत लगाओ



– काके, सर्वोदयनगर

रोड पर दुकानदार खुद पूरी फुटपाथ पर कब्जा किए हैं, अगर वाहन लगाने लगो तो झगड़ने पर उतारू हो जाते हैं। अतिक्रमण करने वाले ही पांच मिनट के लिए वाहन नहीं खड़ा करने देते हैं। पुलिस को चाहिए फुटपाथ से अतिक्रमण हटवाएं। दुकानदारों की मनमानी ठीक नहीं है।



–अफजाल, सर्वोदयनगर

कई बार मरीजों के वाहन फंस जाते हैं। आगे बढ़ने का रास्ता ही नहीं मिलता है। कुछ लोग जद्दोजहद करके आगे निकल जाते हैं तो कुछ दूसरा रास्ता तलाशते हैं। कई बार लोगों को मरीज वाहन से उतारकर पैदल ले जाते देखा हैं। इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।



–राजेश, सर्वोदयनगर

सड़क पर वनवे हो या टूवे। इसका सख्ती से पालन होना चाहिए, मगर सभी के लिए। मजबूरी में सहूलियत भी मिलनी चाहिए। मगर आरटीओ रोड पर तो पूरी तरह मनमानी है। पूरी तरह अतिक्रमण है। जाम और लोगों की परेशानी का ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है।




–बंटी, सर्वोदयनगर

# एलिवेटेड रोड का स्वरूप एक सप्ताह में तय होगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **ट्रैफिक गणना कर फोर व सिक्स लेन का होगा निर्धारण**
- **मिट्टी का परीक्षण, दृश्यता के साथ तय की जाएगी डिजाइन**
- **रोड पर चढ़ने-उतरने के लिए होगी बैठक**



**अमृत विचार।** रामादेवी से गोल चौराहा तक बनाए जाने वाले एलिवेटेड रोड का स्वरूप एक सप्ताह में तय हो जाएगा। एलिवेटेड रोड के निर्माण के लिए सप्ताह भर में कंसल्टेंट टीम दोबारा शहर आएगी और मिट्टी, दृश्यता का परीक्षण करेगी। इसके साथ ही मंडलायुक्त के साथ बैठक कर रोड का डिजाइन, जीटी रोड पर अतिक्रमण जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही जीटी रोड पर ट्रैफिक गणना के अनुसार ही एलिवेटेड रोड फोर या सिक्सलेन निर्माण तय किया जाएगा।

अनवरगंज-फर्रूखाबाद रेल रूट से रोजाना 50 से अधिक ट्रेनें गुजरती हैं। जिससे बार-बार क्रॉसिंग बंद होने से लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। शहर के बीचों-बीच रेलवे क्रॉसिंगों से लगने वाले जाम को खत्म करने के लिए गोल चौराहा से रामादेवी तक एलिवेटेड रोड बनाये जाने की योजना तैयार की थी। निर्माण के लिए हैदराबाद की हेक्सा कंपनी को पांच करोड़ से डीपीआर तय करने के लिए चुना गया था। कुछ समय पहले कंसल्टेंट कंपनी की दो सदस्यीय टीम आई थी और सर्वे किया था। अब एक सप्ताह के भीतर दोबारा टीम शहर आएगी। टीम एलिवेटेड निर्माण के लिए मिट्टी का परीक्षण के साथ अतिक्रमण की समस्या पर अधिकारियों संग चर्चा करेगी।

> सप्ताह भर में कंसल्टेंट टीम के सदस्यों को दोबारा सर्वे के लिए आना है। इसके बाद एलिवेटेड रोड का स्वरूप तय किया जाएगा। टीम के सदस्यों की मंडलायुक्त संग बैठक में रोड पर रैंप का निर्धारण किया जाएगा। अतिक्रमण की समस्या से मुक्ति के लिए भी संबंधित विभागों संग चर्चा होगी।
>
> **अरुण कुमार जयंत, अधिशासी अभियंता, पीडब्ल्यूडी, एनएच डिवीजन**

रोड पर किन-किन स्थानों पर रैंप बनाया जाएगा, एलिवेटेड रोड फोर या सिक्सलेन बनाई जाएगी, इसके लिए जीटी रोड के ट्रैफिक गणना कर निर्धारण करेगी। गोल चौराहे से सेवायोजन क्रॉसिंग, कोका कोला क्रॉसिंग व गुमटी क्रॉसिंग पर एलिवेटेड रेलवे ट्रैक निर्माण के चलते रेलवे अधिकारियों व जरीबचौकी अंडरपास योजना पर सेतु निगम के अधिकारियों से मिलकर एलिवेटेड रोड निर्माण की संभावना तलाशी जाएगी।

# रेट्रोफिटिंग प्रोजेक्ट की डीपीआर की जांच करेगा आईआईटी

## गंगा बैराज से पेयजल योजना के लिए पाइप लाइन का किया जाना है सुदृढ़ीकरण

**एग्रीमेंट हुआ**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गंगा बैराज से पेयजल योजना के लिए डाली गईं जीआरपी पाइप लाइनें जगह-जगह फट रही हैं। ऐसे में इन पाइपों का एमएस पाइप की कोटिंग के द्वारा रेट्रोफिटिंग (सुदृढ़ीकरण) होना है। इसको लेकर 15वें वित्त आयोग से नगर निगम के 139.38 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस योजना के लिए बनी डीपीआर की जांच आईआईटी कानपुर करेगा। जलनिगम ने आईआईटी से एग्रीमेंट पूरा कर लिया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे का कार्य किया जायेगा।

शहर में जगह-जगह पेयजल लाइनें फट रही हैं। इससे पेयजल सप्लाई बाधित होती है और सड़कें टूटती हैं। जलनिगम इन पेयजल लाइनों में रेट्रोफिटिंग कार्ययोजना के तहत माइल्ड स्टील सॉ पाइप (एयर कंडीशनिंग और रेफ्रीजरेशन प्रोसेसिंग में इस्तेमाल होने वाला) लगाने की तैयारी में है। इसके लिए जलनिगम ने कुल 164 करोड़ रुपये की योजना बनाई है। योजना की सैद्धांतिक मंजूरी के साथ ही 15वें वित्त आयोग से धनराशि खर्च होगी। प्राथमिक तौर पर अभी 139.38 करोड़ रुपये खर्च होंगे।



सर्वोदय नगर में पाइप लाइन लीकेज के कारण खोदाई की गई है। अमृत विचार

**164** करोड़ रुपये की योजना बनाई है

**139** करोड़ रुपये अभी खर्च होंगे

**869** करोड़ रुपये पहले हो चुके खर्च

**1000** किमी लाइन बिछाने का दावा

### 67 वार्डों को शामिल किया गया था

योजना के प्रथम चरण में पुराने क्षेत्रों के 67 वार्डों को शामिल किया गया था। इसमें 270 .95 करोड़ रुपये से वाटर वर्क्स, फीडर मेन लाइन, ट्रीटमेंट प्लांट, जोनल पम्पिंग स्टेशन समेत कई कार्य होने थे। अधिकारियों और कार्य कर रही कंपनी की लापरवाही से लेटलतीफी हुई और योजना की लागत बढ़ते-बढ़ते 394 करोड़ रुपये पहुंच गई। इसी तरह दूसरे चरण में शेष बचे 33 वार्डों में 340 करोड़ से रिजरवॉयर, ओवरहेड टैंक आदि बनाने के कार्यों को शामिल किया गया। इस प्रोजेक्ट में भी जमकर अनियमितता बरती गई और लेटलतीफी की वजह से लागत 475 करोड़ से अधिक हो गई जिससे शहर पेयजल समस्या बनी हुई है। जिसको देखते हुए ही नई योजना बनाई गई है।

### 869 करोड़ खर्च फिर भी नहीं पहुंच पाया पानी

जेएनएनयूआरएम योजना वर्ष 2007 में शहर में शुरू हुई थी। इसके तहत कुल 869 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। योजना के तहत शहर में 313 करोड़ लागत से डाली गई पेयजल लाइनें खोजे नहीं मिल रही हैं। काम करने वाली कंपनी रैमकी का दावा है कि उसने एक हजार किलोमीटर पाइप लाइन शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में बिछाई हैं। लेकिन, जलनिगम के अधिकारियों की मानें तो कंपनी 300 किलोमीटर का भी साक्ष्य नहीं दे पाई है। पतली लाइनों के साथ ही रबड़ पाइप लाइन भी जमीन में दफन हो गई है।

### रैमकी कंपनी की बैंक गारंटी जब्त

जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण योजना (जेएनएनयूआरएम) योजना के तहत शहर में डाली गई पेयजल लाइनों में हुए घोटाले में कार्रवाई हो चुकी है। जलनिगम ने कार्यदायी कंपनी रैमकी की 23 करोड़ 80 लाख रुपये की बैंक गारंटी (जमानत राशि) को जब्त कर लिया है। कंपनी के डॉयरेक्टर अयोध्या रामी रेड्डी द्वारा जवाब न देने पर जलनिगम के जीएम ने यह कार्रवाई की थी। इससे पहले घोटाले के आरोप में जलनिगम के 24 अभियंताओं पर मुकदमा हो चुका है।

## सार-संक्षेप

### नशेबाजी के विरोध पर पीटा, 12 पर रिपोर्ट

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में घर के बाहर के बाहर नशेबाजी और अभद्रता कर रहे लोगों ने टोकने पर युवक को लाठी डंडों और रॉड से जमकर मारापीटा। पुलिस ने चार नामजद और आठ अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मंगला विहार निवासी गिरजा देवी ने पुलिस को बताया कि उनका निर्माणाधीन मकान कैम्ब्रिज स्कूल रोड पर स्थित है। जिसमें उनके बेटे टाइल्स पत्थर लगाने का काम कर रहे थे। 24 फरवरी की रात 10 बजे करीब अविनाश सिंह, रिन्शू राणा, वसीम, अंकित शुक्ला उनके मकान के बाहर सिगरेट शराब पी रहे थे। गाली गलौज कर रहे थे। बड़े बेटे नितिन राजपूत ने टोका तो आरोपी लड़ने लगे। अपने साथियों को बुला लिया और नितिन राजपूत को लाठी डंडों और रॉड से पीटा। बेटे के सिर पर गंभीर चोटें आ गईं। भागते समय अविनाश सिंह को लोगो ने पकड़ लिया। इस संबंध में चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर अविनाश सिंह, रिन्शू राणा, वसीम, अंकित शुक्ला, सात से आठ अज्ञात के खिलाफ बलवा, मारपीट, गालीगलौज, धमकी में रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

### गौकशी के आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**कानपुर।** सचेंडी पुलिस ने गौकशी करने वाले गैंग के सदस्यों पर गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अब आरोपियों की संपत्ति को चिन्हित कर कुर्की की कार्रवाई करेगी। सचेंडी थाना प्रभारी योगेश कुमार ने बताया कि कौशांबी करारी निवासी मोहम्मद इरफान, मेरठ खरखौदा हुमांयू नगर निवासी शाहिद और मुरादाबाद शेखपुर निवासी अजीव शान गिरोह बनाकर गौकशी वारदात करते हैं। गैंग लीडर मोहम्मद इरफान है। क्षेत्रीय लोगों ने इनका भय व्याप्त है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज है। अब आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप अधिनियम (गैंगस्टर) का मुकदमा दर्ज किया है।

### लंबित विवेचनाओं को लेकर बैठक

**कानपुर।** अपर पुलिस आयुक्त (मुख्यालय व अपराध) विपिन कुमार मिश्रा ने अपने कार्यालय में क्राइम ब्रांच के विवचकों के साथ लंबित विवेचनाओं के संबंध में समीक्षा बैठक की। विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। काम में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

# पत्नी के सुसाइड में पति पर उकसाने की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कोतवाली थानाक्षेत्र में चार दिन पूर्व अपहृत दो वर्षीय बच्चे कार्तिक की बुआ के आत्महत्या मामले में पति के खिलाफ आत्महत्या को उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

फूलबाग सब्जी मंडी की रहने वाली रानी ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी लक्ष्मी ने 12 वर्ष पूर्व विक्कू पहाड़ी के साथ प्रेम विवाह किया था। आए दिन विक्कू लक्ष्मी के साथ लड़ाई झगड़ा करता था। 25 फरवरी को रात करीब 11 बजे फलमंडी नानाराव पार्क के पीछे विक्कू ने लक्ष्मी के साथ लड़ाई झगड़ा किया।

आरोप है कि उसे मरने के लिए इतना उकसाया कि लक्ष्मी ने पेड़ पर फांसी के फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि लक्ष्मी की मां की तहरीर पर आरोपी पति के खिलाफ आत्महत्या के उकसाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# हर बूथ पर 370 वोट अधिक लाएं

**कानपुर।** 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशी 5 लाख वोटों से चुनाव में जीत दर्ज करें, यह कार्य भाजपा चुनाव प्रबंधन विभाग को करना है। कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने क्षेत्र की चुनाव प्रबंधन विभाग से जुड़े संयोजक, सह संयोजकों से यह बात कही। कहा कि सभी जिलों में चुनाव प्रबंधन विभाग को 10 मार्च तक बैठकें करनी हैं। सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी देकर हर बूथ पर पिछले चुनाव से 370 वोट अधिक मिलें इसके लिए जुट जाने का आह्वान करना है।

# तख्त पर मिला बुजुर्ग का शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **पनकी थानाक्षेत्र के बरगदियापुरवा की घटना**
- **परिजनों का आरोप, नाक से निकल रहा था खून**

**अमृत विचार।** पनकी थानाक्षेत्र में बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान पर काम कर रखवाली करने वाले बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बुजुर्ग का शव तख्त पर पड़ा मिला। परिजनों ने नाक से खून निकलने और कान कटा देखकर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस और फोरेंसिक ने जांच की।

मूलरूप से अलीगढ़ के रहने वाले 60 वर्षीय विजय बाल्मीकि बरगदियापुरवा कच्ची बस्ती में परिवार के साथ रहते थे। उनके बेटे संजय ने बताया कि घर से कुछ कदम की दूरी पर वह एक बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान में काम करते थे। दुकान की रखवाली करते हुए वह ज्यादातर वहीं तख्त पर सो जाते थे। सोमवार रात भी खाना खाकर सो गए थे। सुबह लोगों ने पिता के मृत पड़े होने की जानकारी दी। विजय की पत्नी इंद्रा ने आरोप लगाया कि उनके नाक से खून आ रहा था। दांत टूटे हुए थे। बायां कान थोड़ा सा कटा हुआ था जिससे खून बह रहा था। परिजनों ने एक युवक पर रंजिशन आरोप लगाया है। पनकी पुलिस और एसीपी टीबी सिंह ने मौका मुआयना किया। प्रथम दृष्टया जांच में पाया गया कि सोमवार रात विजय ने शराब पी थी। कान को चींटी के काटने का तर्क देते हुए दौरा पड़ने से मौत होने की बात कही। वहीं परिजनों का आरोप था कि दुकान में लगे दो सीसीटीवी को आरोपियों ने घुमा दिया था। जिसमें केवल सड़क ही दिख रही है। बड़ी ही सुनियोजित ढंग से हत्या को अंजाम दिया गया। पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है।

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, ककवन कानपुर नगर**

पत्रांक 735 / लेखा/पजिकरण पत्रा0/2023–24 दिनांक 27/02/2024

**पंजीकरण / नवीनीकरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत ककवन, कानपुर नगर में ठेकेदारी पंजीकरण /नवीनीकरण हेतु दिनांक 11.03.2024 तक आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है दिनांक 11.03.2024 के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जायेगा वह स्वतः निरस्त समझे जायेगें। आवेदन पत्रों के साथ निम्नलिखित अभिलेख संलग्न करना अनिवार्य होगा।

1. चरित्र प्रमाण पत्र ।
2. हैसियत प्रमाण पत्र ।
3. अनुभव प्रमाण पत्र ।
4. टैन/पैन की छाया प्रति ।
5. जी0एस0टी0 पंजीकरण की छाया प्रति ।
6. 50000.00 एफ0डी0आर0 मूल रूप में।

खण्ड विकास अधिकारी, ककवन, कानपुर नगर।

किरन लता प्रमुख, ककवन, कानपुर नगर।

**विकास की बात** — सांसद सत्यदेव पचौरी ने नगर आयुक्त के साथ किया कन्वेंशन सेंटर का निरीक्षण

# जुलाई तक पूरा हो जाएगा कन्वेंशन सेंटर का निर्माण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **चुन्नीगंज में 80 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा मॉडर्न कन्वेंशन सेंटर**
- **एमएचपीएल इण्डिया ने प्रोजेक्ट के लिए थीम बेस्ड डिजाइन किया**

**अमृत विचार।** स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से चुन्नीगंज में आधुनिक कन्वेंशन सेंटर का निर्माण एक बार फिर शुरू हो गया है। यह कानपुर और आसपास के क्षेत्र में कला, संस्कृति, व्यापार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सेंट्रल एक्टिविटी हब होगा। मंगलवार को सांसद सत्यदेव पचौरी ने निर्माणाधीन कन्वेंशन सेंटर का निरीक्षण नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन के साथ करके कार्य प्रगति की समीक्षा की।

सांसद पचौरी ने कहा कि इस साल जुलाई तक 'आधुनिक कन्वेंशन सेंटर का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जायेगा और यह 'सेंट्रल एक्टिविटी हब' इंडस्ट्रियल सिटी का खास आकर्षण होगा। पचौरी ने कार्यदायी संस्था की तारीफ करते हुये कहा कि एमएचपीएल इंडिया का कार्य उत्कृष्ट व संतोषजनक है।

सांसद ने कार्यदायी संस्था एमएचपीएल इंडिया के निदेशक प्रणीत अग्रवाल से कार्य प्रगति के बारे में जानकारी ली। पचौरी ने कहा कि 80 करोड़ की लागत से बनाये जा रहे आधुनिक कन्वेंशन सेंटर के निर्माण से महानगर के औद्योगिक स्वरुप में चार चांद लगेंगे।

इससे शहर में बड़ी-बड़ी कंपनियां आयेंगी, उन्हें अपने उत्पादों की प्रदर्शन लगाने और अन्य अनेक सुविधायें मिलेंगी। इसके अलावा छोटे-छोटे उत्पादों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।



चुन्नीगंज में आधुनिक कन्वेंशन सेंटर का निरीक्षण करने पहुंचे सांसद सत्यदेव पचौरी, नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

### थीम बेस्ड डिजाइन किया गया है तैयार

■ ईपीसी मॉडल पर विकासकर्ता एमएचपीएल इंडिया ने इस प्रोजेक्ट के लिए थीम बेस्ड डिजाइन तैयार किया है। भवन में कमल के फूल की थीम होगी। पूरी इमारत वातानुकूलित होगी, जिसमें ढाई मंजिला संरचना में आठ लिफ्ट और चार एस्केलेटर भी लगाए जाएंगे।

### 16 हजार वर्ग फुट प्रदर्शनी हॉल

नगर आयुक्त ने सांसद को बताया कि आधुनिक कन्वेंशन सेंटर परियोजना की कुल लागत 80 करोड़ है। इसे दो चरणों में विकसित किया जा रहा है। आधुनिक कन्वेंशन सेंटर में बैठने की क्षमता के साथ अत्याधुनिक सभागार 16 हजार वर्ग फुट प्रदर्शनी हॉल, तीन सौ लोगों के बैठने की क्षमता सम्मेलन कक्ष, तीन संख्या- 100 क्षमता बैठक कक्ष, छह अतिथि कमरे, दो सुइट अतिथि कमरे, फुट फूड कोर्ट, 68 वाहनों की कवर्ड पार्किंग, आठ व्यावसायिक दुकानें, व्यापार केंद्र और रेस्टोरेंट इत्यादि की सुविधा होगी।

# पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन दिया

**कानपुर।** मंगलवार को टेंपो, ऑटो, टैक्सी संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से कार्यालय में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने बताया कि नगर निगम के वैध ऑटो, टेंपो स्टैंड पर वाहनों को खड़ा करवाने व सुगम यातायात के लिए व्यवस्थित वाहन संचालन की मांग की गई। स्टैंडों पर गुंडागर्दी रोकने की मांग की गई। सुझाव दिया गया कि वाहन चालकों, टेंपो स्टैंड संचालकों के लिये पोशाक, नामपट्टिका और बैज नंबर निर्धारण, पहचान पत्र देने पर विचार किया जाए। पुलिस कमिश्नर ने ज्ञापन के सुझावों पर कई विभागों की बैठक बुलाकर समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा नाम कप्तान सोनकर अंकित है जो सही है। लेकिन मेरे पासपोर्ट (एल 9714780) में मेरा नाम त्रुटिवश सिर्फ कप्तान अंकित है जो गलत है। मेरा सही व पूरा नाम कप्तान सोनकर होना चाहिए, जो सही है। कप्तान व कप्तान सोनकर एक ही व्यक्ति का नाम है। **कप्तान सोनकर पुत्र धनीराम सोनकर निवासी ग्राम भुडकुड़ा पोस्ट रूपईडीह थाना इटियाथोक जिला गोंडा।**

**सूचना**

मेरा शस्त्र लाइसेंस नंबर 134 डीएमयू वास्तव में कहीं खो गया है। **गनेशराम यादव पुत्र बांकेलाल निवासी ग्राम बधुईया थाना सैफई जनपद इटावा**

**सूचना**

सूचित हो मैं मोहम्मद फैज़ पुत्र सैय्यद मो0 हसीब निवासी BN/198 माल गोदाम रोड मुनीराबाद, बाराबंकी ने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम बदलकर सैयद मोहम्मद फैज़ रख लिया है।




The Ano-Rectal Clinic

Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण

लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज



क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com 7388913338, 8005423919


**आज का मौसम**
तेज धूप खिली रहेगी। तेज हवा भी चलेगी

| 25.0° | 10.8° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06 : 34 | सूर्यास्त 06 : 09 |

## शहर में आज

- **मैच :** अंडर 23 के तहत यूपी व सौराष्ट्र के बीच ग्रीन पार्क में मुकाबला सुबह नौ बजे से।
- **प्रतियोगिता :** सीएसजेएमयू में नेशनल चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन सुबह 10 बजे।
- **बैठक :** लोकसभा चुनाव के संबंध में सपा कार्यालय में पदाधिकारियों व कार्यकर्ता की बैठक तीन बजे।
- **टूर्नामेंट :** केडीएमए क्रिकेट लीग के तहत सप्रू मैदान में टूर्नामेंट सुबह 11 बजे।

## एक नजर

### दो पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**कानपुर।** काकादेव पुलिस ने दो अभियुक्तों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की है। थाना प्रभारी काली प्रसाद गौड़ ने बताया कि शास्त्री नगर निवासी अजय को गैंग लीडर व उसके साथी शिवम भाटिया को गैंग का सदस्य बनाया गया है।

### ई रिक्शा में अधिवक्ता की जेब कटी

**कानपुर।** शहर में शातिर जेबकतरों के गिरोह सक्रिय हैं। ई रिक्शा और ऑटो में गैंग के सदस्य चलते हैं। बाबूपुरवा थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में ई रिक्शा में बैठे अधिवक्ता की जेब काटकर 32 हजार रुपये निकाल लिए गए।



बंद पड़ा पुराना गंगा पुल। अमृत विचार

# बंद पुराना गंगा पुल बनेगा पिकनिक स्पॉट

## नगर निगम खाने-पीने के नये 30 स्टॉल लगवाएगा, नगर आयुक्त ने किया दौरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पुल के पास सफाई के साथ लाइटिंग भी की जाएगी

**अमृत विचार।** बंद हो चुका पुराना गंगा पुल को अब पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किया जायेगा। आकर्षण बढ़ाने के लिये नगर निगम ने तैयारी शुरू कर दी है। यहां से लोग गंगा दर्शन भी कर सकेंगे। इसके साथ ही खाने-पीने का लुत्फ उठा सकेंगे। मंगलवार को नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने पुल का निरीक्षण कर साफ-सफाई के साथ ही यहां 30 नये खाने-पीने के स्टॉल लगवाने के निर्देश दिए। डूडा से पात्र लोगों की लिस्ट मांगी गई है। उन्हें यहां जगह आवंटित की जाएगी।

नगर आयुक्त ने गंगा पुल के गेट से पुलिस चौकी तक व्यू-कटर लगाने का काम होता हुआ पाया। उन्होंने यहां सड़क की साइड पटरी पर स्थित अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिये। यहां युद्धस्तर पर सफाई नगर निगम कराएगा। अगले दो दिन में पूरी तरह सफाई की जायेगी। इसके साथ ही आकर्षण बढ़ाने के लिये लाइटिंग करने को कहा है। नगर आयुक्त ने बताया कि नए गंगा पुल के नीचे से लेकर पुराने गंगा पुल तक जगह-जगह मलबे के ढेर पड़े हुए हैं। उन्हें भी हटवाया जाएगा। सड़क के दोनों ओर बह रहे पानी की निकासी कराई जाएगी। मौके पर स्थित दो शौचालय बंद पड़े मिले। नगर आयुक्त ने कहा कि कैंट बोर्ड से एनओसी ली जाए। इसका संचालन नगर निगम कराएगा। नवीन पुल के अंडरपास से लेकर झाड़ी बाबा तक दोनों ओर का अतिक्रमण हटाया जाएगा। निरीक्षण के समय नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमित सिंह, परियोजनाधिकारी डूडा तेज कुमार, जोनल स्वच्छता अधिकारी मनोज पाल, इंचार्ज रबिश डिपो रहमान मौजूद रहे।

### 5 अप्रैल 2021 को पुल किया गया बंद

147 वर्ष पहले अंग्रेजों के शासन में बनवाए गए पुराने गंगापुल के कई पिलरों पर बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गई थीं। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने तत्कालीन जिलाधिकारी को पुल की कोठियों में दरारों की जांच करने के बाद रिपोर्ट दी थी कि अब यह पुल वाहनों के आवागमन के योग्य नहीं बचा है। जिसपर कानपुर के तत्कालीन जिलाधिकारी आलोक तिवारी ने इसे बंद करा दिया था। 5 अप्रैल 2021 को इस पुल को पूरी तरह से बंद कर दिया गया था।



बंद पुराना गंगा पुल का निरीक्षण करते नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन।

# गंगा में डूब गया रिवर फ्रंट का सपना

**हवा-हवाई प्रोजेक्ट**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गंगा किनारे अटल घाट से सिद्धनाथ घाट तक बनाया जाना है रिवर फ्रंट
- 2022 में नए सिरे से प्रस्ताव बनाने की पहल के बाद ठंडे बस्ते में फाइल

> गंगा रिवर फ्रंट की योजना में जैसे ही उच्च अधिकारियों की ओर से निर्देश मिलेंगे, काम तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा।
>
> – शत्रोहन वैश्य, सचिव, केडीए

**अमृतविचार।** शहर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए साबरमती और गोमती नदी की तर्ज पर अटल घाट से सिद्धनाथ घाट तक गंगा रिवर फ्रंट बनाने की योजना दम तोड़ गई है। सीएम योगी की पहल पर वर्ष 2022 में योजना का प्रस्ताव नए सिरे से तैयार करने की केडीए ने शुरुआत की थी, लेकिन एक बार फिर फाइल ठंडे बस्ते में चली गई है। पूर्व मंडलायुक्त डॉ. राजशेखर ने इस योजना के लिए केडीए को नोडल एजेंसी बनाने की स्वीकृति दी थी। इसके साथ ही सिंचाई विभाग या पर्यटन विभाग से प्रस्ताव तैयार कराने पर हामी भरी थी। लेकिन, आज तक इस पर दोनों विभागों ने कोई काम आगे नहीं बढ़ाया है।

शहर में पर्यटन की नई छटा बिखेरने के लिए गंगा बैराज से जाजमऊ तक 12 किलोमीटर के क्षेत्र को हरीतिमा युक्त पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किया जाना है। इसके तहत यहां मनोरंजक गतिविधियों के साथ तटों के किनारे पार्क, बच्चों के लिए झूले, रेस्टोरेंट बनाए जाने हैं। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, लैंडस्केपिंग, जॉगिंग ट्रैक, पाथ-वे के साथ ही घाटों पर फूड-कोर्ट भी बनना है। इससे यहां आने वाले पर्यटकों को घूमने और बैठने के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध हो सकेगा। जॉगिंग और साइकिलिंग ट्रैक समेत लैंडस्केपिंग बनाने की भी योजना थी, ताकि लोग सुबह-शाम आकर गंगा नदी के किनारे टहल सकें। लेकिन अधिकारियों की हीलाहवाली और बजट का प्रावधान न हो पाने की वजह से योजना आगे नहीं बढ़ सकी है।



बोट क्लब संवरा लेकिन रिवर फ्रंट अधूरा। अमृत विचार

### गंगा की लहरों में क्रूज भी चलता

शहर में अभी गंगा के घाटों पर बोट व नाव चल रही हैं। केडीए ने गंगा बैराज पर बोट क्लब भी तैयार किया है। जहां लोग पिकनिक मनाने जाते हैं। लेकिन गंगा रिवर फ्रंट बनने के बाद गंगा नदी में बड़ी बोट या वाराणसी की तर्ज पर क्रूज का भी संचालन किया जाने की बात कही गई थी। इससे लोग 12 किलोमीटर के क्षेत्र का भ्रमण इसके माध्यम से करते हुए गंगा की लहरों के साथ घाटों की खूबसूरती निहार सकते। लेकिन यह सब फिलहाल कागजों से बाहर नहीं आ सका है।

### नौ वर्ष पहले बनी योजना

केडीए ने गंगा रिवर फ्रंट की योजना नौ वर्ष पहले बनाई थी। इस पर 300 रुपये करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव किया गया था। गंगा के किनारे 1100 एकड़ जमीन भी चिह्नित करके मार्जिनिल बांध बनाने का प्रस्ताव किया गया था। लेकिन इस पर जल संसाधन मंत्रालय से स्वीकृति नहीं मिलने और देरी होने की वजह से केडीए को इस प्रस्ताव से पीछे हटना पड़ा था। इसके बाद 2022 में प्रोजेक्ट का खाका फिर से तैयार करने की पहल हुई लेकिन फाइल आगे नहीं बढ़ी है।



अबंडेकरपुरम में जांच करती कल्याणपुर पुलिस। अमृत विचार

# प्रेमी की शादी में डांस किया फिर फांसी लगाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नगर निगम में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर थी कार्यरत
- कल्याणपुर थानाक्षेत्र की घटना, साढ़ की थी रहने वाली

**अमृत विचार।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में नगर निगम में संविदा पर कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर युवती ने प्रेमी की शादी के दिन फांसी लगाकर जान दे दी। उसने दो पन्ने का सुसाइड नोट लिखा था। चर्चा है कि प्रेमी की शादी में प्रेमिका ने जमकर डांस किया, इसके बाद देर रात कमरे में पहुंचकर मौत को गले लगा लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

साढ़ थानाक्षेत्र के चंदौली गांव निवासी किसान रामनारायण यादव की 25 वर्षीय बेटी संगीता कल्याणपुर के अंबेडकरपुरम में छह माह से किराए पर एक सहेली के साथ रह रही थी। संगीता के मामा मान सिंह ने बताया कि तीन वर्ष पूर्व नगर निगम में भांजी की संविदा पर नौकरी लगी थी। बताया कि मंगलवार सुबह संगीता का शव कमरे में फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव निकाला। फोरेंसिक ने साक्ष्य एकत्रित किए। मकान मालिक ने पुलिस को बताया कि कमरा किराए पर लेते समय उसने अपने को शादी शुदा बताया था। कल्याणपुर पुलिस के अनुसार पता चला है कि उसका प्रेमी विकास भवन में संविदा पर कंप्यूटर ऑपरेटर है। सोमवार को प्रेमी की किसी अन्य युवती से शादी थी। प्रेमी ने संगीता को भी निमंत्रण दिया था। जहां संगीता ने जमकर डांस किया था। इसके बाद रात में कमरे में लौटकर फांसी लगा ली। कल्याणपुर पुलिस ने बताया कि दो पन्ने का सुसाइड नोट मिला है जिसमें लिखा है कि सॉरी मम्मी पापा मैं अपनी मर्जी से जान दे रही हूं। मेरा भारतीय स्टेट बैंक में खाता है, जो पैसे हैं उसे निकाल लेना। कमरे में जो भी सामान रखा हुआ है, उसको भी ले लेना। इस संबंध में एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडेय ने बताया कि परिजनों की तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग की पुष्टि हुई है।

# पत्नी को आत्महत्या को उकसाने में सात साल कैद



कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एडीजे 13 की कोर्ट ने सुनाया फैसला, छह हजार जुर्माना

**अमृत विचार।** पत्नी को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के मामले में एडीजे 13 कोर्ट ने पति को दोषी पाकर सात साल कैद की सजा सुनाई। पति शादी के एक माह बाद से ही व्यापार के लिए पत्नी से एक लाख रुपये की मांग कर रहा था।

पीड़ित सुरेश कुमार गुप्ता ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी राखी का विवाह 24 फरवरी 2020 को मुंशीपुरवा निवासी धर्मेंद्र गुप्ता से किया था। शादी के एक माह बाद से ही धर्मेंद्र राखी से व्यापार के लिए एक लाख रुपये की मांग करने लगा था। असमर्थता जताने पर धर्मेंद्र समेत ससुरालीजन राखी को प्रताड़ित करने लगे। कुछ माह बाद राखी अपने मायके आ गई थी। सुरेश ने बताया था कि 11 अगस्त 2020 को दामाद धर्मेंद्र बेटी को ले गया था। अगले दिन सुबह करीब साढ़े आठ बजे बेटी की मौत की जानकारी मिली। उन्होंने बाबूपुरवा थाने में आरोपी के खिलाफ दहेज प्रथा समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। मामला एडीजे 13 सुरेंद्र पाल सिंह की कोर्ट में विचाराधीन था। एडीजीसी सुशील कुमार पांडेय ने बताया कि कोर्ट ने धर्मेंद्र को विवाहिता को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने का दोषी मानते हुए सात साल की सजा व छह हजार रुपये जुर्माना लगाया।

### युवक को घायल करने में तीन साल की कैद

**कानपुर।** युवक को लाठी डंडों से पीट कर घायल करने के चार आरोपियों को एडीजे छह की कोर्ट ने तीन साल की सजा सुनाई। पीड़ित श्याम सुंदर ने 17 सितंबर 2013 को सचेंडी थाने में मनोज सिंह, विनोद सिंह, शत्रुघन सिंह व ओंकार सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। श्याम सुंदर ने बताया था कि 17 सितंबर की रात करीब साढ़े आठ बजे वह भौंती अंडरपास के पास से गुजर रहा था। वहां घात लगाए आरोपियों ने उसे लाठी-डंडे व बंदूक की बट से पीटा था। जिसमें वह घायल हो गया था। मामला एडीजे छह अवनीश कुमार की कोर्ट में था। एडीजीसी विनोद त्रिपाठी ने बताया कि कोर्ट ने चारों आरोपियों को तीन साल की सजा व 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया है।

# मां-बेटे को पीटने पर दो सगे भाइयों को कैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** घर के दरवाजे पर बैठे मां बेटे को पीटने के मामले में विशेष न्यायाधीश एससीएसटी की कोर्ट ने दो भाइयों चार-चार साल कैद की सजा सुनाई। वर्ष 2021 में चकेरी थानाक्षेत्र निवासी महिला व उसके बेटे पर पड़ोसियों ने हमला किया था।

कोयला नगर, आदर्श विहार निवासी कृष्णावती सोनकर ने क्षेत्र में ही रहने वाले अंकित पाल, उसके भाई अनुज, मां शीला व बहन पूजा पाल के खिलाफ चकेरी थाने में 30 जनवरी 2021 में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कृष्णावती ने बताया था कि वह अपने छोटे बेटे आशीष के साथ घर के दरवाजे पर बैठी थी। इसी दौरान अंकित, अनुज, शीला व पूजा आए और गाली गलौज व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए कृष्णावती संग मारपीट की। कृष्णावती बेटे आशीष को लेकर घर के अंदर भागीं तो उक्त लोगों ने घर में घुसकर भी मारपीट की। आशीष के सिर व सीने में गंभीर चोट आई थी। कृष्णा ने आरोपियों के खिलाफ चकेरी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट विकास गोयल की कोर्ट में विचाराधीन था। विशेष लोक अभियोजक एससीएसटी एक्ट प्रदीप पचौरी व आशीष सिंह भदौरिया ने बताया कि कोर्ट ने अंकित व भाई अनुज को दोषी पाते हुए चार-चार साल कैद की सजा व 20-20 हजार रुपये जुर्माना लगाया।

# संयुक्त मंत्री प्रकाशन पद पर निर्णय आज

**कानपुर।** लॉयर्स एसोसिएशन चुनाव में संयुक्त मंत्री प्रकाशन पद के विवाद पर एल्डर्स कमेटी ने विचार विर्मश किया। इस दौरान बैठक में बुधवार को अंतिम निर्णय लेने की बात कही गई। संयुक्त मंत्री प्रकाशन पद के विवाद पर बार काउंसिल ने भी हस्तक्षेप किया था और एल्डर्स कमेटी को दोबारा मतगणना को कहा था।

इस बीच बैठक में कार्यकारिणी सदस्य की मतगणना दोबारा कराये जाने की मांग अधिवक्ता प्रमोद कुमार और शिवम कुमार ने की। इस दौरान एल्डर्स कमेटी ने कार्यकारिणी सदस्य की दोबारा मतगणना की अर्जी को खारिज कर दिया। कहा गया कि मतपतों को मतगणना के बाद मौके पर ही नष्ट कर दिया जाता है।

**छानबीन** आगरा के सॉल्वर गैंग ने अधिवक्ता को दिया था पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर

# पेपर लीक में आगरा, प्रयागराज कनेक्शन

**फालोअप**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




- जेल भेजे गए अधिवक्ता के मोबाइल में कई विभागों के सॉल्व पेपर मिले
- कई जगह एसटीएफ की छापेमारी, कई लोगों को उठाया गया



**अमृत विचार।** उत्तरप्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में एसटीएफ की ताबड़तोड़ छापेमारी जारी है। एसटीएफ की टीम को कई महत्वपूर्ण जानकारियां हाथ लगी हैं। अब तक की जांच के अनुसार प्रयागराज से पर्चा आउट कराने का सुराग मिला है। इस मामले में आगरा के एक सॉल्वर गैंग का भी पता चला है जिसने यहां के अधिवक्ता आशीष सचान को पेपर दिया था। पेपर किन-किन व्यक्तियों के हाथों से होता हुआ अधिवक्ता तक पहुंचा, इसकी जानकारी एसटीएफ जुटा रही है। आगरा के सॉल्वर गैंग के पीछे एसटीएफ लगी है।

लखनऊ एसटीएफ कई दिन से कानपुर में डेरा डाले है। पेपर लीक मामले में छह लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मंगलवार को एसटीएफ ने कानपुर के कई इलाकों में छापेमारी की और कई लोगों को उठाया। कई कोचिंग संचालकों से भी पूछताछ की जा रही है।

पेपर लीक मामले में जेल भेजे गए अधिवक्ता आशीष सचान के संदिग्ध संपर्क भी तलाशे जा रहे हैं। सूत्रों की मानें तो एसटीएफ की अब तक की जांच में पेपर प्रिंटिंग प्रेस से लीक होने का पता चला है। इसके तार प्रयागराज से जुड़े हैं। यह भी पता चला है कि पेपर आउट कराने में आगरा का एक गैंग भी सक्रिय था। एसटीएफ की टीम को अधिवक्ता आशीष सचान के मोबाइल में कई विभागों के पुराने सॉल्व पेपर मिले हैं। उसके मोबाइल का व्हाट्सएप डेटा रिकवर करने के लिए आगरा फोरेंसिक लैब मोबाइल भेजा गया है। इसके साथ ही अधिवक्ता की कॉल डिटेल भी निकलवाई जा रही है।

एसटीएफ कानपुर टीम के प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है। अगर जरूरत पड़ी तो जेल में आशीष सचान और उसके भाई व गुर्गों से पूछताछ की जाएगी। अधिवक्ता के पास से पेपर लीक कांड से जुड़े कई सुराग मिले हैं। इन्हीं बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

# बिना जांच 79 साल के बुजुर्ग पर मुकदमा दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** काकादेव थानाक्षेत्र में किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में आरोपी पक्ष पुलिस कमिश्नर ऑफिस पहुंचा। आरोप लगाया कि पुलिस ने बिना जांच किए 79 साल के बीमार बुजुर्ग को मुकदमे में नामजद कर दिया। उन लोगों ने मुकदमा दर्ज कराने वाली सावित्री टंडन पर मकान कब्जाने का आरोप लगाया।

16 फरवरी को विजय नगर के अनूप टंडन की बेटी की संदिग्ध अवस्था में जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई थी। चार दिन बाद किशोरी की मां सावित्री टंडन, पिता अनूप टंडन पुलिस कार्यालय पहुंचे जहां सावित्री बेहोश हो गई थी। काकादेव पुलिस ने कमल मिश्रा, 79 साल के रामकेवल गुप्ता, राकेश गुप्ता, हरीशचंद्र, विनेश गुप्ता को नामजद किया था। इन सभी पर हत्या, छेड़छाड़, पॉक्सो समेत साजिश का मुकदमा दर्ज कर लिया था। मंगलवार को कमल मिश्रा को छोड़कर बाकी के आरोपी पुलिस कमिश्नर के यहां पहुंचे। उक्त लोगों ने कहा कि तहरीर में खुद पीड़िता लिख रही है कि घटना वाले दिन कमल मिश्रा साथ था।, वह बेटी पर हाथ उठा रही थी तो कमल ने रोका। जिसके बाद बेटी को कोई दवा दी उसकी हालत बिगड़ गई। उनकी आज तक कमल से न कोई बात हुई न कभी मिले। कमल मिश्रा, सावित्री टंडन की सहेली का पति है जिसके चलते उसे किराए पर मकान दिया था। सावित्री ने उनके मकान पर कब्जा किया जिसका मुकदमा चल रहा है। इसी मुकदमे के खुन्नस में फर्जी आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज करा दिया। डीसीपी सेंट्रल ने कहा कि जांच की जा रही है।

## एक नजर

### गबन में रिपोर्ट और वसूली के आदेश

**रसूलाबाद।** ग्राम पंचायत नौहानौगांव में ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव द्वारा सरकारी धन का दुरुपयोग कर लाखों रुपये के गबन के मामले में डीएम ने जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज कर वसूली के आदेश दिए हैं। जांच में 2 लाख 99 हजार पांच सौ सत्तर रुपये का गबन पाया गया। डीएम आलोक सिंह ने गबन की गई धनराशि की वसूली करने और ग्राम प्रधान मुकेश कुमार और पंचायत सचिव दीपक त्रिपाठी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए हैं।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**पुखरायां।** शिवली थाना क्षेत्र के गहरा गांव के सर्वेश कुमार (28) अपने मित्र गजनेर थाना क्षेत्र के रानियां सेंधा गांव के रामशंकर (30) के साथ बाइक से चैरा गांव रिश्तेदारी में जा रहे थे। सिखमापुर मोड़ के पास बाइक में अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों लोग घायल हो गए। स्थानीय लोग घायलों को सीएचसी लाये जहां पर प्राथमिक उपचार किया गया।

### करंट से किशोर झुलसा

**कानपुर देहात।** रसूलाबाद क्षेत्र के नारखुर्द गांव निवासी शरद कुमार का बेटा पीयूष 17 सबमर्सिबल पंप चालू कर रहा था, इसी दौरान वह करंट की चपेट में आकर झटके से दूर जा गिरा। वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# अपहरणकर्ता कैमरों में कैद पर पकड़ नहीं पा रही पुलिस

## 35 कैमरे खंगाले, पुलिस को मिले अपहरणकर्ताओं के फुटेज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** फीलखाना थानाक्षेत्र से अपहरण किए गए दो वर्षीय बच्चे कार्तिक की तलाश में पुलिस चौथे दिन भी फेल साबित हुई। बच्चे की खोज में पुलिस की सात टीमें लगी हुई हैं। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को कुल 35 कैमरों को खंगाला गया। एक निजी कार का शोरूम, एक होटल के बाहर लगे कैमरे में अपहरणकर्ताओं के फुटेज मिले हैं, जिन्हें परिजनों को दिखाया गया है, परिजनों ने कार्तिक की पहचान भी की है।



कार्तिक।

उन्नाव के सफीपुर निवासी छोटू राजपूत फूलबाग फलमंडी के पास रहते हैं। शनिवार शाम छोटू का दो साल का बेटा कार्तिक बड़ी बहन वैष्णवी और भाई शिब्बू के साथ फुटपाथ पर खेल रहा था। शाम करीब 4.40 बजे बाइक सवार दो मास्क लगाए बदमाश आए कार्तिक को उठा ले गए। डीसीपी ने बताया कि बाइक सवार अपहरणकर्ता या तो रेलवे स्टेशन की तरफ गए या फिर कैंट की तरफ भागे हैं। कैंट की तरफ जाने की उम्मीद ज्यादा है, दोनों तरफ के फुटेज बुधवार को चेक कराए जाएंगे। इस मामले में क्राइम ब्रांच की एक टीम शुक्लागंज तो दूसरी टीम कानपुर देहात में कार्तिक की सुरागरसी कर रही है। पुलिस का मानना है कि अपहरण की वजह सामने नहीं आ पा रही है। कार्तिक का परिवार बेहद गरीब है, वह फिरौती भी नहीं दे सकता है। लिहाजा मानव तस्करी पर पुलिस का शक जा रहा है।

### पनकी की ओर जाते हुए दिखे चेन लुटेरे

**कानपुर।** बर्रा व गुजैनी थानाक्षेत्र में पिछले मंगलवार को एक घंटे में दो महिलाओं की चेन लूटने वाले बाइक सवार लुटेरों की फुटेज पनकी की ओर जाते हुए मिली है। लुटेरों की तलाश में लगी दोनों थानों की टीमों ने करीब 150 सीसीटीवी कैमरों की जांच की, जिसमें यह खुलासा हुआ है। जरौली फेस वन निवासी देववती बेटी एकता के साथ बीते मंगलवार को कर्रही भारत गैस एजेंसी के पास स्थित एक डॉक्टर की क्लीनिक गई थीं। सुबह करीब 11 बजे क्लीनिक से लौटने के दौरान पीछे से आए बाइक सवार दो लुटेरों ने चेन तोड़ ली थी। इसके बाद एक घंटे के अंदर लुटेरों ने गुजैनी अंबेडकर नगर निवासी जयदेवी की चेन भी तोड़ ली थी और फरार हो गए थे। जिसके बाद से पुलिस लुटेरों की तलाश में जुटी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक लुटेरे वारदात को अंजाम देने के बाद पनकी की ओर भागे हैं। सीसीटीवी कैमरों में दोनों लुटेरे कैद हो गए हैं। उनकी बाइक नीले रंग की थी।

## डिपो में चालक का शव रखकर हंगामा

**कानपुर।** अयोध्या डयूटी के दौरान ई बस चालक की हार्टअटैक से मौत पर परिजनों ने अहिरवां स्थित डिपो में शव रखकर हंगामा किया। अधिकारियों पर सहयोग न करने का आरोप लगाया। साथ ही मुआवजे की मांग की।

पिपरगवां ग्राम कुईहर निवासी 40 वर्षीय सुरेंद्र पाल ई बस चालक थे। परिवार में पत्नी नीलम और बेटा निशांत व बेटी नीशू है। सुरेंद्र के भाई दीपक पाल ने बताया कि अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान सुरेंद्र की वहां डयूटी लगाई थी। तब से वहीं पर डयूटी कर रहे थे। ड्यूटी के दौरान सुरेंद्र को हार्टअटैक आया। साथी कर्मचारियों ने उन्हें अयोध्या के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन हालत गंभीर होने पर लखनऊ के राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। जहां पर डॉक्टरों ने जवाब दे दिया। जिस पर परिजनों ने उन्हें कार्डियोलॉजी में भर्ती कराया। जहां पर मंगलवार शाम उनकी मौत हो गई। इसके वाद परिजन शव लेकर ई बस डिपो पहुंचे। जहां पर उन्होंने मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा किया। साथ ही आरोप लगाया कि घटना के बाद कोई भी अधिकारी उन्हें देखने तक नहीं आया।

# फातिमातुल दो वर्गों में रहीं अव्वल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** स्पेशल ओलंपिक्स भारत की ओर से आयोजित मानसिक दिव्यांग पावर लिफ्टिंग नेशनल चैंपियनशिप में मंगलवार को कर्नाटक की फातिमातुल अफरीना का जलवा रहा। फातिमातुल ने दो कैटेगरी में प्रथम स्थान हासिल किया। एक कैटेगरी में यूपी की रिमी अव्वल रहीं।

सीएसजेएम विवि के बहुउद्देशीय हॉल में आयोजित पावर लिफ्टिंग (महिला व पुरुष) में मंगलवार को स्क्वाट, बेंच प्रेस, डेड लिफ्ट प्रतियोगिता हुई। पहली प्रतियोगिता महिला वर्ग में 16 से 21 आयु वर्ग में 52 किलो वेट कैटेगरी की हुई। जिसमें स्क्वाट स्पर्धा में कर्नाटक की फातिमातुल अफरीना ने 37.5 किलो भार के साथ प्रथम, महाराष्ट्र की झांसी निषाद ने 30 किलो के साथ द्वितीय और उत्तर प्रदेश की रिमी ने 27.5 किलो भार के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। बेंच प्रेस में यूपी की रिमी प्रथम, कर्नाटक की फातिमातुल अफरीना द्वितीय व महाराष्ट्र की जानसी निषाद तीसरे स्थान पर रहीं। डेड लिफ्ट प्रतियोगिता में कर्नाटक की फातिमातुल आफरीना प्रथम, यूपी की रिमी द्वितीय और महाराष्ट्र की जानसी निषाद ने तीसरा स्थान हासिल किया। स्पेशल ओलंपिक्स भारत के पावर लिफ्टिंग नेशनल डायरेक्टर राजशेखर के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने जमकर जोर आजमाइश की। चैंपियनशिप में कानपुर के कुश चतुर्वेदी यूपी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। कार्यक्रम संयोजक संजीव पाठक, यूपी स्पेशल ओलंपिक भारत के अध्यक्ष मुकेश शुक्ला, सह संयोजक डॉ. अभिषेक चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।



खिलाड़ी कुश चतुर्वेदी डेड लिफ्ट करते हुए। अमृत विचार

### आटिज्म स्पेक्ट्रम डिसआर्डर से प्रभावित है कुश

चैंपियनशिप में यूपी के लिए पदक के दावेदार कानपुर निवासी 17 वर्षीय कुश चतुर्वेदी ऑटिस्म स्पेक्ट्रम डिसआर्डर से प्रभावित हैं। यह डिसआर्डर ऐसी मानसिक अवस्था है जो दूसरों से बातचीत करने, सीखने और व्यवहार के तरीकों को प्रभावित करता है। इस अवस्था मंर संवेदनाओं के प्रति बहुत अधिक या बहुत कम प्रतिक्रियाएं होती हैं। जिससे व्यवहार असामान्य लगता है। इस अवस्था में ध्यान केंद्रित करना कठिन होता है। इसके बावजूद कुश कई खेलों बैडमिंटन, हॉकी, रनिंग आदि के साथ पावरलिफ्टिंग में पारंगत हैं। वे बर्लिन समर ओलंपिक कैंप में ट्रेनिंग के लिए भी चुने गए थे।



ओपीएफ में डीएससी के स्थापना दिवस पर ग्रुप फोटो खिंचाई गई। अमृत विचार

# प्रतिष्ठानों की सुरक्षा में डीएससी अहम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- धूमधाम से मनाया गया डीएससी का 77वां स्थापना दिवस समारोह

**अमृत विचार।** ग्लाइडर्स इण्डिया लिमिटेड की इकाई आयुध पैराशूट निर्माणी (ओपीएफ) में डीएससी का 77वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। वक्ताओं ने कहा कि संगठन की रक्षा एवं सुरक्षा में डीएससी का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने जवानों की कर्तव्यनिष्ठा की भी सराहना की।

निर्माणी परिसर में आयोजित डीएससी के 77वें स्थापना दिवस पर विशेष समारोह के दौरान ओपीएफ के महाप्रबंधक बालासुब्रमणियम ने डीएससी के जवानों की हौसला-अफजाई की।

इस अवसर पर ले.कर्नल समीर लांबा ने कहा कि डीएससी का स्थापना दिवस हमें प्रेरणा देता है, जिससे हम अपने राष्ट्र के प्रति निष्ठा एवं समर्पण को व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि डीएससी की स्थापना का मुख्य उद्देश्य आयुध निर्माणियों एवं अन्य रक्षा प्रतिष्ठानों की रक्षा के प्रति पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध रहना है।

इस समय डीएससी में बड़ी संख्या में नई यूनिटों के गठन को मंजूरी मिली है। हम सभी अपनी पूर्ण दक्षता और समर्पण भाव के साथ अपने कर्तव्यों का हमेशा निर्वहन करते रहेंगे। समारोह में संयुक्त महाप्रबंधक एस बनर्जी, विवेक गुप्ता, राम ज्ञान सिंह, कार्य प्रबंधक रूपेश कुमार, ओमेश सिन्हा, अमर दीप कुमार समेत डीएससी के सभी जवान उपस्थित रहे।

## नामी कंपनी के नकली पाइप बेच रहा था दुकानदार

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में नामी कंपनी के नकली पाइप बेचने पर कंपनी के अधिकारियों ने छापेमारी करके दुकानदार पर एफआईआर दर्ज कराई है। कंपनी प्रतिनिधि ने पुलिस के सहयोग से दुकान की तलाशी ली तो कंपनी के 328 नकली पाइप बरामद हुए।

हार्डवेयर पाइप बनाने वाली नामी कंपनी सुप्रीम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के नकली माल पकड़ने के लिए अधिकृत दिल्ली आधारित कंपनी के प्रतिनिधि दीवान सिंह ने कल्याणपुर पुलिस को कंपनी का नकली माल बिकने की सूचना दी थी। इस पर न्यू शिवली रोड पर स्थित न्यू द्विवेदी हार्डवेयर पाइंट इलेक्ट्रिक गुड्स दुकान पर छापा मारकर मुकेश कुरील को सुप्रीम कंपनी के नकली पाइप बेचते पकड़ा। पुलिस ने दुकान से 328 नकली सुप्रीम ब्रांड के पाइप बरामद किए। कंपनी प्रतिनिधि की तहरीर पर दुकानदार के खिलाफ कॉपीराइट व ट्रेडमार्क अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज की है।

# पोस्टर में प्रगति, रंगोली में हर्षिता और रील मेकिंग में अमन जीते

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।



विजयी बच्चे प्रमाणपत्रों के साथ। अमृत विचार

- रंगोली और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत

**अमृत विचार।** विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन पर मंगलवार को रंगोली और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) और एसएस फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित प्रतियोगिता में 40 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। रंगोली मेकिंग में हर्षिता और आकांक्षा, पोस्टर मेकिंग में प्रगति कमल और रील मेकिंग में अमन विजेता रहे।

विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन पर 6 फरवरी को रंगोली और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसके पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान सीएसजेएमयू के प्राध्यापक एवं यूपीएमआरसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने विजेताओं को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र दिए। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में दोबारा उपयोग और रिसाइक्लिंग के अभ्यास को बढ़ावा देने के लिए खुशियों का पोस्ट बॉक्स अभियान की भी शुरूआत की गई। इस मुहिम के तहत कानपुर मेट्रो के 3 स्टेशनों पर कलेक्शन बॉक्स (संग्रह पेटी) रखे गए हैं, जिनमें इस्तेमाल करने योग्य पुरानी वस्तुएं दान की जा सकती हैं। रिसाइक्लिंग और दोबारा उपयोग के अभ्यास को बढ़ावा देने के अभियान के तहत मेट्रो के 3 मेट्रो स्टेशनों, मोतीझील, विश्वविद्यालय और आईआईटी मेट्रो स्टेशन के कॉनकोर्स पर टिकट काउंटर के पास कलेक्शन बॉक्स रखे गए हैं। इन कलेक्शन बॉक्स में पुरानी पुस्तकें, कपड़े, खिलौने, जूते और दैनिक जरूरत का अन्य सामान दान कर सकते हैं। यह अभियान 5 मार्च तक चलेगा। जमा की गईं वस्तुएं एनजीओ के सहयोग से दोबारा उपयोग में लाई जाएंगी, जिससे पर्यावरण रक्षा के साथ जरूरतमंदों की सहायता होगी।

## युवकों को पीटते दरोगा का वीडियो वायरल

**कानपुर।** मंगलवार देर शाम नवाबगंज थानाक्षेत्र में जागेश्वर मंदिर के पास दो युवकों को पीटते हुए दरोगा का वीडियो वायरल हो गया। एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो डेढ़ माह पुराना अमरूद मंडी तिराहे के पास का है। दरोगा सुरेंद्र कुमार से वीडियो के संदर्भ में पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि मंडी में दो शराबी लड़ रहे थे। उन्हें समझाया गया तो वह अभद्रता करने लगे। जिस पर दरोगा ने पास पड़े बिजली के पाइप उठाकर उन्हें भय दिखाया। यह वीडियो वहां मौजूद किसी कथित पत्रकार ने बना लिया। आरोपी ने दरोगा से वीडियो न वायरल करने के एवज में रुपये की मांग भी की। दरोगा को कथित पत्रकार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिये हैं।

# सुगंध-सुरस निर्माण व उपयोग पर हुई चर्चा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



जानकारी देते विशेषज्ञ।

- सुगंध लेने और याद रखने के तरीके बताए गए

**अमृत विचार।** फजलगंज स्थित सुगंध एवं सुरस विकास केंद्र की विस्तार इकाई में मंगलवार को पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें सुगंध एवं सुरस निर्माण व इसके उपयोग पर केंद्र प्रभारी डॉ. भक्ति विजय शुक्ला ने व्याख्यान दिया। परफ्यूम ब्लेंडिंग के बारे में भी बताया। दूसरे सत्र में गुंजनधर गुप्ता, सुखदेव ने सुगंध कैसे याद रखें, इसपर चर्चा की। तीसरे सत्र में सभी प्रतिभागियों ने एरोमा केमिकल की सुगंध लेने व सुगंध को याद करने का अभ्यास किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. भक्ति विजय शुक्ला ने किया। इस मौके पर हरियाणा पलवल के डॉ. नागेंद्र सिंह, देहरादून के अरमान अग्रवाल, डॉ. रविंद्र सिंह, पीयूष चतुर्वेदी, रामचंद्र पाल, मृदुशी शुक्ला, तरुण चावला, अंकित प्रजापति, त्रिलोकी सैनी मौजूद रहे।

# वार्षिक खेल स्फूर्ति में छात्रों ने दिखाया दमखम



लंबी कूद में छात्राओं ने प्रतिभाग किया। अमृत विचार



दौड़ में भी दम दिखाया। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- यूपीटीटीआई में आयोजित हुई खेल प्रतियोगिता

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान (यूपीटीटीआई) में वार्षिक खेलकूद प्रातियोगिता स्फूर्ति का आयोजन मंगलवार को संस्थान प्रांगण में हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि जेएमडी के चेयरमैन संजीव दीक्षित, प्रो. गोपाल दीक्षित, अर्मापुर पीजी कालेज के प्राचार्य डॉ. मुकेश सिंह, संस्थान के निदेशक डॉ. गोविंदन नलनकिल्ली व स्फूर्ति के संयोजक डॉ. देवेंद्र प्रसाद ने किया।

जनरल कैप्टन उदयभान यादव व शीपा मौर्य, स्पोर्ट कैप्टन सचिन कुमारा व रीतू कुमारी ने मशाल लेकर क्रीड़ास्थल का चक्कर लगाया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने 100 व 400 मीटर दौड़, शॉटफुट, डिस्कस, जेवलिन थ्रो, लंबी कूद आदि में उत्साह से भाग लिया। प्रतियोगिता का संयोजन क्रीड़ा अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र प्रसाद ने किया। निदेशक डॉ. गोविंदन नलनकिल्ली ने कहा कि खेलकूद से अनुशासन आता है। पढ़ाई के साथ शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल में प्रतिभाग करना चाहिए। इस मौके पर प्रो. मुकेश कुमार सिंह, डॉ. नीलू कम्बों, डॉ. सुप्रियों चक्रवर्ती, प्रो. प्रशांत विश्नोई, प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. अरूण कुमार सिंह गंगवार, डॉ. इंद्र प्रकाश मिश्रा, डॉ. जेपी सिंह, डॉ. शिवगोविंद प्रसाद, दीपेन्द्र सिंह नयाल, राजेश वर्मा व अजय पांडेय मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



समाजसेवी संस्था ने बच्चों को दिया सामान। अमृत विचार

### छात्रावास के बच्चों को भेंट की भोजन सामग्री

**कानपुर।** सबसेवा चैरिटेबल ट्रस्ट की ट्रस्टी नीलिमा बाजपेई, पूजा, साक्षी ने मंगलवार को अनुपम व शिवांक बाजपेई की याद में काकादेव स्थित बिरसामुंडा छात्रावास में रहने वाले बच्चों को कपड़े और भोजन सामग्री प्रदान की। जरूरत का सामान पाकर बच्चों के चेहरों पर प्रसन्नता दिखी। इस मौके पर छात्रावास के कार्यकर्ता डॉ. रमाकांत, दिनेश कुमार, श्यामू मिश्रा मौजूद रहे।



सीएसए में आजाद को नमन किया। अमृत विचार

### चंद्रशेखर आजाद का मनाया बलिदान दिवस

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद का बलिदान दिवस मनाया गया। इस दौरान अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ सीएल मौर्य के नेतृत्व में सभी संकाय सदस्यों ने आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सप्त नदियों के जल के मिश्रण से प्रतिमा को स्नान कराया गया। मुख्य भवन के सामने प्रतिमा व शस्य विज्ञान विभाग के आसपास सभी ने श्रमदान कर साफ सफाई की। दीनदयाल नगर के नगर प्रचारक कार्तिक जी, स्वामीनाथन शाखा के अंशु सिंह, शाखा करवा के शाही जी, अन्य पदाधिकारी के साथ-साथ विद्यार्थी, शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मार्ग दुर्घटना में दो घायल

**कानपुर देहात।** नेहरू नगर निवासी रानू बेटा अयात (1) के साथ बाइक से खरीदारी करने आया था। वहां से घर वापस जाते समय अचानक बाइक अनियंत्रित होकर गिर पड़ी। हादसे में मासूम अयात गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे सीएचसी ले गये। वहां ईएमओ ने इलाज के बाद हैलट रेफर कर दिया। दूसरी ओर नेहरू नगर निवासी रंजीत कुमार वैन पलटने से गंभीर रूप से घायल हो गया। ईएमओ ने इलाज के बाद हैलट रेफर किया।

चुनाव की तैयारी | भाजपा का स्ट्रीट वेंडर व्यापारी सम्मेलन स्वरूप नगर में हुआ

# पूर्व की सरकारों में स्ट्रीट वेंडरों का होता था उत्पीड़न

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय। अमृत विचार

**अमृत विचार।** देश में जैसे ही मोदी सरकार आई वैसे ही 2014 में स्ट्रीट वेंडर एक्ट बनाया गया। पूर्व की सपा, बसपा, कांग्रेस की सरकारों में अराजक तत्वों द्वारा स्ट्रीट वेंडरों का उत्पीड़न किया जाता था। यह बात मंगलवार को भाजपा प्रदेश संयोजक अजीत प्रताप सिंह ने बाल निकुंज स्वरूप नगर में आयोजित स्ट्रीट वेंडर व्यापारी सम्मेलन में कही। संयोजक अजीत प्रताप सिंह एवं उत्तर जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने दीप प्रज्वलित कर और महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

अजीत प्रताप सिंह ने कहा कि स्ट्रीट वेंडर एक्ट के तहत किसी भी प्रकार का उत्पीड़न, बेदखल या छेड़छाड़ का डर नहीं है। आगे बढ़ने के लिए एक अनुकूल और भय मुक्त माहौल प्रदान करने का प्रावधान है। जिससे व्यापार भी बढ़ा है। भारत में रेहड़ी पटरी दुकानदारों को स्टॉल बनाकर दिए जा रहे हैं और प्रधानमंत्री सुनिधि योजना से रेहड़ी पटरी दुकानदारों को आर्थिक मदद भी दी जा रही है। जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने बताया कि कानपुर में सभी रेहड़ी पटरी दुकानदारों के हितों के लिए प्रदेश सरकार संकल्पित है।

सभी से आग्रह करना है कि अराजकतत्वों से मुक्त व्यापार करना है तो आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में मोदी जी के हाथों को मजबूत करने मे अपनी सक्रिय भूमिका निभायें।

कानपुर लोकसभा सीट को पांच लाख वोटों के अंतर से जीत हासिल करनी है। सम्मेलन की अध्यक्षता जिला संयोजक राकेश गुप्ता ने की। प्रदेश सह संयोजक शिव शंकर सैनी, क्षेत्रीय संयोजक प्रेमनाथ विश्नोई, महेश मिश्रा, महेंद्र तिवारी, गोपाल मिश्रा रहे।

### बूथ समिति सदस्यों और पन्ना प्रमुखों की बैठक

**कानपुर।** मंगलवार को बूथ चलो बूथ जीतो अभियान के तहत भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के प्रभारी अनूप गुप्ता ने किदवई नगर मंडल के केके गर्ल्स कॉलेज शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 318 में बूथ समिति के सदस्यों एवं पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक की। कहाकि बूथ कमेटी के लोग मोहल्ले के सभी प्रभावशाली लोगों की सूची बना कर उनसे संपर्क करें। साथ ही क्षेत्रीय जनता के सुख दुख में सहभागी बनें। कार्यकर्ता घर घर जाकर लोगों को पीएम और योगी सरकार की योजनाएं बताएं। बैठक में राष्ट्रपति द्वारा संसद में पढ़ा गया भाषण पढ़ा गया। शिवराम सिंह, प्रवीण मिश्रा,मुकेश कुरील, रामबहादुर यादव, विजया तिवारी,विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह, गणेश शुक्ला,राजन चौहान, मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी,वीरेंद्र दिवाकर आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### मल्टीलेवल पार्किंग का संशोधित ले-आउट मांगा

**कानपुर।** कचहरी परिसर में प्रस्तावित मल्टीलेवल पार्किंग का संशोधित ले-आउट कानपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने सीएंडडीएस से मांगा है। स्मार्ट सिटी ने भूमि के क्षेत्रफल का पूरा हिसाब मांगा है। इसके साथ ही पूरी जानकारी डीएम को देने के लिये कहा है। बता दें कि इससे पहले सीएंडडीएस ने नगर निगम से कचहरी परिसर पर दो जर्जर भवनों को हटाने व ध्वस्त करने के लिये पत्र लिखा था।

### कार की टक्कर से दो घायल, खंभा टूटा

**रूरा।** बाइक सवार अजब सिंह यादव ने बताया कि वह अपनी पुत्री व साले के साथ रूरा जा रहा था। बनीपारा में भट्ठे के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे पुत्री पल्लवी व साला अर्पित बुरी तरीके से घायल हो जबकि साले अर्पित का दाया पैर टूट गया ।मौके पर पहुंचे 112 के सिपाही शिशुपाल ने सभी घायलों को उपचार हेतु सीएससी भिजवाया। वही आगे जाकर कार सवार ने बनीपारा गांव में तकिया मोहल्ले के पास खाई बिजली खंभे के खंभे में टक्कर मार दी जिससे खंभा टूट गया और कार को खाई में कूदा दिया और और कार सवार फरार हो गया।

# दादानगर समानांतर पुल के पिलर बने, पीयर कैप लगाना शुरू किया

## खुशखबरी : एक चौथाई काम पूरा हुआ, अगले साल से वाहन भर सकेंगे फर्राटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृ विचार।** शहर के दक्षिण क्षेत्र से उत्तर इलाके में आने वाले लोगों के लिए खुशखबरी है। दादानगर समानांतर पुल का निर्माण कार्य एक चौथाई पूरा कर लिया गया है। पुल के दोनों ओर पिलर बनाकर खड़े कर दिए गए हैं। अब कार्यदायी संस्था ने पीयर कैप का निर्माण शुरू कर दिया है। इसके साथ ही समानांतर पुल के निर्माण में बाधा बन रही सीयूजीएल गैस पाइप लाइन भी शिफ्ट हो चुकी है। बुधवार को प्रगति रिपोर्ट मंडलायुक्त को सौंपी जाएगी।

दादानगर रेलवे क्रासिंग से लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए 53.77 करोड़ रुपये लागत से तैयार किए जा रहे दादानगर समानांतर पुल के लिए पिलर निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है। कार्यदायी संस्था साईं डेवलेपर ने पिलर के पीयर कैप लगाने का कार्य शुरू कर दिया है।


निर्माणाधीन दादा नगर समानांतर पुल अब लेने लगा आकार। अमृत विचार

पुल निर्माण में बाधा बनने वाली करीब 700 मीटर की सीयूजीएल कंपनी की गैस पाइप लाइन का शिफ्टिंग का कार्य पूरा होने से अब पुल निर्माण में और तेजी आएगी। सेतु निगम एई अनिल कुमार सागर ने बताया कि पुल निर्माण के लिए रेलवे ने अपने हिस्से वाले आरओबी का निर्माण करने के लिए डिजाइन तैयार कर लिया है। रेलवे अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जल्दी ही आरओबी का निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा। पुल निर्माण में बर्रा साइड की ओर 106.724 मीटर व विजय नगर साइड 91.56 मीटर पहुंच मार्ग तैयार किया जाएगा। इसके लिए सेतु निगम ने 46.81 करोड़ का अनुबंध किया है। बुधवार को पुल निर्माण की प्रगति रिपोर्ट मंडलायुक्त अमित गुप्ता को सौंपी जाएगी।

- 46.81 करोड़ से तैयार होगी पुल के दोनों ओर सड़क, रेलवे जल्द शुरू करेगा अपना काम

पुल निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। बर्रा व विजय नगर की ओर पिलर निर्माण कार्य पूरा होने के बाद पीयर कैप लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। गैस पाइप लाइन शिफ्टिंग के बाद लगभग 25 फीसदी काम पूरा हो चुका है। वर्ष 2025 तक पुल पर वाहन फर्राटा भरने लगेंगे। बुधवार को रिपोर्ट मंडलायुक्त को सौंपी जाएगी।

-अनिल कुमार सागर, एई, सेतु निगम

## 'आम' से टिकट? बौर लगी नहीं अउर भइया बौराए


तीरंदाज

साल भर में एक शेर एक ही बार पढ़ते और छापते हैं। 'इंसान के हाथों की बनायी नहीं खाते / हम आम के मौसम में मिठाई नहीं खाते।' राजनीतिक कनेक्शन भले ही खास बताया जाता हो पर इनका माध्यम 'आम' ही है। पता नहीं कानपुर में रहते हैं या कहीं और। एक जमाने में बांदा से टिकट मांग रहे थे। तब नेटवर्क बनाने का माध्यम 'आम' न होकर कवि सम्मेलन था। आयोजन भी कराया। लेकिन सही सटीक पैठ बन नहीं पाई। पिछले चुनाव की तरह अबकी बार भी मन ललचाया है। क्या करें, इस पार्टी का टिकट जीत की गारंटी देता है। तभी तो दिल्ली तक टिप्पस भिड़ाए हैं। खुद ही बताते हैं कि बड़े वाले नेता ने कहा कि जाओ तैयारी करो। दिल्ली में तुम्हारा क्या काम है? तो भइया खुश होकर लौट आए। दे पोस्टर, दे बैनर, दे होर्डिंग। बस लग रहा है जैसे घोषणा बाकी है। अब तो आम का मौसम भी आने वाला है। बौर लगी नहीं कि भइया बौराए हैं। हर साल होता है। आम पार्टी फेमस है। आम के माध्यम से राजनीतिक की पक्की सड़क पर चलकर दिल्ली पहुंचने का ख्वाब देखने लगे हैं। लेकिन टिकट न मिला तो कहो मारे गुस्से के अबकी आम पार्टी ही न दें। आकर्षक कार्ड में मरहूम मुनव्वर भाई का शेर छपा रहता है, 'इंसान के हाथों की बनायी नहीं खाते / हम आम के मौसम में मिठाई नहीं खाते।' सवाल है कि क्या आम इनको खास बना देगा?

### एक मिनट... चार सेट हैं, एक स्टैंडबाई में

अंदाज निराला है भइया का। कचहरी के इर्द-गिर्द अगिया बेताल की तरह रात में घूमते मिल जाएंगे। एक ही चर्चा करते हैं। वह भी इतनी साफगोई और गंभीरता से कि लगता है कि राजनीति के बड़े चाणक्यों को घाटों का पानी पिलाकर कानपुर कचहरी में टुनटुन के होटल आ गिरते हैं। आजकल भइया संजय सेठ को राज्यसभा में भेजने की मुहिम में जुटे थे। मित्र फोन करते हैं कि तो कभी लखनऊ विधानसभा में मौजूद होने की बात करते हैं तो कभी रॉयल होटल या मीराबाई मार्ग वीआईपी गेस्टहाउस। चुनौती है, सही बात निकाल ल्यो। कभी-कभी तो फुसफुसाहट सी आवाज निकालते हुए कहते हैं। दो विधायक अंदर बैठे हैं। बाद में बात करता हूं। भले ही दूध का पैकेट लिए लपकते हुए घर की तरफ जा रहे हों। या संडास में कब्ज लिए बैठे कांख रहे हों। टेलीफोनिक वार्ता की एक बानगी देखिए, 'हां बोलो जल्दी क्या बात है, आंयहां.. बस आला नेताओं के बगल में हूं। ईश्वर मुझसे पता नहीं क्या-क्या करा रहा है। भाई चार तो हमी ने सेट कर दिए। नहीं नहीं तुम फोन न करना। मैं करूंगा। तीन घंटे बाद। शाम को कॉफी पर बैठते हैं। सिर्फ हम और तुम। तब बताऊंगा पूरी स्टोरी। किसी को लीक न कर देना।' (और न जाने क्या-क्या खुसफुसाते हुए ओके बाय-बॉय डियर कहकर फोन काट देते हैं। भइया की सियासी आसमानी उड़ान है बहुत मजेदार। यही तो उनकी यूएसपी है।

### और अंत में...

तीरंदाज फिर आपकी सेवा में। अब आए दिन मुलाकात होती रहेगी। चुनाव जो आ गए हैं। चुनावी चखचख से लेकर जुमलेबाजी, नारेबाजी, भाषणबाजी, अड्डेबाजी। 12 मसाले 13 जायके के साथ तीरंदाज को पढ़िए, गुनिए और मौज लीजिए। हम आपको गुदगुदाते रहेंगे। जै-जै।

# वायरल फीवर में उखड़ी सांस, चार लोगों की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मौसम में बदलाव के कारण लोग तेजी से वायरल बुखार की चपेट में आ रहे है। गले में दर्द और सांस लेने में समस्या होने से लोगों का दम फूल रहा है। ऐसे में अस्थमा और सीओपीडी पीड़ित मरीजों को हालत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराना पड़ रहा है। मंगलवार को ऐसे ही चार लोगों ने सांस लेने में दिक्कत के चलते दम तोड़ दिया।

हैलट अस्पताल की ओपीडी में इस समय बड़ी संख्या में खांसी, जुकाम, बुखार, कमजोरी और गले में संक्रमण से ग्रस्त होकर मरीज पहुंच रहे है। इनमें से तमाम मरीजों को सीने में जकड़न के साथ सांस लेने में तकलीफ हो रही है। उधर, मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल में रोज 20-25 नए और औसतन 45 पुराने मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। उर्सला अस्पताल में भी प्रतिदिन 15 से 20 सांस के रोगी पहुंच रहे हैं। मौसम में बदलाव से सीना जकड़ने पर ज्यादा दिक्कत अस्थमा और सीओपीडी के मरीजों को हो रही है। हैलट में मंगलवार को पांच मरीज सीने में जकड़न व सांस में दिक्कत की समस्या होने पर भर्ती हुए। चेस्ट अस्पताल में नौ मरीजों को भर्ती किया गया। अफीम कोठी निवासी यूसुफ (80) सीओपीडी के मरीज थे, तबियत बिगड़ने पर परिजनों ने उर्सला में भर्ती कराया, जहां मौत हो गई। उर्सला अस्पताल से वायरल का इलाज करा रहे घुमनी बाजार निवासी गोपाल (62) ने सांस लेने में दिक्कत पर दम तोड़ दिया। लखनपुर निवासी मनोज (48) को वायरल बुखार के बाद निमोनिया हो गया था। चेस्ट अस्पताल में मौत हो गई। हैलट में नौबस्ता निवासी सांस रोगी किशोर (55) ने दम तोड़ दिया। मुरारी लाल अस्पताल के विभागाध्यक्ष डॉ.संजय वर्मा ने बताया कि मस्तिष्क में ऑक्सीजन की कमी से मरीज ऑल्टर्ड सेंसोरियम की स्थिति में जा रहे हैं।


हैलट अस्पताल की मेडिसिन ओपीडी में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

# बाल श्रम रोकें, बच्चों का स्कूलों में दाखिला कराएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य ने सर्किट हाउस में ली अधिकारियों की बैठक
- जागरूकता अभियान चलाकर बच्चों को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाएं

**अमृत विचार।** बाल श्रम की रोकथाम के लिए अभियान चलाकर रेसक्यू किए जाने वाले बच्चों का स्कूलों में दाखिला कराया जाए। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य अनीता अग्रवाल ने मंगलवार को सर्किट हाउस सभागार में समीक्षा बैठक में अधिकारियों को यह दिशा निर्देश दिए।

आयोग की सदस्य ने कहा कि बालश्रम पर अंकुश जरूरी है। बच्चों का शिक्षित होना समाज के हित में है। बच्चे ही देश का भविष्य हैं। बच्चों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाएं। सुनिश्चित करें कि जिले में बालश्रम न हो। जागरुकता के लिए विद्यालयों, शिक्षण संस्थानों के आसपास अभियान चलाया जाए।


सर्किट हाउस में बैठक लेतीं आयोग की सदस्य अनीता अग्रवाल व मौजूद अधिकारी।

**स्कूलों के आसपास नशे की बिक्री पर रोक लगाएं:** बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य ने जिला प्रोबेशन, बेसिक शिक्षा अधिकारी, पुलिस विभाग, श्रम विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि विद्यालयों के आसपास अभियान चलाकर नशे की सामग्री की बिक्री पर रोक लगाएं। इस पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं हो रही है। बच्चों को नशा सामग्री की बिक्री न हो यह भी सुनिश्चित करें। एक युद्ध-नशे के विरुद्ध अभियान के तहत प्रचार-प्रसार किया जाए। विद्यालयों में कार्यक्रम कराकर बच्चों को जागरूक करें।

### मदरसों में बच्चे यूनिफार्म पहन कर ही पढ़ने जाएं


मदरसों में बच्चों को आधुनिक शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। मदरसों में यूनिफार्म व्यवस्था लागू की गई है, इसलिए यह सुनिश्चित कराए कि शत प्रतिशत बच्चे यूनिफार्म में ही मदरसों में पहुंचे। बैठक में अपर नगर मजिस्ट्रेट ज्वाला प्रसाद, सहायक पुलिस आयुक्त मोशीन खान, सहायक श्रमायुक्त कीर्तिवर्धन, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रमेश एके रस्तोगी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## इरफान मामले में बचाव पक्ष ने बहस पूरी की

**कानपुर।** सपा विधायक इरफान सोलंकी के विरुद्ध आगजनी मामले में बचाव पक्ष के अधिवक्ता की ओर से मंगलवार को अंतिम बहस में कहा गया कि पुलिस के दबाव में गवाहों ने झूठे बयान कोर्ट में दिए है। मामले की अगली सुनवाई एक मार्च को होगी, जिसमें अभियोजन जवाब दाखिल करेगा।

सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी समेत पांच लोगों के खिलाफ आगजनी मामले में एमपीएमएलए कोर्ट में सुनवाई चल रही है। बीते सोमवार को पांचवें आरोपी इजराइल आटे वाले के अधिवक्ता की बहस पूरी हो गई थी। मंगलवार को बचाव पक्ष के अधिवक्ता सईद नकवी और शिवाकांत दीक्षित की ओर से दोबारा बहस शुरू की गई। अधिवक्ता सईद नकवी ने कोर्ट को बताया कि गवाहों के बयान झूठे हैं। पुलिस की ओर से पेश की गई सीडीआर व लोकेशन रिपोर्ट में भी अभियोजन पक्ष सपा विधायक की घटनास्थल पर मौजूदगी स्पष्ट नहीं कर पाया है।

# सोम गोयनका किराना मर्चेंट एसोसिएशन चेयरमैन बने


सोम गोयनका को बधाई देते विजय कपूर और सुरेंद्र गुप्ता गोल्डी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- किराना मर्चेंट की आम बैठक में सर्वसम्मति से हुआ चयन

**अमृत विचार।** किराना मर्चेंट एसोसिएशन की वार्षिक आम बैठक नयागंज स्थित कार्यालय में हुई जिसमें पहली बार एसोसिएशन की ओर से चेयरमैन का पद सृजित किया गया।

बैठक में गोल्डी मसाले के प्रबंध निदेशक सोम गोयनका को निर्विरोध चेयरमैन चुना गया। अवधेश बाजपेई को चौथी बार अध्यक्ष, अलंकार ओमर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विश्वनाथ गुप्ता को प्रचार मंत्री व अनुज कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष चुना गया। यह जानकारी किराना मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश बाजपेई ने दी। उन्होंने बताया कि पहले किराना मर्चेंट एसोसिएशन में चेयरमैन का पद नहीं होता था, लेकिन इस बार सोम गोयनका के लिए विशेष रूप से चेयरमैन पद का सृजित किया गया। उद्यमी अभिषेक कपूर मंत्री पद के लिए मैदान में हैं। कोपे एस्टेट के चेयरमैन विजय कपूर, गोल्डी समूह के प्रबंध निदेशक सुरेंद्र कुमार गुप्ता, किराना बाजार के व्यापारी मौजूद रहे।

# बिठूर से खेरेश्वर होते राधन तक सड़क बनेगी टू लेन, मांगे टेंडर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बिठूर से खेरेश्वर मंदिर शिवराजपुर होते हुए सैबसू के रास्ते राधन- बिल्हौर मार्ग को टू लेन बनाया जाएगा। इसके लिए 47.18 करोड़ रुपये मंजूर हुए हैं। यह मार्ग बिठूर से खेरेश्वर मंदिर तक टू लेन है लेकिन उसके आगे का रास्ता सिंगल लेन है। लोक निर्माण विभाग ने टेंडर मांगे हैं। 15 मार्च के बाद सड़क का निर्माण शुरू हो जाएगा।

सिंगल लेन पर दौड़ने वाले बालू और मिट्टी लदे ओवरलोड ट्रकों-डंपरों के कारण यह मार्ग पूरी तरह से टूट गया है। बिल्हौर भाजपा विधायक राहलु बच्चा ने इस मार्ग को टू लेन बनाने का प्रस्ताव दिया था। बिठूर से खेरेश्वर मंदिर होते हुए सैबसू - राधन को जोड़ने वाले इस मार्ग पर हर दिन सौ से अधिक ट्रक और डंपर दौड़ते हैं। बिल्हौर से राधन होते हुए खेरेश्वर मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में खासी परेशानी होती है। 15.65 किलोमीटर लंबे इस मार्ग को बनाने के लिए अब कवायद तेज हो गई है। लोक निर्माण विभाग की कोशिश है कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले ही कार्य शुरू हो जाए। मार्ग के चौड़ीकरण के लिए 47.18 करोड़ रुपये मंजूर हुए हैं। पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता संजीव भारद्वाज के मुताबिक जल्द ही काम शुरू होगा।



**15.65**
किमी लंबे इस मार्ग को बनाने के लिए कवायद हुई तेज

**47.18**
करोड़ रुपये से किया जाएगा निर्माण का कार्य

### भैरमपुर- कैंधा मार्ग का भी होगा चौड़ीकरण


**कानपुर।** भैरमपुर से चंद्रहासपुर होते हुए पंचापुरवा- रमईपुर- कैंधा मार्ग का निर्माण 23 करोड़ रुपये से किया जाएगा। यह मार्ग अब दो लेन बनेगा। इसके निर्माण के लिए शासन ने बजट मंजूर कर दिया है। इसी हफ्ते लोक निर्माण विभाग को बजट मिल जाएगा। विभाग की कोशिश है कि चुनाव आचार संहिता से पहले ही निर्माण का कार्य शुरू करा दिया जाए। भैरमपुर- रमईपुर- कैंधा मार्ग बिधनू के किसान नगर नहर से शुरू होता है। इस मार्ग के चौड़ा होने से 50 से अधिक गांवों की करीब 30 हजार से अधिक आबादी को लाभ होगा। अभी इस मार्ग से आवागमन में काफी दिक्कत आती है। इसके चौड़ीकरण के लिए पिछले साल विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने प्रस्ताव भेजा था जिसे अब मंजूरी मिली है। विधायक अभिजीत सिंह सांगा का कहना है कि निर्माण की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी।

# छह सब स्टेशनों में फाल्ट कटौती का संकट होगा दूर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गर्मी के मौसम में ओवरलोडिंग की वजह से पिछले वर्ष शहर के कई क्षेत्रों में एबी केबिलें जल गई थीं, इस कारण हजारों लोगों को बिजली संकट का सामना करना पड़ा था। यह स्थिति इस बार न हो, इसलिए केस्को ने 3.30 करोड़ रुपये से छह सबस्टेशनों में 11 केवी के एडीशनल सर्किट, फीडर बाइफरगेशन, अंडर ग्रांउड केबिल बिछाने का फैसला लिया है। इसके साथ ही 46 स्थानों पर एलटी एबी केबिल बदलने और एक्स्ट्रा सर्किट बनाने की भी योजना बनाई है। ताकि लोड आपस में बट सके और बिजली संकट न हो। इससे ओवरलोडिंग के कारण केबिल जलने और पॉवर कट होने आदि समस्या से राहत मिलेगी।

**11 केवी के जर्जर वैक्यूम सर्किट बदलेंगे :** केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला ने बताया कि 12 सबस्टेशनों में 11 केवी के पुराने और जर्जर वैक्यूम सर्किट व संभावित ट्रांसफार्मर बदलने को मंजूरी मिली है। पुराने व जर्जर वैक्यूम बदलने और संभावित ट्रांसफार्मर बदलने से सबस्टेशन से बेहतर बिजली आपूर्ति की जा सकेगी। म्योर मिल, सिविल लाइंस, कोपरगंज, आलूमंडी, साइकिल मार्केट व लालइमली सबस्टेशन में एक्स्ट्रा 33 केवी की लाइन बिछाई जाएगी।



- केस्को 3.30 करोड़ रुपये से कराएगा अंडरग्राउंड केबिल व सुधार कार्य

**आशाजनक परिणाम** | मस्तिष्क में ऑक्सीजन नहीं पहुंचने से बच्चों को होतीं जटिलताएं

# सेरेब्रल पाल्सी में स्टेम सेल उपचार से आया सुधार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** यदि आपका बच्चा आपको देखकर हंसता नहीं है, पहचानता नहीं है, खेलता नहीं है या चुपचाप कोने में अकेला पड़ा रहता है तो ऐसे लक्षण सेरेब्रल पाल्सी के शुरुआती संकेत हो सकते हैं। सेरेब्रल पाल्सी मस्तिष्क के अनियमित विकास या विकासशील मस्तिष्क में होने वाली किसी प्रकार की क्षति के कारण होने वाली दिक्कत है। इन बच्चों के लिए जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में स्टेम सेल थेरेपी उम्मीद की नई किरण साबित हो रही है।



कई बच्चों को सामान्य रूप से चलने व शरीर का संतुलन बनाना कठिन होता है। समय पर इलाज न मिलने से क्वालिटी ऑफ लाइफ में यह सेरेब्रल पाल्सी नामक समस्या का संकेत हो सकता है। सेरेब्रल पाल्सी उन शारीरिक स्थितियों का एक समूह है, जो गति और मुद्रा को प्रभावित करता है। यह बच्चों में होने वाली दिक्कत है, जो उनके विकासशील मस्तिष्क पर नकारात्मक असर डाल सकती है और आमतौर पर यह समस्या जन्म से पहले होती है। शुरुआत के एक या दो साल के भीतर इसके संकेत दिखने लगते हैं। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ.अरुण कुमार आर्या ने बताया कि सेरेब्रल पाल्सी ग्रस्त बच्चों के लिए सामान्य रूप से चलना और दिनचर्या के अन्य काम करना कठिन होता है। क्योंकि उनके मस्तिष्क में ऑक्सीजन की सप्लाई सही से नहीं हो पाती है। इसका इलाज फिर पूरे जीवन चलता रहता है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में सेरेब्रल पॉल्सी से पीड़ित 25 से 30 बच्चों को स्टेम थेरेपी दी गई। मेडिकल कॉलेज के विजिटिंग प्रोफेसर व स्टेम सेल थेरेपी के विशेषज्ञ डॉ. बीएस राजपूत ने बताया कि जिन बच्चों को स्टेम सेल थेरेपी दी गई है, उनमें से 90 फीसदी बच्चों को काफी आराम मिला है।

### मस्तिष्क क्षति की मरम्मत और मृत कोशिकाएं बहाल करने में सफलता

- स्टेम सेल थेरेपी विशेषज्ञ डॉ. बीएस राजपूत ने बताया कि सेरेब्रल पाल्सी मस्तिष्क के अनियमित विकास या विकासशील मस्तिष्क में होने वाली किसी प्रकार की क्षति के कारण होने वाली समस्या है। यह जन्म के समय मस्तिष्क की चोट के कारण होती है। इसके लिए कई कारक जिम्मेदार हो सकते हैं, जैसे जीन में किसी प्रकार का बदलाव, गर्भावस्था के दौरान होने वाला संक्रमण, स्ट्रोक या मस्तिष्क में रक्तस्राव की समस्या। कुछ प्रकार की अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्याएं भी मस्तिष्क में ऑक्सीजन के संचार को बाधित कर देती हैं, जिससे भी ये विकार हो सकता है। स्टेम सेल थेरेपी नए प्रकार का उन्नत उपचार है जो सेरेब्रल पाल्सी पीड़ित की मस्तिष्क क्षति की मरम्मत और मृत कोशिकाओं को बहाल करने में आशाजनक परिणाम दिखा रहा है। स्टेम कोशिकाओं को गैर-विशिष्ट कोशिकाओं के रूप में जाना जाता है जो मस्तिष्क कोशिकाओं सहित किसी भी प्रकार की विशेष कोशिका में बन सकती हैं।

# मरीजों से व्यवहार पर बनेगा रिपोर्ट कार्ड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज**

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने मंगलवार को सभी एचओडी के साथ बैठक में निर्देश दिए कि उनके विभाग में आने वाले सभी फैकल्टी और रेजिडेंट मरीजों से मधुर और मित्रवत व्यवहार करें। अगर कोई फैकल्टी या रेजिडेंट किसी भी मरीज से गलत व्यवहार करता है और पीड़ित व्यक्ति एचओडी, सीएमएस, प्रमुख अधीक्षक या प्राचार्य कार्यालय में शिकायत करता है तो संबंधित पर कार्रवाई तय की जाएगी। प्राचार्य ने कहा कि सभी एचओडी अपने विभागों में तैनात फैकल्टी व रेजिडेंट की सूची बनाएंगे और उनका व्यवहार मरीजों की प्रति कैसा है, इसकी रिपोर्ट तैयार कर एक सप्ताह में देंगे। ऐसा करने से संबंधित फैकल्टी या रेजिडेंट का मूल्यांकन किया जा सकेगा। रिपोर्ट में जिनका मरीजों के साथ रिश्ता कमजोर मिलेगा उनको शालीनता और सेवा भाव से मरीज व उनके तीमारदारों से पेश आने का पाठ पढ़ाया जाएगा। ताकि वह दोबारा ऐसी गलती न कर सकें और मरीजों को अपने परिवार का सदस्य जैसा समझकर उनका इलाज करें।




- प्राचार्य ने फैकल्टी व रेजिडेंट के इलाज के दौरान मधुर और मित्रवत व्यवहार पर दिया जोर

### डीएनबी या एफएनबी कोर्स की अनुमति मांगी

**कानपुर।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में भी डीएनबी या एफएनबी कोर्स हो सकेंगे। इससे गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए विशेषज्ञों की कमी नहीं रहेगी। इसके लिए प्राचार्य ने आवेदन पत्र तैयार किया है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में डीएनबी या एफएनबी कोर्स की सुविधा नहीं है। ऐसे में छात्र-छात्राओं को इन कोर्स के लिए अन्य संस्थानों में जाना पड़ता है। प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि डीएनबी या एफएनबी में किसी भी एक कोर्स की अनुमति मिलती है तो कॉलेज में प्लास्टिक सर्जरी, कोलोरेक्टल सर्जरी, मिनिमल एक्सेस, मिनिमल गायनी एक्सेस, ब्रियेटिक सर्जरी, इमरजेंसी मेडिसिन, नेफ्रोलॉजी, न्यूरो ईएनटी, हैडनेक, गायनी आन्को व ग्रेस्ट्रो मेडिसिन के स्पेशिलिस्ट तैयार हो सकेंगे।

# धनिया पाउडर में भूसी लाल मिर्च में मिलाते रंग

## अर्रा बिनगवां स्थित कारखाने पर छापा, सीज किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 6 क्विंटल खाद्य मसाला, 937 किलो केमिकल जब्त
- खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग ने की कार्रवाई

**अमृत विचार।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने मंगलवार को विभिन्न प्रतिष्ठानों और कारखानों में छापेमारी की। जांच दस्ते ने अर्रा बिनगवां स्थित कारखाना में मिलावट के शक में छह क्विंटल खाद्य मसाला व 937 किलो केमिकल सीज किया। खाद्य पदार्थों व केमिकल के नमूने भरकर उन्हें जांच के लिए भेजा गया। ये केमिकल मिर्च, हल्दी, धनिया पाउडर में मिलाने के लिए रखा गया था। जब टीम वहां पहुंची तो धनिया पाउडर में भूसी और चावल की कनकी मिलाई जा रही थी और लाल मिर्च में रंग मिलाया जा रहा था।

होली के समय खाद्य पदार्थों में मिलावट बढ़ जाती है। मिलावटी खाद्य पदार्थ खपाने के कार्य को रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम छापेमारी कर रही है। इसी कड़ी में अर्रा बिनगवां स्थित फैक्ट्री में छापेमारी की गई जहां मिलावटी मसाला और खतरनाक केमिकल बरामद हुए। इनकी कीमत करीब एक लाख रुपये आंकी गई हैं। इसमें लाल मिर्च पाउडर अनुमानित मात्रा लगभग 2 क्विंटल सीज किया गया। हल्दी पाउडर लगभग इतनी ही मात्रा में सीज किया गया। जांच के दौरान पाया गया कि धनिया पाउडर तैयार करने के लिए धान की भूसी और चावल की कनकी का उपयोग यहां किया जा रहा था। टीम ने कार्रवाई करते हुए जांच के लिए 6 सैंपल लिए। यह फैक्ट्री बिनगवां निवासी सुरेंद्र पाल की है। इसी तरह जेड स्क्वायर मॉल स्थित मेकडोनलल्ड आउटलेट पर 18 लीटर रिफाइंड पामोलिन आयल नष्ट कराया गया। कई और प्रतिष्ठानों पर जांच टीम ने छापेमारी की और नमूने भरे।


जांच करते अधिकारी। अमृत विचार

> धनिया पाउडर में कनकी और भूसी मिलाते हुए टीम ने पकड़ा। इसके साथ ही वहां ऐसे केमिकल भी रखे मिले जो इन्हीं मसालों में मिलाए जाते हैं। फैक्ट्री को सीज कर दिया गया है। नमूने जांच के लिए भेज दिए गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।
>
> –विजय प्रताप सिंह, खाद्य सहायक आयुक्त-2

# चौकीदार को गोली मारने वाले की पहचान नहीं

फालोअप

संवाददाता, बिठूर

- घायल ने वीडियो काल में आरोपी को नहीं पहचाना
- बदमाशों की तस्दीक कराने के प्रयास में जुटी पुलिस

**अमृत विचारः** बिठूर थाना क्षेत्र के टिक्कनपुरवा गांव के पास पंजाबी फार्म हाउस में गोली कांड का खुलासा करने के लिए पुलिस जुट गई है। पुलिस ने मंगलवार को एक आरोपी को पकड़कर वीडियो काल के जरिए घायल चौकीदार से तस्दीक कराने की कोशिश की, लेकिन चौकीदार ने यह कहते हुए पहचान करने से इंकार कर दिया कि सामने आने पर ही वह शिनाख्त कर सकता है।

मंधना रोड पर श्रीबालाजी मंदिर के पास पंजाबी फार्म हाउस में 25 फरवरी की रात एक बजे बदमाशों ने धावा बोलकर चौकीदारों के साथ मारपीट और गोली चलाई थी। मारपीट में दो चौकीदार अनार सिंह व यदुनाथ घायल हुए थे, जबकि चौबेपुर क्षेत्र के चौधरीपुर गांव का रहने वाला चौकीदार धर्मेंद्र पीठ में गोली लगने से घायल हुआ था। उसे कानपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां अभी इलाज चल रहा है। इस मामले में घायल चौकीदार धर्मेंद्र के छोटे भाई अंकित की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर धारा 323, 307 में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

तहरीर में बिठूर थाना क्षेत्र के भिड़ाईया गांव के छोटे के पुत्र और दो अज्ञात लोगों का जिक्र किया गया था। पुलिस ने तहरीर में आरोपी बनाए गए भिड़ाईया गांव के युवक को हिरासत में ले लिया है।

बिठूर इंस्पेक्टर ने बताया कि मंगलवार को अस्पताल में भर्ती घायल चौकीदार से नामजद आरोपी की वीडियो काल के माध्यम से तस्दीक कराने का प्रयास किया गया, लेकिन घायल चौकीदार धर्मेन्द्र ने उसे पहचानने से इनकार कर दिया है। इंस्पेक्टर के मुताबिक धर्मेन्द्र का कहना है कि अगर आरोपी को सामने लाया जाएगा तो उसकी पहचान करने में आसानी होगी। इंस्पेक्टर का कहना है कि जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

# पनकी ईएसआई में डॉक्टरों के बैठने का समय बदलेगा

**कानपुर।** पनकी ईएसआई में अब चिकित्सक शाम सात बजे तक बैठेंगे। भौंती भीमसेन और किसाननगर में जल्द 33 केवीए का सब स्टेशन की स्थापना होगी। मंगलवार ने मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक में उद्यमियों की समस्याएं सुनने के बाद यह निर्देश दिए।

उद्यमियों ने पनकी स्थित कर्मचारी राज्य बीमा डिस्पेंसरी में शाम के समय डाक्टर की मौजूदगी न होने की समस्या बताई। उद्यमियों ने कहा कि इस कारण काम से छूटने के बाद कर्मचारियों को डिस्पेंसरी का लाभ नहीं मिल पाता है। इस पर मंडलायुक्त ने कहा कि डाक्टरों के बैठने के समय में परिवर्तन किया जाएगा। प्रमुख सचिव श्रम से पत्राचार कर उद्यमियों की मांग पर डिस्पेंसरी का समय सुबह 11 से शाम सात बजे तक किया जाएगा। इसके बाद उद्यमियों की मांग पर मंडलायुक्त ने औद्योगिक क्षेत्र पनकी, दादानगर व फजलगंज में सीवर की समस्या का समाधान किया। उन्होंने नगरनिगम को निर्देश दिया कि जल निगम से सर्वे और ड्राइंग का कार्य प्राथमिकता से कराएं।

## सार-संक्षेप


झाड़ियों में लगी आग को बुझाते दमकलकर्मी। अमृत विचार

### कल्याणपुर और पनकी में झाड़ियों में लगी आग

**कानपुर।** मंगलवार को कल्याणपुर और पनकी थानाक्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर झाड़ियों में आग लग गई। सूचना पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। कल्याणपुर थानाक्षेत्र में केडीए ग्रीन अपार्टमेंट के पास खरपतवार में आग लग गई। तेज हवा के कारण लपटें ऊंची ऊंची उठने लगीं। झाड़ियों के पास बने मकानों में रहने वाले लोगों में अफरातफरी मच गई। क्षेत्रीय लोगों की सूचना पर दमकल की एक यूनिट घटनास्थल पहुंची और कुछ ही देर में आग को बुझा दिया गया। इसी प्रकार पनकी थानाक्षेत्र में ट्रांसपोर्ट नगर में झाड़ियों में आग लग गई। लोगों ने मिट्टी और पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की। 2 यूनिट घटनास्थल पहुंची और आग को बुझा दिया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि घटना में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है।


अभिभावकों को जरूरी जानकारी दी गई। अमृत विचार

### दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की काउंसिलिंग

**शिवराजपुर।** मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की काउंसिलिंग कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें 50 अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को स्पेशल एजुकेटर संजय कुमार पांडेय, जूलियट प्रसाद ने दिव्यांगता के कारण, सावधानी, आवश्यक उपकरण और मेडिकल कैंप में यूआईआईडी द्वारा दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं सरकारी विभाग द्वारा दी जाने वाली सुविधा के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी कृपा शंकर यादव की देखरेख में हुआ। रिसोर्सपर्सन अनीता राज कटियार भी मौजूद रहीं।

### गणित का पेपर रहा आसान, खिले चेहरे

**कानपुर।** यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान मंगलवार को हाई स्कूल के परीक्षार्थियों ने गणित का प्रश्न पत्र हल किया। परीक्षार्थियों की माने तो इस बार उन्हें गणित का प्रश्न पत्र आसान लगा। कुछ परीक्षार्थी ऐसे भी थे जिन्होंने यह कहा कि प्रश्न पत्र को हल करते समय उन्हें अधिक समय लगा। उधर बच्चों ने बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर को आसान बताया। कहा की परीक्षा के दौरान बहुविकल्पीय प्रश्न ज्यादातर आसान रहे। इससे उन्हें इस बार बेहतर अंक मिलने की उम्मीद जगी है। परीक्षा के दौरान 2126 परीक्षार्थी ऐसे भी थे जिनकी अनुपस्थिति दर्ज की गई। महत्वपूर्ण प्रश्न पत्र होने के चलते शिक्षा विभाग की ओर से परीक्षा केंद्रों की कड़ाई के साथ निगरानी भी की गई। सभी छह उड़द दस्ते परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर जाकर सुरक्षा का जायजा लेते रहे।

### 12 केंद्रों पर हुई परीक्षा

**कानपुर।** सीबीएसई की ओर से मंगलवार को 12वीं के परीक्षार्थियों ने केमिस्ट्री का पेपर दिया। प्रश्न पत्र के बारे में विषय विशेषज्ञ विवेक अवस्थी ने बताया कि इस बार का प्रश्न पत्र पिछले तीन सालों की तुलना में सबसे आसान प्रश्न पत्र रहा है। 27 केंटो पर हुई परीक्षा में 7890 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। खास बात यह रही की प्रश्न पत्र में पूछे गए प्रश्न एनसीईआरटी की पुस्तकों से ही संबंधित रहे। इस वजह से परीक्षार्थियों को प्रश्नों के जवाब देने में किसी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने बताया कि महत्वपूर्ण विषय के प्रश्न पत्र के बेहतर आने से परीक्षार्थियों को इस बार बेहतर अंक मिलने की उम्मीद बढ़ गई है।

# मास्टरमाइंड से बरामद की नकदी और जेवरात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


उदित मिश्रा।

- श्रम विभाग के पोर्टल से गबन का मामला
- मुख्य आरोपी को रिमांड पर लेकर बरामदगी

**अमृत विचार।** श्रम विभाग के पोर्टल से एक करोड़ रुपये की धोखाधड़ी मामले में साइबर सेल और क्राइम ब्रांच ने मास्टरमाइंड उदित मिश्रा को रिमांड पर लेकर नई जानकारियां हासिल की हैं। गबन की रकम से खरीदे गए जेवर और कुछ कैश भी बरामद किया है। इस मामले में कुछ दिन पूर्व क्राइम ब्रांच ने मास्टरमाइंड और उसकी प्रेमिका के साथ चार अन्य आरोपियों को छत्तीसगढ़ और उत्तरप्रदेश के अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया था। उनके पास से कैश और अन्य माल की बरामदगी हुई थी।

एक फरवरी 2024 को अपर श्रमायुक्त कानपुर मंडल कल्पना श्रीवास्तव ने पुलिस को तहरीर दी थी कि साइबर अपराधियों ने कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत अनुदान के फर्जी आवेदन कर उनकी आईडी व अधिकारियों के फर्जी डिजिटल सिग्नेचर का प्रयोग कर डीएलसी तथा एलसी की आईडी को स्किप करते हुए 196 अपात्र श्रमिकों के खाते में प्रति श्रमिक 55 हजार रुपये की दर से लगभग एक करोड़ सात लाख अस्सी हजार की धनराशि का ट्रांसफर कर लिया था। जिसके बाद साइबर थाना में मुकदमा पंजीकृत कर घटना के खुलासे के लिए पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के आदेश पर सर्विलांस तथा स्वाट टीम समेत चार टीमों का गठन किया था। इस घटना के मास्टरमाइंड उदित मिश्रा निवासी सजेती व हाल पता पारा थाना लखनऊ और उसकी प्रेमिका नैंसी ठाकुर निवासी महाराष्ट्र के अलावा अंकित मिश्रा, मोहम्मद यासीन, ललित कश्यप, विनय दीक्षित को गिरफ्तार किया गया था। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने 26 फरवरी को मास्टरमाइंड उदित मिश्रा को रिमांड पर लिया था। क्राइम ब्रांच के अनुसार उदित मिश्रा से गहनता से पूछताछ की गई। उसने बताया कि गबन के काफी सबूत एक पेन्ड्राइव में हैं।

गबन के बाद करीब 25 लाख 55 हजार रुपये एटीएम व चेक के माध्यम से निकाल लिए गए थे। जिसमें से कुछ हिस्सा अपने साथियों में बंटवारा कर लिया गया था और कुछ धनराशि से ज्वैलरी खरीद ली गयी। उसकी निशानदेही पर लखनऊ में स्थित फ्लैट से सोने की ज्वैलरी चार कंगन, एक जोड़ी झाला, दो चेन लगभग 3 लाख रुपये कीमत के जेवरात, एक लाख रुपये नगद व एक पेन्ड्राइव बरामद की गई। इसके बाद उसके पैतृक घर सजेती जाकर जानकारी जुटाई गई। मास्टरमाइंड उदित मिश्रा से मिली जानकारी के आधार पर घटना में शामिल अन्य साथियों की तलाश में पुलिस टीमें लगाई गई हैं।

# नाबालिग से दुष्कर्म में 20 साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** सजेती थाना क्षेत्र में करीब पांच साल पहले नाबालिग लड़की से दुष्कर्म मामले में अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए 20 साल की सजा सुनाई है। अपर जिला जज पॉक्सो कोर्ट ने 13 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

विशेष लोक अभियोजक राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि कानपुर नगर जनपद के सजेती थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया था कि उसकी नाबालिग पुत्री 18 सितंबर 2019 की शाम घर से माचिस लेने दुकान पर जा रही थी। उसे अकेला देखकर पड़ोस में रहने वाला परशुराम उसे बहला फुसला कर अपने घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घर वापस आकर पुत्री ने घटना की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

पुलिस ने विवेचना कर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था। मामले की सुनवाई अपर जिला जज 13 पॉक्सो एक्ट बाकर शमीम रिजवी की अदालत में चल रही थी। मंगलवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी परशुराम को दोषी करार देते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई।


पूर्व विधायक कमलेश दिवाकर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल को मिष्ठान खिलाकर बधाई देते हुए। अमृत विचार

# राज्यसभा चुनाव में जीत पर भाजपा में मना जश्न

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर दी बधाई

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में राज्यसभा चुनाव की 8 सीटों पर भाजपा की जीत के बाद शहर में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय में पूर्व विधायक कमलेश दिवाकर ने क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल को मिष्ठान खिलाकर बधाई दी तो उत्तर, दक्षिण कार्यालयों में भी जीत का जश्न मना।

क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि प्रत्याशियों की जीत यह दर्शाती है की पीएम नरेंद्र मोदी व पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व पर लोगों को विश्वास है। कार्यकर्ताओं के बूथ स्तर तक जनता से सतत संवाद के बल पर हम यूपी की सभी 80 सीटें जीतने जा रहे हैं। पाल ने कहा कि पार्टी की ओर से राज्यसभा के सभी प्रत्याशी जीते हैं, जो एक उपलब्धि है। क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने बताया कि रात 9.15 बजे जैसे ही भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशियों की जीत का समाचार मिला, क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया। भाजपा उत्तर के अध्यक्ष दीपू पांडेय ने कहा कि यह हर्ष का विषय है। हम कानपुर लोकसभा की सीट को भी बड़े अंतर से जीतेंगे। मीडिया प्रभारी अंकित बाजपेयी समेत तमाम कार्यकर्ता चुनाव के नतीजे आते ही जिलाध्यक्ष दीपू पांडे के घर पहुंचे और मिठाई बांटकर खुशी का इज़हार किया। दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने भी भाजपा कार्यकर्ताओं को मिठाई बांटी। शिवराम ने कहा कि हम लगातार जनता के बीच हैं। चुनाव हो या नहीं, हमारे पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ लगातार जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचा रहे हैं। इससे जनता का प्रेम लगातार बढ़ रहा है। राज्यसभा की जीत से नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

# दुष्कर्म व मारपीट में तीन भाई दोषी करार

**कानपुर देहात।** घाटमपुर क्षेत्र में विवाहिता से दुष्कर्म मामले में अदालत ने एक युवक को दोषसिद्ध किया है। सहयोगी उसके दोनों भाइयों को मारपीट में दोषसिद्ध करते हुए सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 29 फरवरी की तिथि नियत की है।


सहायक शासकीय अधिवक्ता अमित सिंह ने बताया कि घाटमपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 4 नवंबर 2013 को वह घर पर अकेले थी। गांव के प्रधान के भतीजे अरविंद कुमार ने गले में चाकू लगाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसकी छोटी बहन ने उसे छुड़ाने का प्रयास किया तो अरविंद के छोटे भाई शैलेन्द्र व चचेरे भाई राहुल ने बहन और उसके साथ मारपीट की। यह मामला कोर्ट में चल रहा है।

# बलि प्रथा रोकने के संकल्प के साथ निकाली दंडवत यात्रा

कार्यालय संवाददात, कानपुर

- रोग और शोक मुक्त भारत बनाने के लिए गंगा का पूजन और रुद्राभिषेक किया
- करौली शंकर महादेव के सानिध्य में उमड़ पड़े हजारों श्रद्धालु

**अमृत विचार।** धर्म के नाम पर बलि प्रथा बंद हो, जीवों की हत्या बंद हो नारे के साथ मंगलवार को सरसैया घाट से करौली शंकर महादेव आश्रम के लिए दंडवत यात्रा शुरू हुई। रोग मुक्त- शोक मुक्त भारत बनाने के लिए भी संकल्प लिया गया। करौली शंकर महादेव के सानिध्य में निकाली गई यात्रा में चार हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा चार दिन में 30 किलोमीटर का सफर तय कर करौली शंकर धाम पहुंचेगी। यात्रा शुरू होने से पहले श्रद्धालुओं ने सरसैया घाट पर गंगा में पुण्य की डुबकी लगाई और रुद्राभिषेक किया। हर- हर महादेव के जयकारे के साथ यात्रा शुरू हुई तो लोगों ने जगह- जगह फूलों की वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।


रुद्राभिषेक करते करौली शंकर महाराज और श्रद्धालु। अमृत विचार

सरसैया घाट पर प्रातः 6 बजे करौली शंकर महादेव ने रुद्राभिषेक व सर्वपीड़ा मुक्ति हवन किया। इसके पश्चात दंडवत यात्रा शुरू हुई। श्रद्धालु हम सबने यह ठाना है बलि प्रथा को बंद कराना है का नारा लगाया। करौली शंकर महादेव ने कहा कि बलि प्रथा बंद होनी चाहिए। धर्म के नाम पर जीवों की हत्या कदापि उचित नहीं है।

करौली शंकर महादेव ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य सनातन धर्म के प्रति लोगों को जागरूक करना और हिंदुत्व को संगठित करना है। सरसैया घाट पर पूर्णिमा एवं अमावस्या को मां गंगा की भव्य आरती कराई जाएगी। इस अवसर पर संचालन शंकर सेना के प्रदेश प्रमुख सुबोध चोपड़ा ने किया। इस अवसर पर महिला अध्यक्ष मीना द्विवेदी, विनय वर्मा, दुर्गेश मनी त्रिपाठी, आयुष द्विवेदी, मनोज तिवारी, पवन तिवारी, प्रकाश श्रीवास्तव, रमेश बाजपेई, आयुष द्विवेदी आदि रहे।

खुशी के पल | अंडर-23 कर्नल सीके नायडू ट्राफी टूर्नामेंट में सौराष्ट्र की टीम पस्त

# यूपी टीम का सेमीफाइनल में पहुंचना तय

खेल के मैदान से

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


सौराष्ट्र टीम के बल्लेबाज के आउट होने की अपील की। अमृत विचार

**04** विकेट लिए विपराज निगम ने

> **सेमीफाइनल मुंबई से**
>
> अब टूर्नामेंट में सेमीफाइनल में यूपी का सामना मुंबई से होगा। जिसने चौथे क्वार्टर फाइनल में रेलवे को हरा दिया है। यूपी और मुंबई का यह मुकाबला भी ग्रीनपार्क में होना लगभग तय है। इसके लिए चार नंबर पिच तैयार होने लगी है।

**अमृत विचार।** अंडर-23 कर्नल सीके नायडू ट्राफी के तीसरे दिन मंगलवार को मुकाबला और रोचक रहा। यूपी के गेंदबाजों के आगे सौराष्ट्र के बल्लेबाज असफल दिखे। छह बल्लेबाज बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। यूपी टीम ने सेमीफाइनल के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया है। यूपी की तरफ से विपराज निगम ने चार, रितुराज शर्मा और कुणाल त्यागी ने तीन-तीन विकेट झटके।

ग्रीनपार्क स्टेडियम में खेले जा रहे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में यूपी ने 746 रनों की पहली पारी खेली। धुआंधार बल्लेबाजी के बाद यूपी के खिलाड़ियों ने गेंदबाजी भी जबरदस्त की और सौराष्ट्र की पहली पारी को 249 रनों पर समेट कर 497 रनों की बढ़त हासिल की। सौराष्ट्र को फॉलोआन न देकर खुद बल्लेबाजी का फैसला लिया और तीसरे दिन खेल समाप्त होने तक यूपी ने तीन विकेट के नुकसान पर 30 रन बना लिए। अब टीम की कुल बढ़त 527 रनों की हो गई है। बुधवार को आखिरी दिन का खेल बचा है। जिससे लगता है कि यूपी पूरे दिन बल्लेबाजी कर मैच को ड्रा कराते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश करेगी। 20 रन पर आदित्य शर्मा और चार रन पर विपराज निगम खेल रहे हैं। तीन दिन के मैच में देखा जाए तो दूसरी पारी में यूपी की शुरुआत खराब हुई। पहले ही ओवर की पहली गेंद पर ओपनर पार्थ जैन और चौथी गेंद पर कृतज्ञ सिंह बिना खाता खोले आदित्यसिंह जडेजा का शिकार हुए। दूसरे नंबर पर आए आराध्य यादव बिना रन बनाए रिटायर्ड हर्ट हुए।

तीसरे दिन सौराष्ट्र का खेल देखें तो दो विकेट 32 रनों से आगे खेलने उतरी टीम के खाते में एक रन ही जुड़ा था कि कुणाल त्यागी ने निहार बघेला को 13 रनों पर पवेलियन लौटाया। इसके बाद कप्तान जय गोहिल ने शतक और अंश गोसाई ने अर्द्धशतक लगाकर 189 रनों की साझेदारी की। इसके बाद यूपी के विपराज और रितुराज ने अपनी गेंदबाजी का कहर बरपाया कि पूरी टीम मात्र 29 रन जोड़कर 249 रनों पर ढेर हो गई।

# अशोका और केएन टाइटन ने जीता मैच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित केडीएमए क्रिकेट लीग में मंगलवार को खेले गए मैचों में अशोका ज्योति व केएन टाइटन ने जीत दर्ज की।

पहला मैच कानपुर साउथ ए मैदान पर खेला गया। अशोका ज्योति टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 38.3 ओवरों में 249 रन बनाए। टीम के आदर्श शुक्ला ने 75 रनों का योगदान दिया। जवाब में गांधीग्राम टीम 228 रन ही बना सकी। टीम के सलमान खुर्शीद ने 52, संदीप मौर्य ने 35, अंकित मौर्य ने 31 रन बनाए। इस तरह अशोका ज्योति ने 21 रनों से मैच जीत लिया।

दूसरा मैच सप्रू मैदान पर खेला गया। यहां केएन टाइटन टीम ने 36.1 ओवर में 208 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसमें टीम के सम्राट सिंह ने 65, रंधीर सिंह ने 44 रन बनाए। जवाब में काउंटी क्लब 23.2 ओवर में ऑल आउट होकर टीम 95 रन ही बना पाई। टीम के दीपांशु ने 52, नवल कुमार ने 35 रन बनाए। इस तरह केएन टाइटन ने 113 रनों से मैच जीत लिया।

> **29 तक खिलाड़ी करा सकते पंजीकरण**
>
> **कानपुर।** यूपी क्रिकेट एसोसिएशन के 2024-25 के अलग-अलग आयु वर्ग के खिलाड़ियों की पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। केसीए सचिव कौशल कुमार सिंह ने बताया कि खिलाड़ी यूपीसीए की वेबसाइट पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। इसके लिए आधार कार्ड व जन्म प्रमाणपत्र की जरूरत होगी। वेबसाइट पर फार्म भरने के बाद उसका प्रिंट आउट केसीए कार्यालय चुन्नीगंज में पंजीकरण राशि 400 रुपये के साथ जमाकर सकते हैं। उन्होंने बताया कि फार्म भरने की अंतिम तिथि 29 फरवरी है।

# गम और गुस्से के बीच तीन हत्या आरोपी भेजे गए जेल

**मनीष हत्याकांड**

संवाददाता, सरसौल

- सोमवार को जाम और हंगामे के बाद सक्रिय हुई पुलिस
- मुख्य आरोपी के साथ उसका पिता और एक साथी गिरफ्तार



रॉड के साथ गिरफ्तार मुख्य आरोपी शिवम कुशवाहा, साथ में पिता और सहयोगी।

**अमृत विचार:** महाराजपुर थाना क्षेत्र के प्रेमपुर में 21 फरवरी को हार्डवेयर व्यापारी मनीष उत्तम पर ताबड़तोड़ हमला और फिर 26 फरवरी को मौत होने पर जिस तरह लोगों का गुस्सा भड़का, उसके बाद पुलिस सक्रिय हुई और हमले के मुख्य आरोपी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपियों को मंगलवार को अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

प्रेमपुर में 21 फरवरी को हार्डवेयर कारोबारी मनीष उत्तम पर उस समय हमला किया गया था, जब वह अपनी दुकान के बाहर बरामदे में कुर्सी पर बैठा था। लोहे की रॉड से एकबारगी ताबड़तोड़ हमले में मनीष को संभलने तक का मौका नहीं मिला था। हमले के बाद ही वह कोमा में चला गया था। उसे शहर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां पांच दिन बाद उसकी मौत हो गई थी। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने परिवार के सुपुर्द कर दिया था।

कारोबारी मनीष की मौत से लोगों का गुस्सा भड़क गया था। सोमवार को हाईवे से प्रेमपुर जाने वाले संपर्क मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया गया था। हंगामा, नोकझोक और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी के बाद तीन थानों का फोर्स और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। हंगामे के दौरान ही मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी होने के बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ था और रात साढ़े आठ बजे परिवार के लोग शव लेकर गांव रवाना हुए थे।

लोगों के गुस्से को देखते हुए सक्रिय हुई पुलिस ने मुख्य आरोपी शिवम कुशवाहा के साथ उसके पिता रामसिंह कुशवाहा और एक अन्य नामजद आरोपी अनुज को गिरफ्तार किया और मंगलवार को अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। महाराजपुर एसओ ने बताया कि गिरफ्तारी के लिए गठित की गई पुलिस टीमों और सर्विलांस सेल की मदद से आरोपियों को कानपुर दक्षिण के नौबस्ता थाना क्षेत्र से सोमवार की देर शाम गिरफ्तार किया गया। बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### पुलिस की चौकसी के बीच शव का अंतिम संस्कार

सोमवार को गुस्सा भड़कने और फिर मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी होने के बाद मंगलवार की सुबह लगभग 10 बजे मनीष उत्तम के शव का नागापुर गंगाघाट पर पुलिस चौकसी के बीच अंतिम संस्कार कर दिया गया। कारोबारी के अंतिम संस्कार में परिवार के लोगों के साथ नाते-रिश्तेदार और गांव के लोग शामिल हुए। सोमवार की रात पुलिस ने गांव में कड़ी सुरक्षा के इंतजाम कर रखे थे।

### अपमान का बदला लेने के लिए किया हमला

कारोबारी मनीष उत्तम हत्याकांड के मुख्य आरोपी शिवम कुशवाहा ने पुलिस की पूछताछ में कहा कि अपमान का बदला लेने के लिए उसने हमला किया था। उसने बताया कि उसके छोटे भाई को स्कूल से निकलवाने के बाद मनीष और उसके पिता ने उसके पिता और उसकी काफी बेइज्जती की थी, इसी खुन्नस में उसने हमला किया। हालांकि मनीष के परिवार वाले उधारी के विवाद में हत्या की बात कर रहे हैं।



नर्वल डायट में मंगलवार को प्रशिक्षुओं को विदाई दी गई। अमृत विचार

## डायट के प्रशिक्षुओं को दी गई विदाई

**सरसौल।** नर्वल के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में मंगलवार को डीएलएड 2021 बैच के प्रशिक्षुओं का कोर्स पूरा होने के बाद विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार वर्मा को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया।

संस्थान में 2022 के प्रशिक्षुओं को पिछले बैच के प्रशिक्षुओं ने तिलक लगाकर स्वागत किया और उन्हें मिठाई खिलाई। प्राचार्य राजेश कुमार वर्मा ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यहां से निकलने के बाद हम बेसिक शिक्षा में योगदान के जरिए देश और समाज की सेवा कर सकते हैं। उन्होंने प्रशिक्षुओं से अपने अनुभव भी साझा किए। इस मौके पर संस्थान के प्रवक्ता अनूप पटेल,अब्दुल नदीम, एआर रहमान संतोष कुमार सरोज, निधि कटियार आदि प्रशिक्षु मौजूद रहे।

**एक नजर**

### दुकानदार से मारपीट में शिक्षक पर रिपोर्ट

**बिल्हौर।** कस्बे के ककवन रोड स्थित रेडीमेड दुकानदार राजेंद्र सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र में बताया कि मार्केट के पास रखे जनरेटर के धुएं से उनकी दुकान के कपड़े काले हो रहे थे, जिसकी शिकायत उन्होंने मार्केट मालिक कमलेश से कई बार की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मंगलवार को फिर कमलेश से इसी मामले की शिकायत कर रहे थे तो कमलेश आग बबूला हो गए और जातिसूचक शब्द इस्तेमाल करते हुए मारपीट करने लगे। मारपीट में दांत भी टूट गया है। तहरीर पर कमलेश कटियार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। कमलेश कटियार प्राथमिक विद्यालय टिकरिया में शिक्षक हैं।

### जेसीबी की टक्कर से खंभा क्षतिग्रस्त, रिपोर्ट दर्ज

**बिल्हौर।** ककवन थाना क्षेत्र में गंग नहर की सिल्ट उठान चल रही है। घेरवा रेखा पुरवा गांव में माइनर की सिल्ट उठाने के दौरान जेसीबी के चालक ने विद्युत पोल में टक्कर मार दी, जिससे खंभा क्षतिग्रस्त हो गया और विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। ट्रांसफार्मर भी क्षतिग्रस्त हुआ है। जेई की तहरीर पर जेसीबी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने ठेकेदार से इस संबंध में कहा तो उसने गंभीरता से नहीं लिया। इसके बाद अवर अभियंता निष्कर्ष पटेल की तहरीर पर जेसीबी चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दिया गया है।

# युवती का अर्धनग्न शव नहर में बहता मिला, शिनाख्त नहीं

## दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका, पहचान के प्रयास में जुटी पुलिस

संवाददाता, भीतरगांव

**जांच-पड़ताल शुरू**

- साढ़ थाना क्षेत्र के बरईगढ़ नहर पुल के पास मिला शव
- साढ़ पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर मर्च्युरी में रखवाया



छानबीन में जुटी साढ़ थाने की पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार:** साढ़ थाना क्षेत्र के कुड़नी रोड स्थित रामगंगा नहर पुल में एक युवती का अर्धनग्न शव बरामद हुआ है। दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका है। फिलहाल युवती की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव कई दिन पुराना लग रहा है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर मर्च्युरी में रखवा दिया है। पुलिस का कहना है कि सबसे पहले उसकी शिनाख्त कराने की कोशिश की जा रही है।

साढ़ थाना क्षेत्र के रामगंगा नहर में बरईगढ़ पुल के समीप मंगलवार की सुबह एक युवती का शव बहता दिखा। युवती का अर्धनग्न शव बहने की सूचना पर खासी भीड़ लग गई। लोगों का कहना है कि नहर में बह रहा शव कुछ आगे जाकर नहर में गिरे एक पेड़ पर फंस गया। युवती का शव बहने की सूचना पर साढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नहर से बाहर निकलवाया। युवती के बदन पर सिर्फ अंडर गारमेंट्स था।

नहर से शव निकलवाने के बाद पुलिस ने उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन देर शाम तक शिनाख्त नहीं हो सकी। शव कई दिन पुराना लग रहा है। पानी में बहने के कारण शव फूल गया है और कुछ हिस्सा क्षत-विक्षत हालत में है। उसकी उम्र लगभग 25 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवती की दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने का अनुमान है। साढ़ थाना प्रभारी का कहना है कि शव की शिनाख्त के लिए आसपास जनपदों के थानों को भी सूचित कर दिया गया है और शव को मर्च्युरी में रखवा दिया गया है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले शिनाख्त कराने की कोशिश होगी।

### ककरहिया में मिला शव अबूझ पहेली बना

घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के ककरहिया बंबा की पुलिया में करीब दस दिन पहले मिले महिला के अर्धनग्न शव की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने उसकी पहचान कराने के लिए आसपास के ग्राम प्रधानों को महिला की फोटो भेजी थी, मगर अभी तक पहचान करने के लिए कोई सामने नहीं आया है। उसके पैर में बिछिया और कान में सोने की बाली मिली थी। पतारा चौकी पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए थे, लेकिन अभी तक नतीजा सिफर है। अब तो पुलिस भी शांत होकर बैठ गई है। यह हाल तब है, जब खुद घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह छानबीन के लिए मौके पर पहुंचे थे और पुलिस को मामले का खुलासा करने के निर्देश दिए थे, लेकिन लाश अबूझ पहेली बनी है।

# रोलर से भिड़ी वैन, शिक्षिकाएं घायल

संवाददाता, चौबेपुर

**रफ्तार की मार**

- चौबेपुर क्षेत्र में हाईवे पर पिपरी गांव के पास हुआ हादसा
- वैन चालक और एक शिक्षिका गंभीर हालत में हैलट रेफर



पिपरी गांव के पास हादसे में क्षतिग्रस्त हुई वैन। अमृत विचार

**अमृत विचार:** क्षेत्र के पिपरी गांव के सामने हाईवे पर मंगलवार की सुबह शिक्षिकाओं से भरी ओमनी वैन खराब खड़े रोड रोलर से जा टकराई। हादसे के बाद शिक्षिकाओं में चीख-पुकार मच गई। हादसे में चालक के साथ वैन पर सवार पांच शिक्षिकाएं घायल हो गईं। पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी भिजवाया, जहां चालक और एक शिक्षिका की हालत गंभीर देख हैलट अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया गया है।

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के प्राइमरी स्कूलों में तैनात तमाम शिक्षिकाएं रोजाना कानपुर शहर से अप-डाउन करती हैं। मंगलवार की सुबह एक वैन कानपुर से शिक्षिकाओं को लेकर ककवन जा रही थी। सुबह करीब 8:30 बजे चौबेपुर क्षेत्र के पिपरी गांव के सामने हाईवे के किनारे खराब खड़े एक रोड रोलर से तेज रफ्तार वैन पीछे से जा भिड़ी। हादसे के बाद वैन पर सवार शिक्षिकाओं में चीख-पुकार मच गई। हादसा देख आसपास के लोग दौड़े और हादसे की सूचना पुलिस को दी।

हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया। घायलों में वैन चालक अशरफ के साथ शिक्षिका नीति नेहरू, निगार, फातिमा, नीतू और नीलम शामिल हैं। इनमें वैन चालक अशरफ और शिक्षिका नीती नेहरू की हालत गंभीर देख हैलट कानपुर रेफर कर दिया गया, जबकि मामूली रूप से घायल शिक्षिकाओं को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेजा गया।

बताया गया है कि सभी शिक्षिकाएं ककवन ब्लॉक क्षेत्र के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों में तैनात हैं और कानपुर से वैन द्वारा प्रतिदिन विद्यालय आवागमन करती हैं। कार्यकारी थाना प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि तेज रफ्तार वैन खराब खड़े रोड रोलर से जा टकराई है, जिसमें वैन चालक व पांच शिक्षिकाएं घायल हुई हैं। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### टौंस में वैन ने ई रिक्शा में मारी टक्कर, चार लोग घायल

**कानपुर।** नर्वल थाना क्षेत्र के टौंस चौराहा के पास एक ओमनी वैन ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी, जिसमें चार लोग घायल हो गए। वैन ड्राइवर को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। राहगीरों की सूचना पर डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। लोगों का आरोप है कि पीआरवी के एक सिपाही ने ड्राइवर से गुफ्तगू कर भगाने का प्रयास किया। हालांकि बाद में समझौते की बात कही जा रही है।

# अवैध मिट्टी खनन की सूचना पर छापा

संवाददाता, चौबेपुर

- छापे की भनक लगते ही खनन कराने वाले मौके से फरार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के बिठूर मार्ग पर बिशुनपुर गांव के निकट सोमवार देर रात अवैध मिट्टी खनन की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान मामले की भनक लग जाने से खनन करा रहे लोग जेसीबी व डंपर लेकर मौके से भाग निकले।

क्षेत्र के बिठूर मार्ग स्थित नैरोलैक पेंट फैक्ट्री के निकट सोमवार देर रात अवैध मिट्टी खनन की जानकारी ग्रामीणों ने कानपुर निवासी खेत मालिक को दी। खेत मालिक ने मामले की सूचना 112 नंबर पर दी। बड़े पैमाने पर खनन की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन इसके पहले ही पुलिस के आने की भनक लग जाने से खनन करा रहे लोग गाड़ियों समेत वहां से फरार हो गए।

इधर मामले की जानकारी पर एसडीएम रश्मि लांबा ने नायब तहसीलदार को जांच के निर्देश दिए। मंगलवार दोपहर नायब तहसीलदार विद्या भारती क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक व लेखपाल के साथ मौके पर पहुंचीं और खनन स्थल का मौका मुआयना किया। नायब तहसीलदार ने बताया कि अवैध मिट्टी खनन की जानकारी पर वह मौका मुआयना के लिए गई थीं, इसकी रिपोर्ट एसडीएम को सौंपेगी। कार्यकारी प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में अभी तक किसी भी तरह की कोई तहरीर नहीं दी गई है।

## पट्टाधारकों को दिलाए गए कब्जे

**बिल्हौर।** ककवन ग्राम पंचायत में कृषि के लिए आवंटित जमीन पर कब्जे को लेकर चल रहे विवाद के बीच मंगलवार को तहसीलदार तिमराज सिंह ने मौके पर पहुंचकर किसानों की शिकायत सुनी और पट्टाधारकों को जमीन पर कब्जा दिलाया।

तहसीलदार तिमराज सिंह ने बताया कि तीन वर्ष पहले ककवन ग्राम पंचायत के एक सैकड़ा से अधिक लोगों को कृषि के लिए जमीन आवंटित की गई थी, लेकिन जमीनों पर कब्जा नहीं मिल पाने की लगातार शिकायतें आ रही थीं। कुछ दबंग प्रवृत्ति लोगों पर कृषि भूमि पर अभिलेख से ज्यादा भूमि पर कब्जा करने का आरोप लग रहा था। मंगलवार को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर उन्होंने मौके पर पहुंचकर कई किसानों को आवंटित जमीन पर कब्जे दिलाए हैं।

# हादसे में किसान की मौत, हाईवे पर लगाया जाम

संवाददाता, चौबेपुर

- ग्रामीणों ने सर्विस रोड जाम कर मांगा मुआवजा
- एसडीएम के आश्वासन पर सड़क से हटे ग्रामीण



किसान रमेश दीक्षित।



शव को हाईवे सर्विस रोड पर रखकर जाम लगाए ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार:** क्षेत्र के मरियानी गांव के सामने सोमवार की रात खेत से घर लौट रहे किसान को हाईवे पार करते समय तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से घायल हुए किसान की मंगलवार सुबह हैलट अस्पताल में मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को हाईवे की सर्विस रोड पर रखकर जाम लगा दिया और मुआवजे की मांग कर हंगामा काटना शुरू कर दिया। बबाल बढ़ने की सूचना पर एसडीएम और एसीपी बिल्हौर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एसडीएम ने मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीण शव को अंत्येष्टि के लिए लेकर चले गए।

मरियानी गांव निवासी रमेश दीक्षित (70) का खेत हाईवे के दूसरी ओर दक्षिण दिशा में है। बताया गया है कि सोमवार को वह अपने खेत गए थे। रात करीब आठ बजे घर वापस लौटते समय हाईवे पार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया था, जहां हालत गंभीर देख हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां मंगलवार सुबह किसान की मौत हो गई।

किसान की मौत की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया। पोस्टमार्टम के बाद दोपहर करीब दो बजे शव गांव लाते ही लोगों का गुस्सा भड़क गया। आक्रोशित लोगों ने शव को हाईवे की सर्विस रोड पर रखकर मुआवजे की मांग शुरू कर दी। हंगामे की जानकारी पर एसडीएम रश्मि लांबा व एसीपी अजय त्रिवेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। परिजनों व गांव वालों ने एसडीएम को बताया कि किसान का मकान हाईवे निर्माण में चला गया, लेकिन उसका मुआवजा अभी तक नहीं मिल सका है। एसडीएम ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों से बात कर मुआवजा जल्द से जल्द दिलाने का आश्वाशन दिया। वहीं किसान दुर्घटना बीमा योजना के तहत शासन से मिलने वाली सहायता दिलाने की बात कही। तीन घंटे हंगामे के बाद परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए लेकर चले गए।

### अंडरपास के लिए मुहिम चला रहे गांव के लोग

मरियानी गांव के सामने अंडरपास और कट को लेकर ग्रामीण कई दिनों से यहां धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। ग्राम प्रधान श्यामजी कुशवाहा ने बताया कि पहले भी गांव के रोहणी तिवारी और बाबूलाल कश्यप की हादसे में मौत हो चुकी है। तीन मौतों के बाद भी कोई ध्यान नहीं दे रहा है। एसडीएम ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों से बात करने और समस्या का समाधान जल्द कराने का आश्वासन दिया है।

**सुनो पुकार** — तीसरी बार तहसील पहुंचीं महिलाएं तो एसडीएम ने पतारा ब्लाक भेजा

# आवास मांगने फिर पहुंचीं बंजारन महिलाएं

संवाददाता, घाटमपुर



मंगलवार को फिर आवास के लिए तहसील पहुंचीं महिलाएं। अमृत विचार

- पतारा ब्लाक पहुंचीं महिलाओं को नहीं मिले बीडीओ
- तीसरी बार निराश होकर वापस लौट गईं महिलाएं

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के गांव गिरसी के मजरा सुरजन सिंह का पुरवा गांव से तीसरी बार तहसील आई बंजारा समाज की महिलाओं ने उप जिलाधिकारी से फिर आवास मांगे। एसडीएम ने आवास के लिए उन्हें पतारा बीडीओ से संपर्क करने की बात कहते हुए साफ लफ्जों में कहा कि आवास यहां नहीं मिलते। बंजारन महिलाएं पतारा ब्लाक पहुंचीं, लेकिन बीडीओ नहीं मिले। आखिर महिलाएं तीसरी बार निराश होकर घर लौट गई।

प्रदेश के मुखिया के द्वारा गरीब पात्र बंजारा समाज के विकास को लेकर फ्री बंजारा समाज के लोगों को छत देने की योजना को लेकर ग्राम पंचायत गिरसी के मजरा सुरजन सिंह पुर की ग़रीब बंजारा समाज के लोगों महिला एक आदत आवास पाने के लिए दर-दर भटक रही हैं, लेकिन बंजारा समाज की महिलाओं को ब्लॉक से लेकर तहसील तक न्याय नहीं मिल रहा है। महिलाओं का कहना है कि हम लोग तहसील जाते हैं तो वहां पर एसडीएम कहते हैं कि ब्लॉक जाओ और जब ब्लॉक जाते हैं तो जवाब मिलता है कि जांच की जा रही है।

महिलाओं का कहना है कि उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। बंजारन महिलाओं का कहना है कि उनके पास कोई अधिकारी आज तक नहीं पहुंचा। उनके पास न तो छत है और न ही खेत और न ही पैसा। इसलिए कोई अधिकारी सुनवाई नहीं कर रहा है।

घाटमपुर तहसील पहुंचने पर एसडीएम यादुवेंद्र सिंह ने कानूनगो को उनके पास भेजकर जानकारी ली और कहा कि समस्या का निराकरण पतारा खंड विकास अधिकारी की ओर से किया जाएगा। बंजारन महिलाएं पतारा ब्लाक पहुंचीं, लेकिन बीडीओ से मुलाकात नहीं होने पर निराश होकर एक बार पुनः घर वापस हो गईं। महिलाओं का कहना है कि उन्हें सिर्फ इधर से उधर दौड़ाया जा रहा है।

## हिस्ट्रीशीटर को भेजा गया जेल

**चौबेपुर।** लंबे समय से फरार हिस्ट्रीशीटर को सोमवार रात पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पकड़े गए अपराधी के खिलाफ विभिन्न थानों में दर्जन भर से अधिक मुकदमे पंजीकृत बताए गए हैं ।

सोमवार रात हमराहियों के साथ गस्त पर निकले पर उप निरीक्षक मुजम्मिल ने क्षेत्र के हुलकापुर नहर के किनारे रायपुर मोड़ के पास संदिग्ध अवस्था में खड़े युवक को देख उसे टोका। पुलिस को देख युवक ने भागने का प्रयास किया। जिसे जल्द ही दबोच लिया गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम जय सिंह यादव पुत्र मोतीलाल निवासी ततारपुर, चौबेपुर बताया। तलाशी के दौरान युवक के पास से एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। कार्यकारी प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि पकड़ा गया युवक शातिर अपराधी हैं।

# शादी में कन्नौज गया परिवार, घर में चोरों ने घुसकर जेवर-कैश किया पार

संवाददाता, बिठूर



सोमवार की रात कछियाना की नई बस्ती में चोरों ने धावा बोला। अमृत विचार

**अमृत विचार:** बिठूर थाना क्षेत्र के मंधना कस्बे में पुलिस की नाकामी से चोरों के हौसले इतने बढ़ गए हैं कि रोज वारदात को अंजाम दे रहे हैं। मंधना के कछियाना में रविवार की रात बड़ी चोरी के बाद सोमवार की रात फिर चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। परिवार शादी में शामिल होने कन्नौज गया था, इधर चोरों ने जेवर और कैश पर हाथ मार दिया। पुलिस बिल्कुल बेबस नजर आ रही है।

सोमवार की रात चोरों ने कछियाना नई बस्ती में एक घर को निशाना बनाया। बताते हैं कि मकान मालिक स्वामी श्याम सिंह हैदराबाद में रहकर नौकरी करते हैं। यहां घर में उनकी पत्नी शालिनी सिंह रहती हैं। शालिनी सिंह ने बताया कि उनकी बहन के लड़के की शादी थी। शादी समारोह में शामिल होने के लिए वह कन्नौज गई थीं। मंगलवार की सुबह पड़ोसियों से उन्हें सूचना मिली कि घर का ताला टूटा पड़ा है।

घर का ताला टूटे होने की जानकारी मिलते ही वह कन्नौज से आईं तो मेन गेट का ताला टूटा पड़ा था। अंदर जाकर देखा तो कमरों के भी ताले टूटे थे। सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी का लॉकर भी टूटा था। अलमारी में रखे लाखों रुपये के जेवर और 35 हजार रुपये की नकदी गायब थी। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। बिठूर इंसपेक्टर का कहना है कि चोरों को जल्द ही गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

# सड़क हादसों में तीन की गई जिंदगी, तीन घायल

## बिहार, सफीपुर व अजगैन कोतवाली थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसे, बांगरमऊ, आसीवन व पुरवा कोतवाली क्षेत्र में तीन घायल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** जिले में अलग-अलग क्षेत्रों में हुए हादसों में वृद्ध समेत तीन की मौत हो गई। सफीपुर में शादी समारोह में रोड लाइट उठाने वाले श्रमिक को घर लौटते समय तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। इसमें मौके पर उसकी मौत हो गई। वहीं अजगैन कोतवाली क्षेत्र में फैक्ट्री मजदूर को हाईवे पार करते समय डंपर ने रौंद दिया। इसी तरह दुकान बंद कर लौट रहे वृद्ध की वाहन की टक्कर से मौत हो गई। सूचना पर संबंधित थानों की पुलिस पहुंची और जांच के बाद शवों का पोस्टमार्टम कराया। हादसों के बाद से परिजनों में कोहराम मचा है। आसीवन में साईकिल सवार वृद्ध बाइक की टक्कर से घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं आसीवन क्षेत्र में एक अन्य हादसे में साइकिल सवार दो किशोर समेत बाइक चालक घायल हो गया। जिनका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है


राम खेलावन।


पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद परिजन। अमृत विचार

**केस 01** **सफीपुर।** कोतवाली अंतर्गत फाजिलपुर गांव निवासी राम खेलावन (45) पुत्र स्व. डोरी निवासी सफीपुर कस्बे में एक रोड लाइट व बैंड की दुकान पर मजदूरी कर परिवार पालता था। सोमवार को वह शादियों में रोड लाइट लेकर गया था। काम समाप्त कर वह साईकिल से घर लौट रहा था। देररात एक बजे सफीपुर-परियर मार्ग पर सकहन गांव के पास तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। राहगीरों ने उसे पड़ा देख पुलिस को जानकारी दी। पुलिस पहुंची और उसे सफीपुर सीएचसी लाई। जहां डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। वह तीन भाइयों में छोटा था। उसकी मौत से पत्नी रूप रानी व वृद्ध मां सुंदारा सहित बेटे गोकुल, अर्जुन, करन व बेटी लक्ष्मी रो-रोकर बेहाल रहीं। एसएचओ श्याम नारायण सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**केस 02** **आसीवन।** थानाक्षेत्र के कस्बा मियागंज निवासी रमेश चंद्र (50) मंगलवार को किसी काम से साइकिल से घर से निकला था। लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर मियागंज ब्लाक कार्यालय के सामने तेज रफ्तार बाइक ने उसकी साईकिल में टक्कर मार दी। इसमें वृद्ध गंभीर घायल हो गया। परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां से उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

● श्रमिक को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मारी

● फैक्ट्री मजदूर को हाईवे पार करते समय डंपर ने रौंदा

**केस 03** नवाबगंज। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के भौली गांव के मजरा बक्शी खेड़ा निवासी ज्ञान चंद्र (50 )पुत्र जसवंत दही औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक चर्म फैक्ट्री में श्रमिक था। वह अजगैन में साइकिल स्टैंड में खड़ी कर टेंपो से फैक्ट्री जाता था। मंगलवार को वह भी साइकिल खड़ी करने के बाद कानपुर-लखनऊ हाईवे पार कर टेंपो में बैठने जा रहा था। कोतवाली गेट के सामने तेज रफ्तार डंपर ने उसे रौंद दिया। सांस चलती देख उसे सीएचसी नवाबगंज लाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की खबर सुन पत्नी प्रेमा, बेटे बलराम, शिवम व बेटियां ब्रम्हाणी, मोहनी व सोनम रो-रोकर बेहाल रहीं। एसएचओ अवनीश सिंह ने बताया कि दुर्घटना करने वाले डंपर को चालक सहित पकड़ लिया गया है। रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**केस 04** पाटन। बिहार थानांतर्गत पाटन निवासी देशराज (62) पुत्र गंगा विशुन पान की दुकान किए था। सोमवार रात वह दुकान बंद कर घर लौट रहा था। उन्नाव-लालगंज हाईवे स्थित पोराई गांव के मोड़ पर तेज रफ्तार वाहन ने उसकी साईकिल में टक्कर मार दी। सड़क पर गिरने से उसे गंभीर चोटें आ गईं। पुलिस उसे पास के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंची। जहां डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। पत्नी गीता की तहरीर पर पुलिस ने मंगलवार को वृद्ध का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हादसे में आई चोटों से उसकी मौत की पुष्टि हुई है।

**केस 05** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव मुस्तफाबाद के मजरा खड़हरा गांव निवासी अंकित (11) पुत्र रामजीवन साईकिल से पड़ोसी रितेश (9) पुत्र दिनेश के साथ लेकर किसी काम से मुंशीगंज आया था। जहां से घर लौटते समय आसीवन थानाक्षेत्र के मुंशीगंज-अजगैन मार्ग स्थित बीरुगढ़ी गांव के पास सामने से आई बाइक ने उनकी साईकिल में टक्कर मार दी। जिसमें उन दोनों के अलावा बाइक चालक रज्जन (30) पुत्र गपूरे निवासी मुस्तफाबाद हसनगंज भी घायल हो गया। सभी का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**मंगल हुआ अमंगल**


**केस 06** पुरवा। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के गांव महाई निवासी राम स्वरूप (45) बाइक से लखनऊ जाते समय पुरवा-अचलगंज रोड़ पर भैसई कोयल गांव के पास सामने से आ रहे बाइक सवार बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के गांव त्रिभुवनखेड़ा निवासी मनोज (25) से उसकी आमने-सामने टक्कर हो गई। इसमें दोनों घायल हो गए। दोनों को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डाक्टर ने राम स्वरूप को गंभीर देख जिला अस्पताल भेज दिया।

**केस 07** बांगरमऊ। हरदोई जिला के मल्लावां थानांतर्गत आलापुर कोट गांव निवासी शिव सिंह (60) पुत्र बेचेलाल बाइक से बांगरमऊ नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दवाई लेने आए थे। दवा लेकर हरदोई-उन्नाव मार्ग से वापस गांव लौट रहे थे। तभी क्षेत्र के नसिरापुर गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार वृद्ध गिरकर गंभीर घायल हो गया। उसे राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस से बांगरमऊ में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# मर्चेंट नेवी अफसर ने फांसी पर लटक कर दे दी जान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● प्रमोशन मिलने के बाद लखनऊ में ट्रेनिंग करने के लिए घर आया था युवक



**अमृत विचार।** मर्चेंट नेवी में चीफ पद पर तैनात युवक सदर कोतवाली अंतर्गत पीडी नगर स्थित अपने घर पर छज्जे की रेलिंग से रस्सी का फंदा बनाकर लटक गया। सुबह परिजनों ने उसे लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम कराया। इसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। परिजन उसके आत्महत्या का कारण नहीं बता पाए। वहीं, लोगों में पारिवारिक विवाद की चर्चा रही।

सोलंकी श्रीवास्तव (33) पुत्र उमेश चंद्र सदर कोतवाली क्षेत्र के पीडी नगर मोहल्ले का निवासी था। वह मर्चेंट नेवी में चीफ पद पर तैनात था। उसका प्रमोशन कैप्टन पद पर हो गया था। जिसकी ट्रेनिंग लखनऊ मंर चल रही थी। इसके लिए वह घर से ही ट्रेनिंग पर जाता था। मंगलवार सुबह करीब छह बजे उसका शव घर की पहली मंजिल के छज्जे में लगी रेलिंग से सड़क की ओर रस्सी के सहारे लटका मिला। उसका शव देखते ही परिजनों के होश उड़ गए। उसे लटका देख घर के बाहर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर अस्पताल चौकी इंचार्ज प्रवीण पुंज फोर्स के साथ पहुंचे और जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जहां हैंगिंग से उसकी मौत होने की पुष्टि हुई है। उसकी दो साल पहले शादी हुई थी। उसके एक साल की बेटी गौरी भी है। बेटे की मौत से पिता सहित अन्य परिजन बेहाल हैं। पति की मौत से पत्नी शिवांगी सदमे में है। दिवंगत युवक दो भाई थे। एक भाई सूर्या श्रीवास्तव जर्मनी में इंजीनियर है। भाई की मौत से वह भी बेहाल है। परिजन युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने का कारण नहीं बता सके। लेकिन चर्चा रही कि पारिवारिक विवाद के बाद ही नेवी अफसर ने यह आत्मघाती कदम उठाया। पुलिस तफ्तीश में जुटी है।

# ओमान से घर पहुंचा युवक का शव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बीघापुर कोतवाली अंतर्गत नगर के मोहल्ला शंकर नगर निवासी युवक की ओमान में सड़क हादसे में मौत हो गई थी। परिजनों ने उसकी मौत पर आशंका जताते हुए शव मंगवाने की मांग सरकार से की थी। विदेश मंत्रालय के हस्तक्षेप के बाद 19 दिन बाद शव घर आया तो परिजन बिलख उठे।

बता दें कि बीघापुर कोतवाली अंतर्गत नगर पंचायत क्षेत्र के मोहल्ला शंकर नगर निवासी सर्वेश (25) ओमान में एक शेख की लांड्री में कपड़े धुलाई का काम करता था। परिजनों के मुताबिक बीती नौ फरवरी को उसकी सड़क हादसे में मौत हो गई थी। 10 दिन बाद परिजनों को इसकी जानकारी मिली। तब से मां की आंखे बेटे का देखने के लिए रो-रोकर पथरा गई थीं। मंगलवार को शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सर्वेश बीती दो फरवरी को घर से ओमान जाने को निकला था और तीन फरवरी को फ्लाइट थी। वह पांच तारीख को वहां पहुंचा था। सात फरवरी को फोन पर उसने मां रामकली से बात की थी। केरल की संस्था के सदस्य समीर पुकप्राथ ने 19 फरवरी को दुर्घटना में सर्वेश की मौत की जानकारी दी थी। बहन ने बताया कि समीर ने शव भारत लाने में मदद का आश्वासन दिया था। विवाहित बहन पूजा ने बताया कि 7 फरवरी के बाद भाई का कोई फोन नहीं आया था। मां, बहन व परिजन सर्वेश की हत्या की आशंका जताते रहे। सर्वेश ही घर का खर्च उठता था। छोटा भाई नितेश मंदबुद्धि है। सर्वेश का परिवार पीएम आवास से मिली कॉलोनी में रहता है।


सर्वेश।

### परिजनों को बंधाया ढांढ़स

शव आने की सूचना पर आवास पर पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील कुमार बाकुश, अध्यक्ष प्रतिनिधि सुधीर बाजपेई, बोर्ड के सदस्य दिलीप बाजपेई, समाजसेवी कुलदीप अग्निहोत्री व बाराती चौधरी ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया है।

# नशेबाजी को लेकर चले ईंट पत्थर, कई घायल

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कंचन नगर ए मोहल्ले में सोमवार रात नशेबाजी को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई और ईंट पत्थर चले। क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीन को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ कार्यवाही की है।

कंचन नगर ए मोहल्ले में सोमवार रात करीब बारह बजे विनोद सिंह और मनोज गुप्ता, शिवम गुप्ता, मनीष गुप्ता के बीच नशेबाजी को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान दोनों पक्षों में गाली गलौज शुरू हो गई। जिसके बाद लात घूसे चलने लगे। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर ईंट पत्थर चला दिये। जिससे क्षेत्रीय लोगों में हड़कंप मच गया। ईंट पत्थर चलने पर कई लोगों को चोटें आई। क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। गंगाघाट कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।

# रिंग रोड के लिए फोर लेन के किनारे मिट्टी का परीक्षण शुरू


सहजनी के हरिहरपुर रोड के पास परीक्षण के लिये पहुंचे टीम। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट के 21 गांवों से रिंग रोड होकर गुजरेगी। जिसे देखते हुये मंगलवार को मृदा परीक्षण के लिये कार्यदायी संस्था पहुंची। जहां संस्था ने हरिहरपुर मार्ग के पास फोरलेन के किनारे मृदा परीक्षण का काम शुरू करा दिया है। जिसके बाद मिट्टी के नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे जायेंगे।

कानपुर देहात, कानपुर नगर और उन्नाव के बीच शासन द्वारा यात्रा सुगम करने के लिए रिंग रोड बनायी जानी है। यह रोड़ गंगाघाट के अगेहरा, फत्तेपुर, घोंघी रौतापुर, हैबतपुर, कटहा दलनारायनपुर, सरैयां, अरझोरामऊ, बनी, बसधना, देवारा कलां, देवारा खुर्द, सहजनी, पिंडोखा गांवों से होकर गुजरेगी। बनने वाली रिंग रोड में कानपुर लखनऊ रेल रूट के ऊपर से आरओबी बनाया जाना है। मंगलवार को फोरलेन किनारे हरिहरपुर मार्ग के पास चयनित स्थान पर मृदा परीक्षण का करने के लिए कार्यदायी संस्था पहुंची। जहां कर्मियों ने मृदा परीक्षण के लिये गहराई में जाकर मिट्टी के नमूने लेने का काम शुरू कर दिया है। कार्यदायी संस्था ने बताया कि परीक्षण के बाद मिट्टी के नमूनों को प्रयोगशाला भेजा जायेगा।

## सार-संक्षेप

### पत्नी पर संदूक तोड़कर नगदी व जेवर ले जाने का आरोप

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मुस्तफाबाद के मजरा राजाखेड़ा निवासी युवक ने सीओ को तहरीर देकर अपनी पत्नी पर नकदी व जेवर लेकर मायके चले जाने का आरोप लगाया है। यह भी आरोप है कि मायके वालों की शह पर पत्नी ने उसकी पिटाई भी की। राजाखेड़ा गांव निवासी पप्पू ने सीओ को दी तहरीर में बताया कि करीब 12 वर्ष पूर्व उसकी शादी हसनगंज निवासी महिला से हुई थी। पत्नी से एक पुत्र व एक पुत्री है। जरूरत पड़ने पर उसने कुछ जमीन बेची थी। जमीन बिक्री का रुपया उसने संदूक में रखा था। उसका आरोप है बीती 27 दिसंबर को उसकी गैर मौजूदगी में पत्नी ने अपने मायके वालों को घर बुलाया और जमीन बिक्री के एक लाख रुपये व 3 लाख के जेवर संदूक तोड़कर निकाल लिए और लेकर मायके चली गई। घर पहुंचने पर उसे घटना की जानकारी हुई। बाद में जब वह ससुराल पहुंचा तो उसके साढ़ू, साले व सास आदि ने नगदी-जेवर लाने की बात तो स्वीकार की लेकिन, उसे वापस देने से मना कर दिया। साथ ही फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी। मायके वालों के इशारे पर पत्नी ने उससे मारपीट भी की। पीड़ित ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी। लेकिन कोतवाली पुलिस ने भी कोई कार्रवाई नहीं की। थक हार कर उसने घटना की तहरीर सीओ को देकर कार्यवाही की मांग की है।

### बेहोशी की हालत में मिला युवक, पहुंची पुलिस

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के फोरलेन स्थित मरहला चौराहे के पास एक गेस्टहाउस के पीछे एक युवक बेहोशी की हालत में कूड़े के ढेर पर पड़ा था। जिसकी जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे उठाया। जिसके बाद उसे प्राथमिक इलाज के लिये भेजा। मंगलवार दोपहर करीब डेढ़ बजे मरहला चौराहे के पास एक गेस्ट हाउस के पीछे 25 वर्षीय युवक बेहोश कूड़े के ढेर पर पड़ा हुआ था। काफी देर तक वह उठा नहीं जिस पर गेस्ट हाउस मालिक को शंका हुई और उसने मरहला चौकी पुलिस को सूचना दी। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे हिलाया ढुलाया। जिसके बाद उसे होश आया। उसने बताया कि वह पीलीभीत का मूल निवासी है। आजाद मार्ग स्थित एक रेस्टोरेंट पर काम करता है। पुलिस ने उसके भाइयों को बुलाकर सुपुर्द कर दिया और उसे प्राथमिक इलाज के लिये भेजा गया।

### 'श्रीराम कथा सुनने से मनुष्य में महान गुणों का समावेश होता है'

**औरास उन्नाव।** श्रीराम कथा तन-मन को पवित्र कर उज्ज्वल करने के साथ जीवन शैली व आत्मा को नया रूप देती है। यह उपदेश औरास विकासखंड के मिर्जापुर अजिगांव में चल रहे 51 कुंडीय गायत्री रुद्र महायज्ञ व श्रीराम कथा सुनाते हुए हरिद्वार से पधारे टोली नायक छबील दास मिश्रा ने दिए। कथा के दूसरे दिन सोमवार शाम कथा वाचक ने कहा कि रामकथा का आनंद तभी है जब वक्ता व श्रोता दोनों सुर, लय, ताल मिलाकर कथा का रसपान करें। प्रेम प्रकट हो जाए तो परमात्मा खुद प्रकट हो जाएंगे। प्रेम के बिना जीवन का कोई अर्थ नहीं है। कहा रामकथा का महत्व हमेशा से है और आगे भी रहेगा। यह भगवान की लीला, चरित्र व गुणों की गाथा है। इसके श्रवण और कथन के प्रति हमेशा एक नवीनता का भाव बना रहता है। भगवान राम के चरित्र में प्रदर्शित त्याग और तपस्या की बातों को निरंतर श्रवण करते रहने से सुनने वाले के अंदर भी ऐसे ही महान गुणों का समावेश हो जाता है। मंगलवार सुबह मानव कल्याण के लिए रुद्र महायज्ञ में आहुतियां डाली गईं। इस मौके पर आयोजक वीरेंद्र सिंह सेंगर, वीरु सोनी, रामजी गुप्ता, महेश गुप्ता, शिवराज सिंह, हीरा सिंह, गौरी शंकर यादव, अमर सिंह सहित ग्राम व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

### सीओ ने देखी फोर्स के रुकने वाले स्कूलों की व्यवस्थाएं

**पुरवा।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय अर्धसैनिक बल, पीएसी व पुलिस के रुकने व्यवस्था को लेकर सीओ सोनम सिंह ने क्षेत्र के चिन्हित नौ विद्यालयों रामकली बुद्धिलाल साहू शिक्षण संस्थान, राजकीय बालिका इंटर कालेज, श्रीठाकुर जी महराज डिग्री कालेज ऊंचगांव किला, ऋषिकुल शिक्षण संस्थान, संस्कार महाविद्यालय तौरा, सूर्य प्रतापसिंह डिग्री कालेज डेला, जय किसान इंटर कालेज चमियानी, श्री सुंदर लाल लोधी महाविद्यालय रामापुर व मधुराज मैरिज हाल मे पहुंचकर शौचालय, प्रकाश व पानी आदि सुविधाओं को देखा। सीओ ने बताया कि केंद्रीय अर्धसैनिक बल सहित अन्य फोर्स को रुकने वाले स्थानों में व्यवस्थाएं देखी गई हैं। चुनाव हर हाल में शांतिपूर्ण हो इसके लिए तैयारियां की जा रही हैं।

# 10 लाख की लीगत से बने गौ आश्रय स्थल का उद्घाटन

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** विकासखंड के गांव परसंदन में स्थाई गौवंश आश्रय स्थल बनाया गया है। जिससे गांव के लोगों को राहत मिल सके और किसान खेत के बजाय रात में अपने घर में सो सके। इसके निर्माण से गांव के लोगों में खुशी की लहर है। सरकार द्वारा हर गांव में गौ-आश्रय स्थल बनाकर बेसहारा जानवरों को राहत देने का काम किया जा रहा है।

यह बातें ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रवि सिंह ने गांव परंसदन में बेसहारा जानवरों के लिये बने गौवाश्रम स्थल के उद्घाटन के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि सरकार हर गांव मे गौ-आश्रय स्थल बना रही है। जिससे ऐसे जानवर खेतों में जाकर फसल का नुकसान न करें और किसानों को राहत मिल सके और वे अपने घर में सो सकें। एडीओ आईएसबी मनोज कुमार ने बताया कि गांव में ये गौशाला मनरेगा व राज्य वित्त के सहयोग से बना है। इसके निर्माण में करीब 10 लाख रुपये खर्च हुये हैं। इसमें अभी 50 गायों को रखा गया है। इसमें करीब 200 जानवरों को रखने की व्यवस्था होगी। पूर्व प्रधान मदन सिंह, भोला, प्रधान सुलेखा समेत अन्य मौजूद रहे।

# गंगाघाट स्टेशन पर मिला शव, जहरखुरानी की आशंका

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


मौके पर जांच करती आरपीएफ और जीआरपी। अमृत विचार

● चेहरा काला और झाग निकलने से जहरखुरानी गिरोह के शिकार होने की चर्चा

अमृत विचार। गंगाघाट रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर मंगलवार सुबह एक अज्ञात युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव पड़ा लोगों ने देखा। जिसकी जानकारी आरपीएफ और जीआरपी को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। जिस पर जीआरपी ने शव को उन्नाव मर्च्युरी में रखवाया है। शव के मुंह से झाग और चेहरा काला होने पर जहरखुरानी की आशंका व्यक्त की जा रही है।

मंगलवार सुबह करीब छह बजे गंगाघाट रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर एक 45 वर्षीय अज्ञात युवक का शव औंधे मुंह पड़ा यात्रियों ने देखा। जिसकी जानकारी रेलवे पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची आरपीएफ और जीआरपी ने शव को कब्जे में लिया। जिसके बाद उसकी तलाशी ली। जहां उसके पास से पहचान के कोई दस्तावेज नहीं मिले। इसके साथ ही उसके पास मात्र 46 रुपये मिले। शिनाख्त न होने पर पुलिस ने आस पास के लोगों को बुलाकर उसकी पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। जिस पर पुलिस ने शव को 72 घंटे के लिये उन्नाव मर्च्युरी में रखवाया है। वहीं शव के मुंह से झाग और चेहरा काला होने पर जहरखुरानी की आशंका व्यक्त की जा रही है। जीआरपी ने बताया कि मृतक की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। प्रथम दृष्टया हार्ट अटैक से मौत हो सकती है। पीएम रिपोर्ट से मौत का सही कारण पता चल सकेगा। युवक काली पैंट गुलाबी शर्ट और सैंडो बनियान पहन रखी थी। दाहिने हाथ में चूड़ा पहने था।

**यूपी बोर्ड परीक्षा** सुबह की पाली में हाईस्कूल की गणित और दोपहर की पाली में इंटर की गृह विज्ञान की हुई परीक्षा

# जेडी ने टीम के साथ की छापेमारी, नहीं मिला कोई नकलची

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


परीक्षा देकर निकलती छात्राएं। अमृत विचार


परीक्षा देकर निकलते छात्र। अमृत विचार

● शहर के अलावा औरास, मियागंज व पुरवा क्षेत्र के कई केंद्रो का किया निरीक्षण

**अमृत विचार।** संयुक्त शिक्षा निदेशक (जेडी) प्रदीप कुमार ने मंगलवार को जिले में हुई यूपी बोर्ड की परीक्षा की हकीकत देखने को लखनऊ की टीम के साथ छापेमारी की। हालांकि, उन्हें कहीं भी कोई नकलची नहीं मिला। जेडी ने शहर के अलावा औरास, मियागंज व पुरवा क्षेत्र के कई केंद्रो का औचक निरीक्षण किया। सुबह की पाली में हाईस्कूल की गणित और दोपहर की पाली में इंटर की गृह विज्ञान की परीक्षा हुई।

छात्रों के अनुसार, मंगलवार को हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं काफी आसान रहीं। पहली पाली में हाईस्कूल की गणित की परीक्षा हुई। इसमें काफी आसान प्रश्नपत्र देख छात्र-छात्राओं के चेहरे खिले रहे। वहीं इंटर में भी गृह विज्ञान का पेपर काफी सरल रहा। जिले के सभी 114 केंद्रों पर कड़ी निगरानी में परीक्षा कराई गई। हालांकि सर्वर की खराबी के चलते सभी केंद्रों की सटीक आनलाइन मानीटरिंग नहीं हो सकी। जेडी व लखनऊ के पर्यवेक्षकों के नेतृत्व में आए सचल दल ने कई केंद्रों का औचक निरीक्षण कर परीक्षा की हकीकत परखी। सुबह की पाली में हाईस्कूल की गणित विषय की परीक्षा हुई। जिसमें पंजीकृत 28878 परीक्षार्थियों में 27291 उपस्थित रहे। जबकि, 1587 ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं, दूसरी पाली में हुई इंटर की गृहविज्ञान परीक्षा में 2261 में 2152 परीक्षार्थी मौजूद रहे। जबकि, 109 गैरहाजिर रहे।

# 'समयावधि में कार्य पूरे न होने पर कार्यवाही को तैयार रहें अफसर'

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


बैठक में मातहतों को निर्देश देतीं डीएम अपूर्वा दुबे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** डीएम अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में मंगलवार को विकास भवन सभागार में जिले में 50 लाख से अधिक लागत के निर्माणाधीन कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गयी।

इस दौरान डीएम ने जलनिगम ग्रामीण-शहरी, लोक निर्माण विभाग, यूपीएससीएल, सीएनडीएस, पर्यटन, आवास विकास आदि कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराये जा रहे कार्यां की वित्तीय व भौतिक प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि 50 लाख से अधिक के निर्माण कार्यों पर विशेष ध्यान दें और सभी निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप, समयबद्धता व गुणवत्ता के साथ कराएं। धन के आवंटन के बाद भी कम प्रगति वाले निर्माण कार्यों को लेकर नाराजगी जताते हुए डीएम ने कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराए जाएं। ऐसा न होने पर कार्यवाही की जाएगी। किसी प्रकार की भी लापरवाही हुई तो संबंधित विभाग के अधिकारी उसके पूर्ण रूप से जिम्मेदार होंगे। कहा कि जो निर्माण पूरे हो चुके हैं उन्हें हैंडओवर कराने की प्रक्रिया में देरी न की जाए। इस दौरान सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, एडीएम न्यायिक विकास कुमार सिंह, सीएमओ डा. सत्य प्रकाश, एक्सईएन सिंचाई, एक्सईएन जलनिगम शहरी, पर्यटन सूचना अधिकारी संतोष सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# पानी प्लांट की सफाई में करंट की चपेट में आया युवक, मौत

## घर पर ही लगे आरओ वॉटर प्लांट की सफाई करते वक्त हुआ हादसा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


अमित।

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के ब्रह्मनगर मोहल्ला निवासी युवक मंगलवार शाम पानी प्लांट की सफाई कर रहा था। तभी वह कुर्सी से गिर गया। जिससे वह करंट की चपेट में आ गया। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर शादी वाले घर में कोहराम मच गया।

ब्रह्म नगर निवासी अमित (30) पुत्र राकेश अवस्थी का घर पर ही सांवरिया आरओ वॉटर के नाम से पानी का प्लांट है। मंगलवार शाम करीब साढ़े 5 बजे वह प्लांट की सफाई कर रहा था। तभी वह कुर्सी पर खड़ा हो गया और प्लांट का तार हटाने लगा। अनियंत्रित होने से वह कुर्सी से नीचे गिर गया। जहां खुले तार की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। चीख सुन घर में मौजूद छोटा भाई सुमित वहां पहुंचा और उसे निजी अस्पताल ले गया। जहां उसे कानपुर के एलएलआर अस्पताल भेजा गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर मां रेखा, पत्नी सोनम का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

### मासूम बच्चे के सिर से उठा पिता का साया

अमित की 2 साल पहले सोनम से शादी हुई थी। उसका ढाई माह का बेटा अयांश है। अमित की मौत होने से मासूम बच्चे के सिर से पिता का साया उठ गया। जिस पर उसकी मां बच्चे को सीने से लगाकर फूट-फूट कर रोते हुए बेसुध हो गई।

### शादी वाले घर में मचा कोहराम

अमित के छोटे भाई सुमित की 4 मार्च को शादी है। घर के सभी सदस्य शादी की तैयारी में जुटे थे। इस दौरान अमित की करंट लगने से मौत होने पर शादी की खुशियां मातम में बदल गईं।

# भागवत कथा में चंदे को लेकर भिड़ गए आयोजक

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- जमकर हुई मारपीट में दोनों पक्ष से कई लोग हुए घायल

**अमृत विचार।** अचलगंज थानांतर्गत भागवत कथा के बाद चंदे में आए रुपए के बंटवारे के दौरान शराब पीने के बाद दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। चर्चा रही कि इस दौरान फायरिंग भी हुई। पुलिस ने फायरिंग से इंकार किया है।

अचलगंज थानांतर्गत छड़उवा खेड़ा गांव में सार्वजनिक भागवत कथा हुई थी। समापन के बाद सोमवार रात आयोजन से जुड़े लोगों में शराब के नशे में चंदे में आए रुपयो को लेकर पहले कहासुनी हुई फिर जमकर मारपीट हुई। देखते ही देखते दोनों पक्ष में जमकर लाठी-डंडे चले। इस दौरान कई राउंड फायरिंग होने की भी चर्चा रही। सूचना पर एसओ फोर्स के साथ पहुंचे। पुलिस को देख मारपीट करने वाले तितर-बितर हो गए। मौके से पुलिस ने छह लोगों को हिरासत में लिया है। एक पक्ष से राजू ने तहरीर देकर भगाने, रिंकू, गुलशन, छोटू अरविंद व रिंकू पुत्र संतोष के अलावा छह अज्ञात लोगों पर भागवत कथा में नाचने से मना करने की खुन्नस मे मारपीट करने का आरोप लगाया। वहीं दूसरे पक्ष से अरविंद ने तहरीर देकर चंद्रशेखर, राजू, जमुना, विनोद, राजकुमार सहित पांच अन्य पर मारपीट का आरोप लगाया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की और जमुना, विनोद, अंकित, सरवन, अरविंद व राजू को हिरासत में लिया। एसओ संजीव कुशवाहा ने दो पक्षों में मारपीट की बात स्वीकार की है, फायरिंग से इंकार किया।

# शीतल पेयजल कंपनी कर्मियों ने दिया धरना

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव


अस्पताल में होता कर्मचारी का इलाज। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के जैतीपुर मार्ग स्थित एक शीतल पेयजल कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों ने मंगलवार को फिर से धरना दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस सभी को थाने ले आई। जहां पर एक की हालत बिगड़ गई तो पुलिस ने उसे स्वास्थ्य केंद्र ले जाने के लिये कहा। साथी का इलाज करा रहे कर्मचारियों ने कहा कि कंपनी के अधिकारी वेतन नहीं दे रहे हैं और जबरन तबादला किया जा रहा है।

जैतीपुर गांव के पास स्थित एक शीतल पेयजल कंपनी के करीब तीन दर्जन कर्मचारियों ने गेट के पास धरना दिया। कंपनी अधिकारियों ने उन्हें मनाने का प्रयास किया लेकिन वे लोग वेतन बढ़ाने की मांग करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को थाने बुलाया। सभी थाने पहुंचे और अपनी समस्या बताई। इसी दौरान अचानक कर्मचारी उमाकान्त गश खाकर गिर गया। जिससे एसओ के हाथपांव फूल गये। आनन-फानन उसे स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां डाक्टरों ने उसका इलाज किया। कर्मचारी उमाकान्त व मुकेश सिंह समेत कर्मचारियों ने बताया कि वे 10 साल से काम कर रहे हैं। उनका वेतन भी नहीं बढ़ाया गया और अब उन्हें निकाला जा रहा है। इसे लेकर जब वे मांग करते हैं तो पुलिस बुलाकर धमका दिया जाता है। एसओ सोहरामऊ कमल कुमार दुबे ने बताया कि बिना किसी सूचना के वे लोग धरना दे रहे थे। इसलिये उन्हें थाने बुलाकर समझाया गया था। कंपनी के मैनेजर कमलेश मिश्रा ने बताया कि इन लोगों को पूर्व के ठेकेदार द्वारा रखा गया था। वेतन भी उसी के जरिए दिया जाता है। किसी को भी निकाला नहीं गया है। जो लोग काम करना चाहे वो काम कर सकते हैं।

# अधिकारियों के मनमाने रवैये पर अधिवक्ता नाराज


बैठक में मौजूद अधिवक्ता। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


बैठक को संबोधित करते बार अध्यक्ष।


**अमृत विचार।** न्यायालयों के अधिकारियों के मनमाने रवैये से नाराज अधिवक्ताओं की एक बैठक मंगलवार को सम्पन्न हुई। इसमें अधिकारियों और न्यायालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में अधिवक्ताओं ने विरोध जताया।

बैठक में बार एसोसिएशन अध्यक्ष सतीश कुमार शुक्ला ने कहा कि अधिवक्ताओं के निधन या अन्य किसी कारणों से सदन में पारित प्रस्ताव का सम्मान करने में अधिकारी असहज महसूस करते हैं। इस पर अधिवक्ताओं ने अधिकारियों की निन्दा कर बुधवार को न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। महामंत्री अरविन्द दीक्षित ने कहा कि बार के प्रस्ताव का सम्मान न करने वाले को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। नरेंद्र अवस्थी, धरमंगल सिंह, सुनील सैनी, रमेश श्रीवास्तव, बृजेंद्र मोहन बाजपेयी, प्रमोद मिश्रा, सौरभ शुक्ला आदि रहे।

# सूने घर को चोरों ने बनाया निशाना

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- भतीजी की शादी में शामिल होने गया था परिवार
- फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र में दो घरों में हुई चोरी


चोरों द्वारा फैलाया गया सामान।

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत एक रेस्त्रां संचालक के सूने घर में गेट काटकर घुसे चोर नगदी व जेवर ले गए। साथ ही चोरों ने सीसीटीवी कैमरों का केबिल भी काट दिया। वहीं सदर क्षेत्र में ही घर के बाहर खड़ी डीसीएम चोरों ने पार कर दी। इसी तरह फतेहपुर चौरासी में भी दो घरों में रखे जेवर और नगदी चोर उड़ा ले गए।

**केस 01**

अनिल गुप्ता का शहर के गांधी नगर तिराहे के पास एक रेस्त्रा के संचालक हैं और वह परिवार के साथ शेखपुर माडल टाउन कालोनी में रहते हैं। वह परिवार सहित घर में ताला लगाकर सोमवार को सीतापुर में अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने गए थे। मंगलवार सुबह उन्हें लौटना था। सूने घर का फायदा उठा कर गेट काटकर अंदर दाखिल हुए चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर रखी 50 हजार की नगदी व डेढ़ लाख के सोने-चांदी के जेवरों पर हाथ साफ कर दिया। शाम को ट्यूशन पढ़ाने पहुंचे शिक्षक ने गेट कटा देख ग्रह स्वामी को जानकारी दी। शाम को लौटे गृह स्वामी के मुताबिक चोर अधिक सामान नहीं ले जा सके। अस्पताल चौकी इंचार्ज प्रवीन पुंज ने बताया कि जांच की गई है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं अशोक कुमार निवासी गदन खेड़ा सदर कोतवाली ने पुलिस को बताया कि सोमवार को वह माल लादकर बाराबंकी गए थे। लौटने के बाद उन्होंने डीसीएम घर के बाहर खड़ी कर दी। मंगलवार सुबह सोकर उठे तो डीसीएम गायब थी। मौके पर खिड़की का कांच व दरवाजे का लाक टूटा पड़ा था। पुलिस चोरी की घटना को जांच कर रही है।

**केस 02**

फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के शकूराबाद गांव निवासी बृजेश सैनी पुत्र सजीवन लाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती रात वह परिजनों के साथ सो रहे थे। तभी चोरों ने घर में घुसकर 46 हजार नगद व सोने चांदी के जेवर पार दिए। थानाक्षेत्र के फिरोजपुर खुर्द गांव के मजरा डूडी खेड़ा निवासी राम औतार पुत्र जगनू ने तहरीर देकर बताया कि वह परिवार के साथ लुधियाना में मजदूरी करता है। गांव में उसके घर की देखरेख उसकी बहन व मां करती है। रविवार को चोरों ने घर में रखा जेवर व पीतल के बर्तन पार कर दिए। पीड़ित ने पड़ोसी पिता-पुत्रों पर चोरी का आरोप लगाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू की है।

# भागवत कथा में रुक्मणी विवाह की झांकी देख झूमे श्रद्धालु

**शुक्लागंज उन्नाव।** गोपीनाथ पुरम में चल रही भागवत कथा के दौरान मंगलवार को कथा व्यास ने रूक्मणी विवाह और कंश वध का सजीव वर्णन किया। इसके साथ ही विवाह की मनोरम झांकी भी प्रस्तुत की गई।

मंगलवार को कथा व्यास आचार्य श्रवण द्विवेदी ने कहा कि रुक्मणी विवाह हमें शिक्षा देती है, कि विश्वास तथा प्रार्थना आत्मा के पोषक तत्व हैं। रुक्मणी का भगवान की सामर्थ पर विश्वास था। वह जानती थी कि भगवान करूणा निधि है। वह उनकी प्रार्थना अवश्य सुनेंगे। भगवान कृष्ण रुक्मणी के पत्र को पाकर रुक्मणी जी का हरण करके उनके साथ विधि-विधान से विवाह करते हैं। इस दौरान रुक्मणी विवाह की झांकी प्रस्तुत की गई। जिसे देख श्रोता झूमने लगे। डा. रामबालक यादव, वंदना यादव, संतोष मिश्रा, सर्वेश त्रिपाठी, विजय दुबे, त्रिभुवन नारायण, अरविंद अवस्थी, धर्मेन्द्र यादव मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


फोरलेन पर चेकिंग करते एआरटीओ और श्रम प्रवर्तन अधिकारी। अमृत विचार

### परिवहन, श्रम व बाल संरक्षण विभाग ने की चेकिंग

**शुक्लागंज उन्नाव।** शुक्लागंज नगर में कई नाबालिगों के हाथ में ई-रिक्शों के हैंडल देखे जाते हैं। पूर्व में इसकी शिकायत डीएम से की गई थी। मंगलवार को डीएम के निर्देश पर परिवहन व श्रम प्रवर्तन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। जहां कई नाबालिक सवारी वाहन चलाते मिले। जिस पर उनके चालान काटे और नोटिस देने के साथ ही उन्हें हिदायत भी दी। डीएम के निर्देश पर पीटीओ मदन चंद्रा के नेतृत्व में बाल संरक्षण अधिकारी संजय मिश्रा, श्रम प्रवर्तन अधिकारी संजय शुक्ला की संयुक्त टीम शुक्लागंज पहुंची। जहां टीम ने नगर के मरहला चौराहा, फोरलेन, शुक्लागंज टेंपो स्टैंड, ई-रिक्शा स्टैंड पहुंचकर सघन चेकिंग की। जहां कई नाबालिक ई-रिक्शा व टेंपो चालकों को रोककर उनके ड्राइविंग लाइसेंस व अन्य कागज मांगे। कागजात न दिखा पाने पर उनकी उम्र पूछी। नाबालिक मिलने पर प्रवर्तन अधिकारी ने दो को नोटिस दी। वहीं पीटीओ ने चार के चालान भी किये। इस मौके पर गंगाघाट पुलिस के अलावा जिला बाल संरक्षण इकाई के सामाजिक कार्यकर्ता हरिवेन्द्र सिंह भी मौजूद रहे।

### छह माह से लापता युवक नही लगा सुराग

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के अंबिका पुरम में रहने वाला एक युवक पिछले वर्ष अगस्त माह में घर से निकला था। जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। मंगलवार को परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराने के लिये कोतवाली पुलिस को प्रार्थनापत्र दिया है। अंबिकापुरम निवासी मंजू कश्यप पत्नी लक्ष्मीनारायण ने मंगलवार को गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उसका 20 वर्षीय बेटा अशोक बीते 24 अगस्त की सुबह घर से निकला था। जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा, उसकी काफी खोजबीन भी की गई लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। जिस पर पुलिस ने प्रार्थनापत्र के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर लापता की तलाश करने का आश्वासन दिया है।

### पांच दिन से किशोर गायब, रिपोर्ट दर्ज


**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के प्रेम नगर निवासी एक किशोर पांच दिन पहले घर से निकला था। जिसके बाद उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। मां की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। प्रेम नगर निवासी संतोष की पत्नी ज्योति ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि 22 फरवरी को उनका 14 वर्षीय बेटा आदित्य राठौर घर से निकला था। जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। उसकी काफी खोजबीन की गई लेकिन कहीं कोई पता नहीं चल सका। जिस पर पुलिस ने ज्योति की तहरीर पर एफआईआर दर्ज की है।

### दो युवकों ने फांसी लगा कर दी जान

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सोमवार की रात दो लोगों ने फांसी के फंदे से लटककर जान दे दी। सुबह जानकारी पर उनके परिजनों में कोहराम मचा रहा। मलवां थाना क्षेत्र के अमौरा गांव निवासी चेतन सिंह ने सोमवार की रात संदिग्ध अवस्था में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं मृतक के परिजनों ने घटना के संबंध में कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। इसी तरह बकेवर क्षेत्र के क्योटरा मजरे बेंता गांव निवासी पुत्तीलाल ने सोमवार की रात घर के अंदर फंदा डाल फांसी लगा ली।

# बच्चों ने आजाद की प्रतिमा पर माथा टेका

संवाददाता पाटन उन्नाव


आजाद प्रतिमा के पास मौजूद विद्यालय के छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के 93वें बलिदान दिवस पर क्षेत्र के एमएम पब्लिक स्कूल गौरी बीघापुर के 200 छात्र-छात्राओं ने आजाद के जन्म स्थान बदरका स्थित स्मारक परिसर में उनकी प्रतिमा पर माथा टेका। बच्चों के भारत माता की जय और अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद अमर रहे के नारों से परिसर गूंज उठा।

विद्यालय प्रबंधक गौरव अवस्थी ने बच्चों को बताया कि अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद 27 फरवरी-1931 को अंग्रेज सैनिकों का सामना करते हुए प्रयागराज के अल्फ्रेड पार्क में शहीद हुए थे। इस पार्क को आज आजाद पार्क के रूप में जाना जाता है। आजाद स्मारक समिति के मंत्री राजन शुक्ला ने बच्चों को बताया कि बदरका गांव में आजाद का जन्मदिन धूमधाम से 7 जनवरी को मनाया जाता है। उनकी मां का नाम जगरानी देवी और पिता का नाम सीताराम तिवारी था। आजाद के जीवन से प्रेरणा दिलाने के लिए स्कूल प्रबंधन के छात्र-छात्राओं को गांव का भ्रमण कराने की सोच की आजाद स्मारक समिति के सदस्यों ने सराहना की। सभी बच्चों ने आजाद प्रतिमा पर पुष्पांजलि के बाद माता टेका और जयकारे लगाए। समिति के पदाधिकारियों ने बच्चों को लड्डू भी बांटे। इस दौरान स्कूल की काउंसलर डा. कुसुमलता द्विवेदी, शिक्षिका शिखा त्रिपाठी, रश्मि सिंह, राजकुमार सर, लवकुश बाजपेई, देवेंद्र सर, शंभू शुक्ला, अचल अवस्थी, चौकी इंचार्ज रवी मिश्रा, जितेंद्र दीक्षित, अनिल, शिव प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# लापता नाबालिग बेटी की खोजने की सीओ से गुहार

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** एक पखवाड़ा पूर्व लापता हुई नाबालिग बेटी की खोज में पुलिस द्वारा लापरवाही बरतने की शिकायत पिता ने सीओ सफीपुर को प्रार्थनापत्र देकर की है।

थानाक्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी पिता ने सीओ सफीपुर को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि उसकी नाबालिग बेटी 11 फरवरी को लापता हो गयी थी। जिसकी उसने प्राथमिकी भी दर्ज कराई थी। लेकिन अभी तक पुलिस ने कोई ठोस कार्यवाही नहीं की है। वहीं कस्बे के ही एक युवक पर आशंका भी जाहिर की है। पिता ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सीओ को प्रार्थनापत्र देकर शीघ्र कार्यवाही की मांग की है। सीओ ने बताया कि प्रार्थनापत्र मिला है, कार्यवाही की जाएगी।

# ट्रांसफार्मर में खराबी, गुल रही सैकड़ों घरों की बिजली

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


ट्रांसफार्मर की मरम्मत करते कर्मी।

**अमृत विचार।** मंगलवार को कंचन नगर छह खंभा के पास रखा ट्रांसफार्मर खराब हो गया। जिससे सैकड़ों घरों की बिजली गुल हो गई। इसी तरह राजधानी मार्ग ऋषि नगर के सामने रखे ट्रांसफार्मर का तेल रिसने से बिजली गुल रही। सूचना पर पहुंचे। बिजली कर्मियों ने मरम्मत कार्य किया। जिसके बाद आपूर्ति चालू हो सकी।

मंगलवार सुबह करीब ग्यारह बजे कंचन नगर छह खंभा के पास रखा सौ केवीए के ट्रांसफार्मर की लीड जल गई। जिस कारण क्षेत्रीय लोगों ने बिजली विभाग को दी। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने मरम्मत कार्य किया। इस दौरान दोपहर तीन बजे तक सैकड़ों घरों की बिजली गुल रही। बिजली न आने से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। इसी तरह ऋषि नगर के सामने फोरलेन पर लगा 250 केवीए टांसफार्मर लीकेज हो गया। सूचना के बाद दोपहर करीब दो बजे बिजली कर्मी मौके पर पहुंचे और मरम्मत कार्य शुरू किया। दो घंटा बिबाद आपूर्ति शुरू की जा सकी। जिससे यहां भी ढाई सौ से अधिक घरों की बिजली गुल रही।

**समझाया गया** — महिलाओं व बालिकाओं को लेकर चलाई जा रही सरकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया

# महिलाओं व बालिकाओं को दी उनके अधिकारों की जानकारी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


बैठक में मौजूद विधायक व अन्य। अमृत विचार

- वन स्टाप सेंटर परिसर में पौधरोपण कर हरियाली का संदेश दिया गया

**अमृत विचार।** वन स्टाप सेंटर में मंगलवार को आयोजित हुई पब्लिक मीटिंग में जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि उप्र विधानसभा की प्रतिनिहित विधायन समिति वर्ष-2022-23 के अध्यक्ष, सदस्यों व जन प्रतिनिधियों ने आमजन को सरकारी योजनाओं के अलावा महिलाओं व बालिकाओं को लेकर चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकरियां दीं।

इसमें विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों ने सरकार द्वारा महिलाओं व बालिकाओं से संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा वन स्टाप सेंटर द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया। इसके बाद विधायक व अधिकारियों ने वन स्टाप सेंटर परिसर में पौधरोपण भी किया। इस दौरान सदर विधायक पंकज गुप्ता, साधना दीक्षित अध्यक्ष महिला मोर्चा, क्षमानाथ राय जिला प्रोबेशन अधिकारी, अशोक कुमार भूमि संरक्षण अधिकारी, अवधेश कुमार विधि सह परिवीक्षा अधिकारी, सुरुचि अग्निहोत्री अवध क्षेत्र, उमा शुक्ला, रचना त्रिवेदी, प्रियंका, जिला प्रोबेशन कार्यालय, वन स्टाप सेंटर के कार्मिकों के अलावा सैकड़ों महिलाएं भी मौजूद रहीं।


बैठक में मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

### खंड शिक्षाधिकारी ने प्रधान शिक्षकों संग बैठक कर की समीक्षा

**औरास।** विकासखंड औरास में खंड शिक्षाधिकारी की प्रधान शिक्षकों के साथ फरवरी-2024 की समीक्षा बैठक ब्लॉक सभागार औरास में हुई। अध्यक्षता करते हुए खंड शिक्षांधिकारी मनींद्र कुमार ने आपरेशन कायाकल्प की प्रगति, निपुण भारत मॉनिटरिंग सेंटर के अधिकाधिक अनुप्रयोग व डीबीटी कार्य की प्रगति, यू-डायस, पंजिकाओ के डिजिटलीकरण, प्रबंध समिति की बैठक व सामुदायिक सहभागिता के अंतर्गत होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों पर समीक्षा की। साथ ही अकादमिक लक्ष्यों की प्राप्ति पर बिंदुवार चर्चा की गई। बैठक के दौरान शैक्षिक सत्र-2023-24 में डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा किए गए आंकलन के आधार पर राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा जारी विकासखंड औरास के 9 निपुण विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों को सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक में विकासखंड के सभी एआरपी द्वारा फरवरी के अकादमिक व प्रशासनिक बिंदुओं पर भी चर्चा हुई।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद-राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1740/न0पा0प0-राठ/म्यु0सू0/2023-24/ दिनांक 23.02.2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक /आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण/ नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री जितेन्द्र सिंह व पवन कुमार पुत्रगण सुरेन्द्र सिंह | श्रीमती खेमवती पुत्री स्व0 श्री सिद्धा पत्नी श्रीमहिपाल सिंह | पठानपुरा-3 | 07 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ-हमीरपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद-राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1739/न0पा0प0-राठ/म्यु0सू0/2023-24/ दिनांक 23.02.2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक /आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण/ नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री जितेन्द्र सिंह व पवन कुमार पुत्रगण सुरेन्द्र सिंह | श्रीमती शान्ति देवी पत्नी स्व0 प्रीतम सिंह व रूद्रप्रताप सिंह | पठानपुरा-3 | 07 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ-हमीरपुर

न ह्रष्यत्यात्मसम्माने नावमानेन तप्यते।
गंगो ह्रद इवाक्षोभ्यो य: स पंडित उच्यते।।

जो अपना आदर-सम्मान होने पर खुशी से फूल नहीं उठता और अनादर होने पर क्रोधित नहीं होता तथा गंगाजी के कुंड के समान जिसका मन अशांत नहीं होता, वह ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# निष्प्रभावी यूएनएससी

यूक्रेन की स्थिति को लेकर भारत लगातार चिंतित है। भारत ने महत्वपूर्ण सवाल उठाया है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद दो साल से जारी रूस-यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने में पूर्णतया: निष्प्रभावी क्यों रही? जबकि सुरक्षा परिषद पर अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने का जिम्मा है। शनिवार को संयुक्त राष्ट्र में भारत के प्रतिनिधि ने कहा कि शत्रुता और हिंसा का बढ़ना किसी के हित में नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सितंबर 2022 में समरकंद में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के मौके पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मुलाकात के दौरान कहा था कि युद्ध का युग नहीं है। भारत की ओर से हमेशा कहा गया है कि कोई भी समाधान मानव जीवन की कीमत पर कभी नहीं निकल सकता। इसलिए शत्रुता को शीघ्र समाप्त करने और बातचीत एवं कूटनीति के रास्ते पर तत्काल वापसी के लिए सभी प्रयास किए जाने चाहिए। वास्तव में यूक्रेन संघर्ष के प्रति भारत का दृष्टिकोण जन-केंद्रित रहेगा। जरूरी है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को विकास संबंधी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए साझा उद्देश्यों और इन उद्देश्यों को हासिल करने के लिए आवश्यक साझेदारी एवं सहयोग पर ध्यान केंद्रित रखना चाहिए।

युद्ध मानवता के लिए अभिशाप बनता जा रहा है। भारत ने इस बात पर खेद जताया कि युद्ध के कारण भोजन, ईंधन और उर्वरकों की कीमत बढ़ रही है,व्यापक पैमाने पर दुनिया प्रभावित हो रही है और खासकर 'ग्लोबल साउथ' के देशों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। मतभेदों एवं विवादों का एकमात्र समाधान वार्ता ही है,भले ही इस समय यह काम कितना भी दुष्कर क्यों न लगे। शांति के मार्ग के लिए हमें कूटनीति के सभी माध्यम खुले रखने होंगे। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र प्रणाली में सुधार को लेकर इसके स्थायी सदस्यों में बीते काफी समय से उत्साह की कमी देखी गई, लेकिन वे सभी इस बात पर सहमत हुए हैं कि सुरक्षा परिषद में बदलाव लाना आवश्यक है। परिषद में स्थायी सदस्य अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस, चीन और अन्य देशों के बीच शक्ति असंतुलन को तत्काल दूर करने की आवश्यकता है ताकि परिषद को अधिक लोकतांत्रिक बनाया जा सके और अंतर्राष्ट्रीय शांति, सुरक्षा एवं व्यवस्था को नियंत्रित करने में इसकी वैधता बढ़ाई जा सके। वर्तमान गैर-स्थायी सदस्य के रूप में भारत सुरक्षा परिषद में सुधार के प्रस्तावों के व्यापक सेट वाले एक संकल्प का मसौदा तैयार कर सकता है। सुरक्षा परिषद बहुपक्षवाद को प्रभावी बनाने के लिए पुरानी एवं पुरातन संरचनाओं में सुधार और उनके पुनर्निर्माण की आवश्यकता है,अन्यथा उनकी विश्वसनीयता हमेशा कम होती रहेगी। इसीलिए इसके विस्तार की जरूरत है।

# कहानियों से प्रेरणा और कैरियर चुनने का ताना-बाना



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

कौन बच्चा विकसित होकर अपने लिए कैसा काम और कैरियर चुनता है यह 'प्रिडिक्टिव' नहीं होता। जरूरी नहीं आईएएस का बेटा आईएएस ही बने और किसान का किसान ही। उम्र के बढ़ने के साथ जब सेंसेस काम करना शुरू करती है तब हर एक मनुष्य अपने लिए एक अलग तरह ही अल्गोरिथम्स की रचना करता है।

क्या एक वैज्ञानिक की कहानी पढ़कर इसे पढ़ने वाले बच्चे वैज्ञानिक बनते हैं? मेरा ख्याल है एक कहानी जिसमें संक्षिप्त में एक व्यक्तित्व या घटना का जिक्र होता है, दस बच्चे पढ़ेंगे तो दसों ही अलग तरह से मोटिवेट होंगे। इनमें से एक टीचर बनेगा और दूसरा स्पेस साइंटिस्ट। ऐसा क्यों? जरूरत यह जानने की है कि कहानी पढ़ने से इन बच्चों के मन-मस्तिष्क में किस तरह का परिवेश जन्म लेता है और यह किस फॉर्म में विकसित होता रहा, आकार लेता रहा और इनके लिए आगे के जीवन में परिस्थितयां कैसे रूपाकार लेती रहीं, बनती-बिगड़ती रहीं।

'प्रेरणा' एक बहुत ही जटिल घटना है जिसके बारे में न्यूरोबायोलॉजिस्ट द्वारा कई स्तरों पर जांच की गई है और उनके विचार और सिद्धांत प्रकाशित रूप में उपलब्ध हैं। 'प्रेरणा' की जांच करने के लिए दार्शनिक डोमेन में तल्लीन होकर इसे 'अनुभूति' और 'सीखने' के साथ सह-संबंधित करने और फिर प्रेरणादायक कहानियों को पढ़ने या सुनकर व्यवहार को संशोधित करने के अलावा, इसे और अधिक गहराई से जानने के लिए तैयार किए गए प्रश्न अभी भी अनुत्तरित हैं। मनुष्य व्यवहार के संकेतों का क्या 'नुमेरिकल वैल्यूज' देकर और एक ज्ञात स्टेटिस्टिकल मॉडल के आधार पर इनका विश्लेषण करके हम वास्तव में कुछ जान पाएंगे। मेरे हिसाब से इस मामले में मचीन लैंग्वेज विकसित करने वाले जैसे ही आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस पर जो लोग काम कर चुके हैं, वे ही अधिक स्पष्टता से टिप्पणी कर पाएंगे।

क्या एक वैज्ञानिक की कहानी पढ़कर इसे पढ़ने वाले बच्चे वैज्ञानिक बनते हैं? मेरा ख्याल है एक कहानी, जिसमें संक्षिप्त में एक व्यक्तित्व या घटना का जिक्र होता है, दस बच्चे पढ़ेंगे तो दसों ही अलग तरह से मोटिवेट होंगे। इनमें से एक टीचर बनेगा और दूसरा स्पेस साइंटिस्ट। ऐसा क्यों? जरूरत यह जानने की है कि कहानी पढ़ने से इन बच्चों के मन-मस्तिष्क में किस तरह का परिवेश जन्म लेता है और यह किस फॉर्म में विकसित होता रहा, आकार लेता रहा और इनके लिए आगे के जीवन में परिस्थितयां कैसे रूपाकार लेती रहीं, बनती-बिगड़ती रहीं। परिवेशी फैक्टर्स और मोटिवेशनल वैल्यूज में -जो कहानी पढ़ने के बाद पैदा हुई, किस तरह का सामंजस्य पैदा होता है, यह न्यूरो-बायोलॉजिकल मेथड्स से भी ठीक से मालूम नहीं पड़ता।

मोटिवेशनल सिग्नल्स के पैटर्न्स को इन्टरप्रेट करना ही एक चुनौती है। मान लीजिए इस समस्या को हम 'चैट-जीपीटी' को सौंप देते हैं जो कि एक आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस टूल है। यह टूल नहीं बता सकता कि एक कहानी पढ़ने के बाद बच्चा और व्यस्क किस तरह से प्रभावित होकर क्या करेगा। 'बिहेवियर प्रीडिक्शन' एक मुश्किल काम है। इंदौर के संजय वर्मा ने 'क्या कहानियां प्रेरणा देती हैं' (अमृत विचार-24 फरवरी 2024) के माध्यम से जो कहना चाहा है उसे निष्कर्ष तो मान ही नहीं सकते,बल्कि एक इंडिकेटर जरूर है अर्थात बड़े पैमाने पर एक्जामिन करने के लिए समस्या की ओर यह एक इशारा मात्र है। निर्भर करता है कि ऐसे किसी एक या इससे समस्या के वैज्ञानिक अध्ययन की डिजाइनिंग कितनी कुशलता से की गई है जिससे बिहेवियरल निष्कर्ष निकाला जा सके जोकि सोशयली रिलेवेंट हो। अफसोस है कि भारत के सोश्यो-साइकोलोजिस्ट इस तरह के एक्सपेरिमेंट सेट-अप नहीं करते और न ही देश के न्यूरो-बायोलॉजिस्ट से इस मामले में प्रयोग करने के लिए कोआर्डिनेट करते हैं। यह मामला बेसिक साइंसेज में रिसर्च का है जिसे डिस्करेज किया जाता है। बेसिक रिसर्च के बिना 'कौशल' विकास भी असंभव होता है। इस बारे में उपलब्ध शोध-साहित्य से भी कोई निश्चित निष्कर्ष प्राप्त नहीं किए सकते। मेरा खुद का मानना है कि ऐसे प्रश्नों का उत्तर ढूंढने के लिए जो साइंटिफिक रूट हम अपनाना चाहते हैं वह शायद इस काम के लिए अभी उतना विकसित नहीं हुआ है जितना कि सोशल टूल्स या खुद वह मनुष्य जो यह बताए कि फलानी कहानी पढ़ने से उसे यह प्रेरणा मिली और वह वैसा ही करने या बनने के लिए खुद को तैयार करता रहा और किया या बना। मुझे नहीं लगता कि ऐसा कोई उदाहरण हमें दुनिया में मिल सकता है। यह मामला थ्योरेटिकल से आगे प्रैक्टिकल तक या व्यवहार तक पहुंचाने जाने और नतीजे रिपीट होने, देखने में अभी और वक्त लग सकता है। इसीलिए दुनिया में 'डाइवर्सिटी' का बोलबाला है। अपने भीतर अगर हम खुद झांक कर देखें तो पाएंगे कि प्रेरणा के स्रोत तो मौजूद रहे लेकिन पंचतंत्र जैसा कथा साहित्य पढ़कर किसी को पत्रकार या वैज्ञानिक बनने की प्रेरणा मिली हो, ऐसा मैं नहीं मानता। यह सब परोक्ष प्रभाव से होता है और कहानियों से हम एक वैल्यू-सिस्टम से अवगत हो सकते हैं, कैरियर डेवलपमेंट के लिए नहीं। एनालिस्ट तो यह कहते हैं कि फोकलोर की कहानियों में कोई 'मोरल' कभी नहीं दिया जाता, सिर्फ घटना का जिक्र होता है। वैल्यूज ओर मोरल श्रोता को खुद निकालना होता है।

कहानियां पढने वाले बच्चों और युवाओं में कहानियों से प्रेरणा लेकर किस तरह का 'ब्रेन-मॉडयूल' विकसित होता है, यह जानना एक कौतुक से कम नहीं। इस बारे में भी शोध हुआ है। इसके अलावा 'ह्यूमन-मोटिवेशन' की एक एव्ल्युशनरी थ्योरी पर भी काम हुआ है जिसका जिक्र सन 2006 में प्रकाशित 'जेनेटिक, सोशल एंड जनरल साइकोलॉजी' नाम से एक मोनोग्राफ में हुआ है। अकसर पेरेंट्स ही बच्चों को कहानियों की किताबें या बाल-उपन्यास लाकर देते हैं। मुझे नहीं लगता कि किसी भी माता-पिता को पेरेंटिंग के एव्ल्युशन पर किताब पढ़ने की जरूरत महसूस होती है। कुछ तो यह 'नेचुरल' है और बाकी की अपनने परिवेश से मिले 'स्टिमुलाई' पर निर्भर करती है।

कहानी से प्रेरणा लेकर एक किशोर या युवा अगर यह चाहे कि मैं यह बनूंगा, वैसा बनूंगा और उसे वही परिवेश नहीं मिलता जिसमें उसके 'प्रेरणा स्रोत' व्यक्ति का विकास हुआ था और यह बच्चा या किशोर अगर प्रयास करता रहे और वैसा नहीं बने तो उसे निराशा घेर लेगी। निराशा एक रोग है। अनेक पेरेंट्स और खुद युवा भी अपने लिए एक रास्ता कर लेते हैं लेकिन उसके अंतिम छोर, अर्थात लक्ष्य, को नहीं छू पाते और रास्ता नहीं बदलते तो इसके दुष्परिणाम सामने आते हैं। वे कुछ और बन कर अर्थात जीवन के लिए दूसरा कार्य निर्धारित हो जाने के बाद यह टीस लेकर जीते हैं जो चाहते थे वह तो नहीं बन पाए लेकिन अब यही कर लेते हैं जो सामने है। तब इसका उनके व्यक्तित्व और फॅमिली पर क्या असर पड़ता होगा? मेरे जानकारों में एक पेरेंट्स कॉलेज टीचर्स हैं। उनकी बड़ी बेटी ने एमएससी (फिजिक्स) में करने के बाद आईएएस बनने का इरादा किया। तीन साल से परीक्षा दे रही है, लेकिन प्रीलिमिनरी ही क्लियर नहीं कर पा रही। शादी के लायक हो गई है। इतने समय में, इतने ही परिश्रम से पीएचडी कर लेती। दूसरी जगह कहीं कोशिश भी नहीं की है। जिद बांध रखी है कि आईएएस ही करूंगी। मैं ऐसे बहुत से उदाहरण जानता हूं जिन्होंनें आईएएस के लिए कोशिश एकाधिक बार की लेकिन शीघ्र ही संभल गए। आईएएस के लिए की गई तैयारी के आधार पर पर वे कहीं और कामयाब हुए और उसे एक कैरियर के तौर से लेकर खुशी-खुशी रिटायर भी हो गए हैं। मानता हूं कि एक खास काम के लिए खास लेवल तक पहुंचने के लिए समझ का उत्तरोत्तर विकास होता है, लेकिन जब तक समझ बढ़ती है तब तक अवसर निकल चुके होते हैं।

कौन बच्चा विकसित होकर अपने लिए कैसा काम और कैरियर चुनता है यह 'प्रिडिक्टिव' नहीं होता। जरूरी नहीं आईएएस का बेटा आईएएस ही बने और किसान का किसान ही। उम्र के बढ़ने के साथ जब सेंसेस काम करना शुरू करती है तब हरेक मनुष्य अपने लिए एक अलग तरह ही अल्गोरिथम्स की रचना करता है। इनका फंक्शन शायद इनवोलंटरी अधिक होता है। खुद की कमांड से ये कितना काम करेंगी, मुझे मालूम नहीं। यह तो प्रत्येक मनुष्य अपने भीतर झांक कर देख सकता है। विविधता का आलम इतना विशाल और जटिल प्रतीत होता है कि कहानियों से प्राप्त प्रेरणा की पृष्ठभूमि कहीं दूर गहराई में विलीन होने का अहसास बना रहता है।

## प्रसंगवश

# जीवन में मिथक का सत्य

वास्तव में मिथकों का अध्ययन लोकजीवन के सांस्कृतिक स्रोतों का ही अध्ययन है। उनकी अनदेखी करना अपने को ही वंचित करना होगा।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मिथक राष्ट्रीयता की शक्ति है। राष्ट्र की शक्ति है। सामूहिक मानस की शक्ति है। अवचेतन मन की ऊर्जा है। जिस के पास मिथकीयता नहीं,वह मानसिक रूप से विकलांग है। उसके पास अभिव्यक्ति की वह शक्ति कदापि नहीं हो सकती कि वह लोकमानस को संबोधित कर सके। मिथक भले ही इतिहास का सच नहीं होता,किंतु लोगों की जिंदगी में उसकी जो भूमिका होती है,वह इतिहास के सच से भी अधिक प्रभावशाली होती है। मिथक लोकचेतना का सच होता है। लोकजीवन मिथकों के साथ जीता है। मिथकों की भाषा में सोचता है, मिथकीय भाषा में अपने को अभिव्यक्त करता है, मिथक को लोकजीवन से विच्छिन्न करके नहीं सोचा जा सकता। मिथक वाचिक परंपरा है। पुराण लिखित परंपरा है।

मिथक-कथाओं की युगानुकूल व्याख्या जरूरी है अन्यथा जिहाद भी मिथक ही तो है। इस विषय पर एक जर्मन लोकवार्ता-शास्त्री कई साल से रिसर्च कर रहे हैं। मिथक समष्टिचेतना का अंश होते हैं,उनकी सत्ता विद्यमान है,किसी महापुरुष के आंख बंद कर लेने से उसकी उपस्थिति में अंतर नहीं आता। यह ऊर्जा है,चिंगारी से दीपक भी जलाया जा सकता है और झोंपड़ी भी। विश्व के लोकवार्ता शास्त्री आज मिथकों के अध्ययन की ओर प्रवृत्त हुए हैं, लिन्क्ड-इन पर जाकर आप माइथोलॉजी-ग्रुप का डिस्कशन देखें, अरबी, इस्लामिक, रोमन, ग्रीक, मेसोपोटामिया, जापानी-चीनी मिथक शास्त्र पर विमर्श चल रहा है। एमीलियोवैली, लौरी होंको आदि ने मानवीकरण, प्रतीकवाद आनुष्ठानिक सिद्धांतों का प्रतिपादन किया है।

वास्तव में मिथकों का अध्ययन लोकजीवन के सांस्कृतिक स्रोतों का ही अध्ययन है। उनकी अनदेखी करना अपने को ही वंचित करना होगा। मिथक मिथ्या नहीं होता है, वह हमारी चेतना का एक सूत्र है,सत्य है। इतिहास का सत्य आपकी किताबों में है,मिथक का सत्य हमारे जीवन में है।

# बढ़ती अर्थव्यवस्था और आर्थिक सुधार



प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

भारत में एक नया मध्य वर्ग उभरा है। यह नौकरी के बढ़ते अवसरों और आईटी तथा आउटसोर्सिंग जैसे क्षेत्रों के विस्तार के कारण है।

भारत की व्यापार करने में आसानी सूचकांक यानि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंक 63 है और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता सूचकांक 40 है। 476 मिलियन श्रमिकों के साथ भारतीय श्रम शक्ति दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी शक्ति है,जनसंख्या की दृष्टि से पहले स्थान है। भारत में दुनिया के सबसे अधिक अरबपतियों की संख्या और अत्यधिक आय असमानता भी है।

भारत की अर्थव्यवस्था मिश्रित, नियोजित अर्थव्यवस्था से रणनीतिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय सार्वजनिक क्षेत्र के साथ मिश्रित मध्यम आय वाली विकासशील सामाजिक बाजार अर्थव्यवस्था में परिवर्तित हो गई है। यह नाम मात्र जीडीपी के हिसाब से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के हिसाब से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। प्रति व्यक्ति आय के आधार पर,भारत सकल घरेलू उत्पाद (नाममात्र) द्वारा 139 वें और सकल घरेलू उत्पाद (पीपीपी) द्वारा 127 वें स्थान पर है।

1947 में स्वतंत्रता के दौर से लेकर 1991 तक की आर्थिक नीति को राज्य हस्तक्षेप, प्राकृतिक संसाधन, नौकरशाह संचालित उद्यमों और आर्थिक विनियमन के साथ संरक्षणवादी आर्थिक नीतियों को बढ़ावा दिए जाने वाला रहा है। इस संरक्षणवादी आर्थिक नीति के कारण देश की विकास दर लगभग 3-4 प्रतिशत तक रही और 4 प्रतिशत से आगे नहीं बढ़ पाई। इसलिए इस व्यवस्था को लाइसेंस राज की आर्थिक अनुशासनहीनता के रूप में ही याद किया जाता है। भारत में 1991 में गंभीर आर्थिक संकट के कारण व्यापक स्तर पर आर्थिक उदारीकरण की नीति को अपनाया। इन आर्थिक सुधारों के जनक तत्कालीन प्रधनमंत्री पीवी नरसिंहा राव रहे,उन्होंने उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की प्रक्रिया शुरू की। इन सुधारों को अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने 'सेकेंड जेनरेशन रिफॉर्म' के रूप में आगे बढ़ाया, उसका परिणाम है कि 21 वीं सदी की शुरुआत से ही वार्षिक औसत सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 6 प्रतिशत से 7 प्रतिशत रही है और लगातार बढ़ती जा रही है।

भारत की जीडीपी का लगभग 70 प्रतिशत घरेलू उपभोग से प्रेरित है, निजी खपत के अलावा जीडीपी में सरकारी खर्च, निवेश और निर्यात से भी संचालित होती है। इसलिए विकास की गति बढ़ाने के लिए विनिर्माण उद्योग,ऊर्जा,तकनीकी,रक्षा,परिवहन आदि बुनियादी सुविधाओं की गुणवत्ता में आमूलचूल बदलाव की जरूरत थी और इन क्षेत्रों में पिछले एक दशक के दौरान तेजी से सुधार हुआ है। इन्हीं बदलावों में एक महत्वपूर्ण निर्णय जनधन खातों को खोलने का रहा इसने समाज में और गवर्नेंस में पारदर्शिता के रूप में एक नई क्रांति को जन्म दिया। कोविड-19 की वैश्विक महामारी की भीषण त्रासदी के बावजूद आज अर्थव्यवस्था विश्व के अन्य देशों के मुकाबले सबसे तेज गति से बढ़ रही है। इन आर्थिक सुधारों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए खोलने में मदद की जिससे विदेशी निवेश और व्यापार में वृद्धि हुई। आज देश का रिजर्व लगातार बढ़कर कर 600 बिलियन डॉलर को पार कर गया है, शेयर बाजार का आकार भी विश्व में चौथे स्थान पर पहुंच गया और लगातार बढ़ रहा है। भारत में एक नया मध्य वर्ग उभरा है। यह नौकरी के बढ़ते अवसरों और आईटी तथा आउटसोर्सिंग जैसे क्षेत्रों के विस्तार के कारण है। भारत आज तेज गति से बढ़ रहा है और शीघ्र तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। इसकी सबसे बड़ी वजह युवा जनसंख्या का होना है।

विकास की गति जारी रखने के लिए आवश्यक है कि बुनियादी ढांचे में सुधार के साथ-साथ ऊर्जा,रक्षा,तकनीकी व फार्मा क्षेत्र में शोध तथा नवाचार को बढ़ावा देना होगा। साथ ही शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार भी बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में करने से मानव विकास सूचकांक में सुधार होगा। पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों पर शोध व अध्ययन को व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित करना होगा। न्यूक्लियर एनर्जी, इलेक्ट्रॉनिक वाहनों का प्रयोग, सौर ऊर्जा तथा एथोनोल जैसे जैविक ईंधन पर भी और तेज गति से कार्य करने की आवश्यकता है जिससे पर्यावरण सुरक्षा व विकसित भारत का लक्ष्य पूरा होगा।

## सोशल फोरम

# नवउदारवादी आर्थिकी की परिणति



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

एक आर्थिक विशेषज्ञ बता रहे थे कि पिछले दस साल में कार्पोरेट घरानों द्वारा लिए गए तेरह लाख करोड़ रुपयों के बैंक लोन 'बैड लोन'घोषित हो गए और उन्हें माफ कर दिया गया। महज दस साल में महज कुछ घरानों ने तेरह लाख करोड़ रुपयों को खा पचा लिया। उसके पहले का हिसाब अलग होगा।

दूसरे विशेषज्ञ बता रहे थे कि पिछले एक साल में एक सौ पच्चीस अरबपतियों ने भारतीय बैंकों से लोन लेकर भारत छोड़ दिया। इनमें जिनका लोन सबसे कम था वह एक सौ करोड़ रुपयों का था। नौकरी करने वाले और इनकम टैक्स देने वाले पढ़े लिखे लोग जानते हैं कि पिछले दस वर्षों में आय कर की दरें आनुपातिक रूप से उच्चतम स्तरों पर जा पहुंची हैं।

टैक्स वसूल करने में आयकर विभाग की सख्ती भी पिछले दशक के मुकाबले इस दशक में बढ़ी है। यानी लाखों करोड़ रुपये डकार जाने वाले शक्तिशाली कार्पोरेट से वसूली में सरकार का दम फूल जाता है और वे पब्लिक मनी की लूट मचाकर सुरक्षित निकल जा रहे हैं,लेकिन मध्य वर्ग और निम्न मध्य वर्ग के लोगों के लोन की किस्तें वसूलने में बैंकों की तत्परता देखते ही बनती है। होम लोन या किसी तरह के कंज्यूमर लोन या फिर पर्सनल लोन लेने के बाद कोई आम आदमी एक पैसे की भी हेराफेरी नहीं कर सकता। उन्हें लोन देने वाले बैंक मूल और ब्याज के एक एक पाई का हिसाब रखते हैं। बिना किसी नियमित आय वाले निम्न आर्थिक वर्ग के लोगों को तो बैंक लोन देते ही नहीं।

हम जो अक्सर पढ़ते सुनते हैं कि भारतीय बैंकों की माली हालत अच्छी नहीं है,उसके पीछे के मूल कारण हम नहीं, हमारे दौर के बड़े लोग हैं। ऐसे बड़े लोग जिनके हाथों में सत्ता की डोर होती है और बड़े नौकरशाह जिनके प्यादे बन कर खुद को धन्य महसूस करते हैं। वे हमारे सार्वजनिक संसाधनों पर लगातार कब्जा करते जा रहे हैं। यह तो अलग और बेहद विस्तृत अध्याय है। इसे ही कहते हैं कार्पोरेट राज,जो नवउदारवादी आर्थिकी की स्वाभाविक परिणति है। **-फेसबुक वॉल से**

# गोवा को देश की आध्यात्मिक राजधानी बनाने की तैयारी



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

गोवा में स्थित मंदिरों में मूलत: देश के अधिकांश हिंदू मंदिरों की तरह ही एक देवता की पूजा की जाती है। ऐतिहासिक कारणों से राज्य के मंदिरों की वास्तुकला थोड़ी अलग जरूर है।

कितने भारतीयों को पता है कि पुर्तगाली राज, खूबसूरत समुद्री तटों, नाइट लाइफ और प्राकृतिक सुंदरता से इतर गोवा का सनातन संस्कृति और ऐतिहासिक मंदिरों का समृद्ध इतिहास रहा है? गोवा अपने इसी गौरवशाली अतीत को एक बार फिर से स्थापित करने की ओर बढ़ रहा है। पुर्तगाली शासकों ने अपने 450 वर्षों से अधिक के शासनकाल के दौरान राज्य में मंदिरों को नुकसान पहुंचाया। 1961 तक देश के इस सबसे छोटे राज्य पर शासन के दौरान पुर्तगाली शासकों ने मुस्लिम शासकों की तरह ही हिंदू मंदिरों को नष्ट किया था। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत का दावा है कि पुर्तगालियों ने अपने शासनकाल के दौरान मंदिरों को नष्ट करना शुरू कर दिया था। मराठा राजाओं की चेतावनी और शांति समझौते पर हुए हस्ताक्षर के बाद उन्होंने मंदिरों को नुकसान पहुंचाना बंद किया।

17 वीं सदी में मराठा साम्राज्य की स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक की 350 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह में उन्होंने कहा कि राज्य को उसके समृद्ध सनातन संस्कृति लौटाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार योजना बना रही है। समारोह में उन्होंने कहा कि कम से कम गोवा की आजादी के 60 साल बाद हमें पुर्तगालियों के निशान मिटा देने चाहिए।

गौरतलब है कि मराठा शासक ने ही सबसे पहले देश में स्वराज या स्वशासन का विचार रखा। उन्होंने गोवा आकर सप्तकोटेश्वर मंदिर का पुनर्निर्माण कराया और पुर्तगालियों को मंदिरों को नष्ट करने के खिलाफ चेतावनी दी। राज्य के मुख्यमंत्री ने कहा कि "यही कारण है कि हम कहते हैं कि हिंदू संस्कृति को बचाने का प्रमुख श्रेय शिवाजी और उनके बेटे संभाजी को जाता है।"

इस बीच गोवा पर्यटन विभाग ने एकादश तीर्थ की शुरुआत कर आध्यात्मिकता, स्वदेशी, सभ्यतागत और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर जोर देना शुरू कर दिया है। इस योजना के एक हिस्से के रूप में राज्यभर में 11 मंदिरों के आसपास समुदाय-आधारित पर्यटन केंद्र विकसित करने की तैयारी जोरों पर है। ये सभी 11 मंदिर राज्य के उन सात पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्रों से होंगे,जहां विकास एवं निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता। गोवा पर्यटन विकास निगम (जीटीडीसी) ने क्यूपेम, सत्तारी, कैनाकोना और सवोर्डेम में स्थित मंदिरों को नया और भव्य रूप देने की दिशा में कदम बढ़ाना शुरू कर दिया है। राज्य पर्यटन विभाग गोवा को दक्षिण का काशी के रूप में पहचान दिलाने के लिए लगातार पहल कर रहा है। इसी पहल के तहत गोवा के धार्मिक पक्ष, विशेष रूप से मंदिरों को पर्यटकों के लिए खोला जा रहा है। गोवा पर्यटन बोर्ड की अधिकार प्राप्त समिति जल्द ही आध्यात्मिक पर्यटन सर्किट को अंतिम रूप देगी।

गोवा में स्थित मंदिरों में मूलतः देश के अधिकांश हिंदू मंदिरों की तरह ही एक देवता की पूजा की जाती है। ऐतिहासिक कारणों से राज्य के मंदिरों की वास्तुकला थोड़ी अलग जरूर है। आमतौर पर किसी भी हिंदू मंदिर का मूल डिजाइन मंदिर के गर्भगृह के आसपास ही व्यवस्थित होता है जिसमें मुख्य देवता विराजमान होते हैं। मंदिर के बाहरी डिजाइन में एक मीनार या शिकारा मुख्य मंदिर के ऊपर होता है,जो पारंपरिक रूप से पिरामिड के आकार जैसा होता है।

धार्मिक विरासत स्थलों और ऐतिहासिक मंदिरों में निश्चित रूप से यह क्षमता है कि वे गुणवत्तापूर्ण और अधिक खर्च करने वाले पर्यटकों को लुभा सकें। इसी दृष्टिकोण से राज्य का पर्यटन विभाग गोवा में आध्यात्मिक सर्किट बनाने की रणनीति पर काम कर रहा है। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पर्यटन विभाग जल्द ही एक विज्ञापन अभियान और वृत्तचित्र श्रृंखला शुरू करने पर विचार कर रहा है। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के साथ ही गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने राज्य को आध्यात्मिक पर्यटन की राजधानी बनाने की घोषणा कर दी थी। देश में स्थित तिरुपति, शिरडी, अजमेर और अमृतसर जैसे क्षेत्रों की आर्थिक तंत्र का मुख्य हिस्सा ही धार्मिक पर्यटन है। इसके अलावा वेटिकन सिटी,सऊदी अरब में मक्का और पाकिस्तान में करतारपुर साहिब ऐसे स्थल हैं,जो वहां की अर्थव्यवस्था के मुख्य अंग हैं।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों ने 15 फरवरी को अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन किए और मंदिर में पूजा-अर्चना की। राम मंदिर को लाखों भारतीयों के प्रेम और विश्वास का प्रतीक बताते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से उन्होंने अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर श्रीरामलला के दर्शन-पूजन करके खुद को धन्य महसूस कर रहा हूं।'

अंत में यह सवाल है कि क्या गोवा भारत की धार्मिक और आध्यात्मिक राजधानी बन सकता है? निःसंदेह, यह हो सकता है। जिस प्रकार से गोवा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ रहा है,मुमकिन है कि जल्द ही यह भारत की आध्यात्मिक राजधानी बन जाएगी।

# बैंकों में डिपॉजिट ग्रोथ

अगर बैंक एफडी पर आने वाले समय में कुछ और बढ़ोतरी करेंगे तो शायद मध्यम वर्ग की जनता के लिए थोड़ी राहत की बात होगी।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

हाल के दिनों में बैंकिंग सेक्टर में जमाराशियों में अच्छी ग्रोथ देखने को मिली है। डिपॉजिट रेट यानी एफडी रेट में कुछ बढ़ोतरी से ऐसा मुमकिन हो सका है। वित्त वर्ष 2024 की दिसंबर तिमाही में 12.5 प्रतिशत की वृद्धि दर देखने को मिली है,जो वित्त वर्ष 2023 की इसी तिमाही में 9.6 प्रतिशत ही थी। हालांकि बैंकों का लो कास्ट डिपॉजिट यानी चालू खाता और बचत खाता में जमा राशि में कमी आई है।

इसका कारण जमा राशियों में बढ़ोतरी होना तो है ही,अभी हाल के दिनों में कुछ बैंको ने डिपॉजिट रेट बढ़ाए हैं,वहीं बचत बैंकों पर ब्याज का आकर्षण कम होता गया है। वर्तमान में अगर यूनियन बैंक बचत बैंक का ब्याज देखे तो घटकर 2.75 प्रतिशत रह गया है जबकि एफडी रेट निरंतर बढ़ रहा है,जो वर्तमान समय में 7.90 प्रतिशत हो गया है। (सीनियर सिटीजन के लिए आधा प्रतिशत अधिक) ऐसे में ग्राहकों ने सुविधाओं का लाभ उठाते हुए बचत खाते को फ्लेक्सी खाते (स्वीपिंगखाते) में कनवर्ट करा लिया है और अधिकाश राशियां स्वतः बचत खाते से एफडी खाते में ट्रांसफर हो रही है और ग्राहक इसका भरपूर लाभ ले रहे हैं। मोबाइल बैंकिग करने वालों के लिए और भी आसानी है। वो बगैर बैंक जाए ही इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं और लाभ ले भी रहे हैं।

अगर बैंक एफडी पर आने वाले समय में कुछ और बढ़ोतरी करेंगे तो शायद मध्यम वर्ग की जनता के लिए थोड़ी राहत की बात होगी। चुनावी समय होने से जनता उम्मीद भी कर रही है।

# प्रधान आरक्षी समेत 23 पुलिस कर्मी लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

● लोकसभा चुनाव में निष्पक्षता बनाये रखने के उद्देश्य से लिया गया है निर्णय

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष कराने के उद्देश्य से 23 पुलिसकर्मियों को एक साथ लाइन हाजिर कर दिया गया। जिनमें प्रधान आरक्षी, आरक्षी और महकमे के चालक शामिल हैं।

शहर कोतवाली के आरक्षी तेजवीर सिंह व हिमांशु कोतवाली फतेहगढ़ के आर्य चौधरी व ड्राइवर रामसेवक, थाना मऊ दरवाजा के प्रधान आरक्षी ललित कुमार, सिपाही पंकज कुमार, भूपेंद्र सिंह व योगेश बाबू को लाइन हाजिर किया गया है। इसी तरह थाना कादरीगेट के दीवान सत्येंद्र कुमार, सिपाही अनिल कुमार, थाना कमालगंज के दीवान शिव प्रताप, सिपाही विश्वेन्द्र प्रपात सिंह, सिपाही देवेंद्र, सिपाही अमरदीप कुमार व चालक नगेंद्र सिंह, कोतवाली मोहम्मदाबाद के सिपाही रोहित कसाना, शोभित चौहान व सौरभ धीमान, थाना नवाबगंज के चालक सुरेशचंद पर गाज गिरी है। थाना राजेपुर के दीवान चंद्रशेखर राजपूत, सिपाही अंकुर कुमार, थाना शमशाबाद के सिपाही मूर सलीम अहमद व ड्राइवर सूरज सिंह शामिल हैं। लाइन हाजिर किए गए कर्मचारियों में सर्वाधिक पांच थाना कमालगंज व चार थाना मऊदरवाजा के पुलिस कर्मी हैं। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व एक ऑडियो वायरल हुआ था जिसमें एक सिपाही द्वारा 100 रुपये मांगते सुना गया था।

# 33 साल बाद करनौली के किसान बने 'भू-स्वामी'

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

**वर्ष 1990 में फतेहगढ़ के फूस बंगला में लगी रहस्मय आग में जल गए थे गांव के सभी अभिलेख**

**अमृत विचार।** करनौली गांव के किसानों को जब 33 साल बाद जमीन के दस्तावेज मिले तो उनके चेहरे खिल उठे और जिला प्रशासन समेत चकबंदी विभाग के अधिकारियों को धन्यवाद दिया। साल 1990 में फतेहगढ़ के फूस बंगला (अभिलेखागार) में लगी रहस्यमय आग में इस गांव के सभी अभिलेख जल गए थे। डीएम ने गांव पहुंचकर किसानों को खतौनी की एक प्रति प्रदान की और बताया कि जल्द ही धारा 52 का प्रकाशन कर अभिलेख राजस्व विभाग को सौंप दिए जाएंगे।

मंगलवार को क्षेत्र के ग्राम करनौली में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, बंदोबस्त अधिकारी (चकबंदी) मोहनलाल ने ग्राम प्रधान जदुनाथ सिंह सहित सभी किसानों को खतौनी की प्रति प्रदान की। डीएम ने बताया कि अब इस गांव के किसानों को भी सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। इससे पहले क्षेत्र के गांव नंदलालपुर (लोधापुर) के किसानों को भी खतौनी प्रदान की चुकी है। तहसील क्षेत्र के 34 गांवों के अभिलेख जले थे, जिनकी खतौनी तैयार की जा रही है। जल्द ही सभी गांवों के लोगों को कंप्यूटराइज्ड खतौनी प्राप्त होगी। किसानों ने जिला प्रशासन व चकबंदी अधिकारियों की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया। तहसीलदार अभिनव कुमार, राजस्व निरीक्षक घनश्याम त्रिपाठी, लेखपाल शैलेंद्र यादव, महेश पाल सिंह यादव आदि किसान मौजूद रहे।


करनौली गांव में किसान को खतौनी देते डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल।

● जिलाधिकारी ने किसानों को सौंपी खतौनी, जल्द होगा धारा 52 का प्रकाशन

## जल्द होगा धारा 52 का प्रकाशन

राजस्व निरीक्षक (चंकबंदी) घनश्याम त्रिपाठी ने बताया कि करनौली गांव में खतौनी वितरण के बाद जल्द ही धारा 52 का प्रकाशन होगा और सभी अभिलेख तहसील के राजस्व विभाग को सौंप दिए जाएंगे। जोत चकबंदी अधिनियम 1953 की धारा 52 के अंतर्गत चकबंदी प्रक्रिया को पूर्ण कर अभिलेख राजस्व विभाग को सौंप दिए जाते हैं। इसके बाद नक्शा बनने के लिए रुड़की भेज दिया जाता है। अब इन गांवों के किसानों को क्रेडिट कार्ड, किसान सम्मान निधि समेत सभी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

### इन गांवों के किसानों को अब भी इंतजार

परगना छिबरामऊ के ग्राम भरौली सिरखनेपुर, विशुनगढ़, मेरापुर गढ़िया, अकबरपुर, सरदामई, हरबल्लभपुर, कुंवरपुर बनवारी, उस्मानपुर, विशुनपुर हासिलपुर, कुंवरपुर जनूं, भौंराजपुर, पलिया बूंचपुर, करमुल्लापुर, असेह, डालूपुर सुल्तानपुर, खोजीपुर, प्रानपुर पल्यौरा, बरुआ सबलपुर, व हाथिन, परगना सकतपुर के बौथम, मोहद्दीनगर, गढ़िया पाह, खड़िनी, बौसिया, अरूहो व हसेरन, परगना सकरावा के मुर्रा, परगना सौरिख के कटिघरा बहादुरपुर, परगना तालग्राम के इंदुईयागंज व रोहली एवं तहसील तिर्वा के ऐराहो व बिलंदपुर के किसान अब भी कंप्यूटराइज्ड खतौनी का इंतजार कर रहे हैं।

# व्यापार करने के नाम पर हड़पे 19 लाख

**फतेहपुर।** बहन की ससुराल में रह रहे व्यक्ति ने फर्नीचर का व्यवसाय करने के नाम पर रुपये मांगे। भरोसे में आकर पीड़ित ने उसे 19 लाख रुपये दिए। अब आरोपी रुपये वापस नहीं कर रहा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बिन्दकी कस्बे के कुंवरपुर रोड निवासी सोहेल खान ने बताया कि उसकी बहन की ससुराल गांव हड़हा थाना अचलगंज में है। यहां रहने के दौरान उसकी मुलाकात गांव के ही बाबू उर्फ मारूफ खान से हुई। उसने बताया कि वह फर्नीचर का व्यवसाय करता है, लेकिन व्यवसाय बढ़ाने के लिए उसके पास रुपये नहीं है। उसने झांसा दिया कि व्यापार के लिए रुपये लगाए और मुनाफा का आधा हिस्सा ले। सोहेल ने मारूफ के खाते में अलग-अलग तारीखों में कुल 19 लाख रुपए ट्रांसफर किए।

# घरों को रोशन करेगा रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट

## एक से 10 किलोवाट तक के संयत्र का मिलेगा लाभ, ऑनलाइन करें आवेदन, लाभार्थी को अपना अंश ही देना होगा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** अब आप भी अपने घर की छत या धूप वाले स्थानों पर बिजली बनाकर बिक्री कर सकते हैं। निजी आवासों में ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सोलर पावर प्लांट लगाने की योजना शुरू हो गई है। पीएम सूर्य घर योजना के तहत सरकार ने मुफ्त बिजली योजना चलाई है। इसके तहत एक से लेकर 10 किलोवाट तक की क्षमता वाले संयत्र अनुदान पर लगाए जाएंगे। आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाइन है।

उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपी नेडा) की ओर से संयंत्र लगाने के लिए कंपनियों का भी चयन कर लिया गया है। इच्छुक लोग पोर्टल https://pmsuryaghar.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) तिर्वा क्षेत्र के एसडीओ कुलदीप राजपूत ने बताया कि संयंत्रों पर 75 फीसदी तक अनुदान है। प्रक्रिया के तहत आवेदन ऑनलाइन होगा, जो यूपीपीसीएल यानि बिजली विभाग के पास ही पहुंचेगा। उसके बाद उसे नेडा को भेजा जाएगा। वहां से वेंडर के पास जाएगा। उन्होंने बताया कि लाभार्थी अपने अंश का भुगतान भी पोर्टल के जरिए कर सकते हैं। इसके अलावा लोन की भी सुविधा है। घरेलू कनेक्शनों पर यह लाभ दिया जा रहा है। एसडीओ का कहना है कि आवेदक को पहले आओ पहले पाओ के तहत लाभ दिया जाएगा। पीएम सूर्य घर मोबाइल एप पर भी जानकारी ली जा सकती है। जो संयंत्र वेंडर लगाएंगे उनकी सूची वेबसाइट https://upnedasolarrooftopportal.com/Approved-Firms पर उपलब्ध है।



कन्नौज में योजना के प्रचार व फोटो खिंचाने के लिए रखा सेल्फी प्वाइंट। अमृत विचार




**10** किलोवाट तक की क्षमता वाले संयत्र अनुदान पर

### यह होंगे फायदे

- ऑनग्रिड सिस्टम से यूपीपीसीएल को भी बिजली बिक्री की जा सकती है।
- विभाग पर बिजली का लोड कम होगा।
- कोयला से बिजली बनती है, जिससे प्रदूषण भी फैलता है, उस पर रोक लगेगी।
- लंबी दूरी से आने में काफी मात्रा में बिजली का नुकसान भी होता है, यह बचेगा।

### लाभार्थियों को इस तरह मिलेगा लाभ

| संयंत्र की क्षमता | कुल अनुदान | कुल लागत | लाभार्थी का अंशदान |
|---|---|---|---|
| एक किलोवाट | 45 हजार | 60 हजार | 15 हजार |
| दो किलोवाट | 90 हजार | 1.20 लाख | 30 हजार |
| तीन किलोवाट | 1.08 लाख | 1.80 लाख | 72 हजार |
| चार किलोवाट | 1.08 लाख | 2.40 लाख | 1.32 लाख |
| पांच किलोवाट | 1.08 लाख | 3.00 लाख | 1.92 लाख |

नोट- चार से 10 किलोवाट तक के संयंत्रों पर अनुदान 1.08 लाख रुपये ही मिलेगा। इसके बाद लाभार्थी का अंशदान बढ़ेगा।

# गायब युवक की सिर कटी लाश मिली

**फतेहपुर।** दो दिन से गायब युवक का सिर कटी लाश जंगल में मिली है। जंगल गए ग्रामीण की नजर जब पड़ी तो आसपास गांव के लोगों को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने पहचान कर पुलिस को सूचना दी। सिर कटी लाश मिलने के सूचना पर पुलिस अधीक्षक फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और हत्या के खुलासे के लिए पांच टीमों को लगाया।

सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के जगजीवनपुर गांव के बाहर जंगल में मंगलवार सुबह झाड़ियों में एक युवक की सिर कटी लाश पड़ी हुई थी। सुबह करीब 11 बजे के आसपास गांव का एक व्यक्ति जंगल गया तो सिर कटी लाश देखकर ग्रामीणों को सूचना दी। शव मिलने की जानकारी पर ग्रामीणों की भीड़ मौके पर लग गई। शव देखकर एक परिवार ने पहचान करते हुए पुलिस को सूचना दी। शव की पहचान विराहीनपुर मजरे जगजीवनपुर निवासी नरेन्द्र कुमार पटेल (19) के रूप में की गई। परिजनों की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई।


स पा विधायक विनोद चतुर्वेदी का पुतला फूंकते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

# अपने ही विधायक का सपाइयों ने फूंका पुतला

कार्यालय संवाददाता उरई

● आक्रोशित सपाइयों ने जुलूस निकाल कर सपा विधायक के खिलाफ की नारेबाजी

**अमृत विचार।** दलबलने में महारथ हासिल करने वाले सपा के कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने आज राज्यसभा के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर सपा से अलविदा कर भाजपा का कमल खिलाने में जुट गये।

इस मामले की खबर लगते ही जनपद के सपाइयों में कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी के प्रति आक्रोश पैदा हो गया और उन्होंने शहर के मुख्य मार्गों पर विनोद चतुर्वेदी के विरोध में नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला बाद में शहर के आंबेडकर चौराहा पर पहुंच कर अपने सपा विधायक विनोद चतुर्वेदी का पुतला दहन कर विरोध जताया। सपा के धीरेंद्र सिंह यादव उर्फ सनी, शांतनु कोच, संजय वर्मा, सिद्धार्थ यादव, छोटू टाइगर, फरहत अल्लाह, शैलेंद्र श्रीवास, सुनील यादव, सुनील प्रदुम चौहान ,हिमांशु खरकैया, हेमंत, मिलन चिल्ली, अफसर, सिराज खान, आसिफ, दिनेश सहित दर्जनों सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एक माह चला मेला, अब घाट वीरान

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** गंगातट पांचालघाट पर एक माह तक कल्पवास करने के बाद कल्पवासी अपने-अपने घर वापस लौट गए। जाते-जाते कल्पवासी गंगा के तटों को गंदा कर गए। वही एक महीने तक आबाद रहा पांचाल घाट अब वीरान होने लगा है।

महाभारत काल में पाण्डवों की कर्मभूमि रहे गंगातट पांचाल घाट पर लगे माघ मेले में एक माह तक कल्पवास करने वाले कल्पवासी एक माह की कठिन साधना के बाद जाने लगे है। यह कल्पवासी पुआल फूस वहीं छोड़ गए, जिससे गंगा के तटों पर गंदगी देखी जा रही है। इसके साथ ही दोना, पत्तल तथा फटे पुराने कपड़े भी कल्पवासी जगह जगह छोड़ गए हैं। चढ़ाए गए फूल माला भी गंगा के दोनों तटों पर पहुंचकर सड़ने लगे हैं। पांचाल घाट पर गंदगी ही गंदगी नजर आ रही है। हालांकि कल्पवासियों के जाने के बाद फिर पांचालघाट सूना लगने लगा है। अबतक चारों तरफ राम नाम के जयकारे की आवाजें जहां सुनाई पड़ती थी।

आज वहां फिर जंगली जानवरों की भयानक आवाजे सुनाई पड़ने लगी हैं। बताते चलें कि गंगातट पांचाल घाट पर अर्ध कुम्भ की तरह मेला राम नगरिया लगता है। माघ मास में इस धरती पर एक माह के लिए स्वर्ग उतर आता है। जाते समय कल्पवासी भागीरथी के तटों को गंदा कर जाते हैं। यह क्रम हर साल चलता है। इस साल भी कल्पवासी तमाम गंदगी छोड़ गये हैं। मेला प्रबन्धक संदीप दीक्षित का कहना है कि कल्पवासी अपनी झोपड़ियां ट्रैक्टर पर लाद ले गए हैं और गंदगी यहां छोड़ गए, जिसे नगर पालिका परिषद के द्वारा साफ कराया जाएगा।


वीरान होता पांचाल घाट। अमृत विचार

# पूर्ति निरीक्षक के सामने दो पक्षों में चली लाठी

संवाददाता किशनपुर

● शिकायती पत्र पर फर्जी हस्ताक्षर को लेकर हुआ हंगामा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के बरैची गांव में मंगलवार को कोटे में घटतौली की शिकायत पर जांच करने पहुंचे पूर्ति निरीक्षक के सामने दो पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें कई लोग बुरी तरीके से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया।

बरैची गांव निवासी नुरुल हसन सरकारी राशन की दुकान का कोटेदार है। पिछले दिनों कोटे पर घटतौली को लेकर गांव के ही रहने वाले गोलू सिंह ने करीब 15 लोगों के हस्ताक्षर के साथ कोटेदार की शिकायत की थी। शिकायत के बाद मंगलवार को पूर्ति निरीक्षक जांच के लिए पहुंचे। पूर्ति निरीक्षक के आने के बाद शिकायती पत्र मे दर्शाए गए लोगों को बुलाया गया। इस दौरान कई लोगों ने शिकायती पत्र पर किए गए हस्ताक्षर को फर्जी बताया तो कई लोगों ने राशन काटने के आरोप को सही बताया। जिसके बाद मौके पर मौजूद शिकायतकर्ता पक्ष व कोटेदार पक्ष के लोगों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। कुछ देर बाद कहासुनी मारपीट तक पहुंच गई। कोटेदार नुरूल हसन का आरोप है कि कहासुनी के दौरान गोलू सिंह व योगेन्द्र सिंह ने अपने करीब आधा दर्जन लोगों के साथ लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जिसमें इजाज हसन, मेहंदी हसन व शब्बीर गंभीर रूप से घायल हो गए। बीच बचाव को पहुंचे प्रधान पति श्रीलाल पर भी हमला कर घायल कर दिया।

# अनियंत्रित ट्रक से तीन घायल, पुलिस की कार से कूद कर भाग गया चालक

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** अनियंत्रित ट्रक ने कस्बे की मुख्य सड़क में उत्पात मचाते हुए कई लोगों को टक्कर मारी। इसके बाद पेड़.तोड़कर घर में जा घुसा। जिसमें एक महिला सहित तीन लोगों को गंभीर चोटें आईं हैं। वहीं ट्रक का चालक पुलिस हिरासत से छूट कर फरार हो गया।

मंगलवार देर शाम एक ट्रक रेलवे स्टेशन की ओर से बड़े चौराहे की ओर जा रहा था। उपरौस के निकट कुछ लोगों को बचा दिया, लेकिन मलीकुआं चौराहे पर रागौल निवासी जिमिया और बाबू को टक्कर मार कर आगे बढ़ते हुए पुराने एचडीएफसी बैंक के निकट सिजवहिया निवासी शाकिर (20) पुत्र आबिद को बुरी तरह से कुचलने के बाद पेड़ तोड़कर एक घर में घुस गया।मौके पर एकत्र लोगों ने चालक को पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया, लेकिन सरकारी अस्पताल पहुंचते ही चालक पुलिस की गाड़ी से कूदकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और राहगीरों ने घायलों को इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां से तीनों घायलों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। पुलिस के हाथ से चालक का छूटकर भागना भी पुलिस की नाकामी पर सवाल खड़े.कर रहा है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए कस्बे में हड़कंप मच गया और घटना स्थल पर जाम । क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी ने पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर जांच की। घायलों को उपचार का भरोसा दिलाया।


दुर्घटना के बाद खड़ा ट्रक। अमृत विचार

लापरवाही की हद | सितंबर 2022 में आई थी अंतिम किस्त, उसके बाद लाभ नहीं, दर्ज कराई शिकायत

# वृद्धा को जांच रिपोर्ट में मृत दिखा बंद करा दी वृद्धा पेंशन

**वाह रे सत्यापन**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● जनवरी 2024 में की शिकायत तो पेंशन निरस्त करने की हुई जानकारी

● समाज कल्याण कार्यालय से मंगलवार को पता चली आख्या की हकीकत

**अमृत विचार।** लगता है कि सरकारी कर्मचारियों का कोई भी धर्म व ईमान नहीं बचा है। वह जिसको चाहते हैं पात्र ठहरा देते हैं और अपनी मर्जी से अपात्र कर देते हैं। इतना ही नहीं जीवित व्यक्ति को भी जांच रिपोर्ट में मार डालते हैं। इस वजह से पात्रों का सरकारी योजनाओं से वंचित कर दिया जाता है। अफसर भी ऐसे लापरवाह व भ्रष्ट कर्मियों पर 'मेहरबान' रहते हैं। उन पर कार्रवाई तो होती नहीं, 'अभयदान' मिल जाता है। ऐसा ही एक और मामला प्रकाश में आया है, जिसमें बुजुर्ग की वृद्धावस्था पेंशन करीब दो साल से बंद है। वह जीवित है और जांच में उसे मृत दर्शा दिया गया।

तहसील तिर्वा क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामपुर मझिला निवासी 80 वर्षीय विद्यावती अपने पुत्र व लाठी का सहारा लेकर मंगलवार को विकास भवन पहुंचीं। कहा कि उनका बैंक खाता आर्यावर्त बैंक शाखा इंदरगढ़ में है। इसमें 24 सितंबर 2022 को वृद्धावस्था पेंशन की अंतिम किस्त आई थी। बैंक शाखा में पहुंचकर पासबुक इंट्री कराई तो इस बात की सच्चाई सामने आई। उसके बाद पेंशन न मिलने की जनवरी 2024 में शिकायत दर्ज कराई। इसका निस्तारण यह कहकर कर दिया गया कि सत्यापन अधिकारी ने पेंशन निरस्त कर दी है।

27 जनवरी 2024 को आख्या लगाकर यह प्रकरण आईजीआरएस पर निस्तारित कर दिया गया। मंगलवार को समाज कल्याण कार्यालय में पहुंचकर महिला ने आवेदन निरस्त करने का कारण पूछा। कार्यालय के कर्मियों ने रिपोर्ट देखकर बताया कि सत्यापन करने वाले कर्मचारी ने बुजुर्ग महिला को जांच में मृत दिखा दिया है। इससे पेंशन बंद की गई है। विद्यावती ने बताया कि पति का पूर्व में निधन हो चुका है। पेंशन मिलती है तो कुछ राहत है, लेकिन करीब दो साल से तो लाभ ही नहीं मिला है। गलत रिपोर्ट लगाने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए।


समाज कल्याण विभाग में पुत्र के साथ बाहर जानकारी देतीं विद्यावती।

### लग सकता एक साल, मारा जाएगा हक

समाज कल्याण कार्यालय से आवेदक को बताया गया है कि आवेदन को फिर से सक्रिय कर लाभ दिलाया जाएगा। इसमें करीब एक साल का समय लगेगा। बैंक खाते को एनपीसीआई कराने को कहा गया है। पुत्र का कहना है कि आधार कार्ड में मोबाइल नंबर पहले से फीड है। खाता भी एनपीसीआई है। इसी खाते में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की 300 रुपये सब्सिडी भी आई है। दूसरी ओर बताया जा रहा है कि पेंशन मिलने में जो देरी होगी इस दौरान करीब तीन साल का हक जरूरतमंद को नहीं मिलेगा।

> प्रकरण की जानकारी नहीं है। कार्यालय से मामले की हकीकत पता की जाएगी। उसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।
>
> –सृष्टि अवस्थी, जिला समाज कल्याण अधिकारी

# आज जारी होगी किसान सम्मान निधि

**फतेहपुर।** किसान सम्मान निधि की 16वीं किश्त किसानों को शीघ्र मिलेगी। आज यानि बुधवार को प्रधानमंत्री द्वारा इसका शुभारम्भ किया जाएगा। जिसका सीधा प्रसारण देखने की व्यवस्था कृषि विभाग ने किया है। उप कृषि निदेशक राममिलन सिंह परिहार ने बताया कि 28 फरवरी को प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त निर्गत करने का सीधा प्रसारण किया जायेगा। कार्यक्रम को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में भी मनाया जायेगा। जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड परिसर में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें प्रधानमंत्री के सम्बोधन का सजीव प्रसारण किया जायेगा। साथ ही जायद गोष्ठी का कार्यक्रम होगा। , जिसमें जैविक एवं प्राकृतिक खेती पर परिचर्चा, जायद में बोई जाने वाली फसलों के तकनीकी बिन्दुओं पर चर्चा की।

# हाईस्कूल में 1639 ने छोड़ी गणित की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर


**अमृत विचार।** मंगलवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल गणित तो इंटर में व्यवसायिक विषयों की परीक्षाएं कराई गईं। हाईस्कूल के गणित में पंजीकृत 26461 परीक्षार्थियों में 1639 एवं इंटर की व्यवसायिक परीक्षा में 888 में 37 गैर हाजिर रहे। जबकि द्वितीय पाली में इंटरमीडियट की गृह विज्ञान की परीक्षा हुई। जिसमें पंजीकृत 1777 परीक्षार्थियों में 1692 ने परीक्षा दी और 85 ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं परीक्षा के तीसरे दिन मंगलवार को परीक्षा केन्द्रों का हाल जानने के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद के अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक सुरेन्द्र कुमार तिवारी जिले पहुंचे। उन्होंने प्रथम पाली की परीक्षा में कई परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने केन्द्र में प्रश्नपत्रों की सुरक्षा व्यवस्था से लेकर केन्द्र में परीक्षा की सूचिता के लिए किए गए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एक केन्द्र में डीवीआर क्रियाशील न पाए जाने पर डीआईओएस को केन्द्र व्यवस्थापक के खिलाफ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

सुबह की पाली की परीक्षा में अपर शिक्षा निदेशक सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने खागा तहसील के करीब आधा दर्जन परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों में रखे प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, कमरों में सीसीटीवी कैमरों समेत वायस रिकार्डर एवं डीवीआर आदि का जायजा लिया। इसके अलावा उन्होंने पेयजल, शौचालय आदि की भी व्यवस्था देखी। हालांकि परीक्षा केन्द्रों में कोई भी कमियां नहीं दिखीं।

# तकनीक के क्षेत्र में बेंगलुरु और हैदराबाद को टक्कर देगा यूपी

## डाटा पार्क से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के क्षेत्र में कई बड़े समूह कर रहे हैं निवेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार।** अब प्रदेश तकनीक के क्षेत्र में बेंगलुरु व हैदराबाद को टक्कर देगा। प्रदेश में डाटा पार्क से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के क्षेत्र में कई बड़े समूह निवेश कर रहे हैं।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिये प्रदेश में आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में 90 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ है। यह जीबीसी के जरिए धरातल पर उतारी गईं कुल 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं का आठ प्रतिशत से ज्यादा है। इसके जरिए प्रदेश में एनआईडीपी डेवलपर्स, टाटा टेक्नोलॉजीज, एसटीटी ग्लोबल डेटा सेंटर और जैक्सन लिमिटेड जैसे बड़े समूह कई बड़ी परियोजनाओं की शुरुआत कर रहे हैं। डाटा दिग्गज कंपनी योट्टा 30,000 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है। इसके जरिये एक कैपिटल इंटेंसिव डाटा सेंटर पार्क स्थापित कर किया जा रहा है जो 2160 व्यक्तियों को रोजगार देगा। यह हीरानंदानी समूह के सम्मानित अंब्रेला ग्रुप के तहत संचालित है। इसी तरह, एसटीटी ग्लोबल डाटा सेंटर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड 1850 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है। इस राशि से एक डाटा सेंटर स्थापित किया जा रहा है जो 160 व्यक्तियों को रोजगार मुहैया करेगा। इसमें इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण और संचालन शामिल है।

### नोएडा में 500 करोड़ रुपए का निवेश

अधिकारियों ने बताया कि वेब वर्क्स वर्तमान में नोएडा में 500 करोड़ रुपए के निवेश के साथ एक अत्याधुनिक डेटा सेंटर स्थापित करने की प्रक्रिया में है। इसके जरिए 220 व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। भारतीय ऊर्जा और इंजीनियरिंग कंपनी जैक्सन ग्रुप भी यीडा क्षेत्र में एक डाटा सेंटर पार्क स्थापित कर रही है। यह परियोजना 1560 करोड़ रुपए की है, जिससे 250 लोगों को रोजगार मिलेगा। कंपनी डीजल जनरेटर सेट और सौर पीवी मॉड्यूल बनाती और बेचती है। जैक्सन भारत-पावरजेन और डिस्ट्रिब्यूशन, सोलर, ईपीसी और रक्षा में चार प्रमुख व्यवसायों का संचालन करता है।

## एटीएस और साइबर थाना का कल होगा उद्घाटन

**बहराइच।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को पुलिस लाइन में बने साइबर थाना और पुलिस आवास का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा भारत नेपाल सीमा पर बाबागंज में बने एटीएस थाने का उद्घाटन भी मुख्यमंत्री की ओर से किया जाएगा।

शहर के पुलिस लाइन में साइबर थाने का निर्माण हुआ है। इसके अलावा पुलिस लाइन में ही पुलिस विभाग के 32 नए आवास बने हैं। इसका उद्घाटन बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से लखनऊ से वर्चुअल किया जायेगा। इसके लिए पुलिस विभाग की ओर से तैयारी की जा रही है। मंगलवार को पुलिस लाइन स्थित साइबर थाने का अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी, सीओ पयागपुर हीरा लाल कनौजिया ने निरीक्षण किया। साथ ही तैयारी व्यवस्था का जायजा लिया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर बाबागंज में बने एटीएस थाने का भी उद्घाटन मुख्यमंत्री की ओर से किया जाएगा।

## कक्ष में ड्यूटी करता मिला गणित शिक्षक

संवाददाता,बहराइच

- दो केंद्र व्यवस्थापक और शिक्षक को नोटिस

**अमृत विचार।** बोर्ड परीक्षा की पहली पाली में मंगलवार को दशवीं गणित विषय की परीक्षा में एक केंद्र पर गणित विषय का शिक्षक कक्ष में ड्यूटी करते हुए डीआईओएस ने पकड़ा है। नियमों की अनदेखी पर दोनों केंद्र व्यवस्थापकों को हटा दिया गया है।

कक्ष निरीक्षक को कार्यमुक्त किया गया है। सीसी कैमरे की रिकार्डिंग मांगी गई है। जिसके आधार पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी हो रही है। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओ से रायपुर में संचालित निशार अहमद इंटर कॉलेज को भी बोर्ड परीक्षा केंद्र बनाया गया है। सुबह की पहली पाली में दशवीं गणित विषय की परीक्षा रही। परीक्षा शुरू होने के बाद डीआईओएस ने केंद्र का औचक निरीक्षण किया। संबंधित विषय से जुड़े शिक्षकों के कक्ष निरीक्षक बनाए जाने की आशंका पर जांच की गई। डीआईओएस ने तत्काल आंतरिक व बाह्य दोनों केंद्र व्यवस्थापकों संग कक्ष निरीक्षक को कार्यमुक्त कर दिया। तीनों लोगों को अलग से नोटिस जारी की गई है। जिस कक्ष में गणित शिक्षक की तैनाती की गई थी। उस कक्ष के सीसी कैमरे की रिकार्डिंग की साफ्ट कॉपी मांगी गई है। जिसकी जांच के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी। जांच में नकल की पुष्टि हुई तो कॉलेज व शिक्षकों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। डीआईओएस ने जिगनिया छत्रपाल के प्रिंसिपल तिलकराम को आंतरिक व गांधी इंटर कॉलेज के प्रोफेर नागेंद्र अवस्थी को बाह्य केंद्र व्यवस्थापक बनाकर केंद्र पर भेजा है।

### 2630 ने छोड़ी गणित विषय की परीक्षा

**बहराइच।** दशवीं गणित विषय में 23868 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे। इनमें 21238 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी है। 2630 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी है। बारहवीं में 563 के सापेक्ष 524 ने परीक्षा दी है, 39 गैरहाजिर रहे। इसी तरह दूसरी पाली में बाहरवीं में 3566 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे। 3324 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी है। 242 अनुपस्थित रहे।

## जयाप्रदा के खिलाफ 8वीं बार वारंट जारी कुर्की की चेतावनी

**रामपुर:** एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट ट्रायल) कोर्ट ने मंगलवार को पूर्व सांसद व अभिनेत्री जयाप्रदा के खिलाफ आठवीं बार एनबीडब्ल्यू जारी किया है। कोर्ट ने उन्हें कुर्की की चेतावनी दी है। साथ ही कोर्ट ने पुलिस अधीक्षक से कहा कि क्षेत्राधिकारी के नेतृव में टीम गठित कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करें। अब इस मामले में छह मार्च को सुनवाई होगी।



पूर्व सांसद जया प्रदा।

2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान जयाप्रदा के खिलाफ केमरी और स्वार के थानों में आचार संहिता उल्लंघन के मामले दर्ज हुए थे। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि इन मामलों की सुनवाई के दौरान जयाप्रदा कोर्ट में पेश नहीं हुईं। इस पर कोर्ट ने भारतीय दंड संहिता की धारा-82 के तहत जयाप्रदा के खिलाफ उद्घोषणा का आदेश जारी किया। 30 दिन के भीतर कोर्ट में पेश नहीं हुईं, मुश्किलें बढ़ेंगी।

# आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवे किया जाम

कार्यालय संवाददाता,अयोध्या

- गिरफ्तारी को लेकर सड़क पर शव रख किया अयोध्या - रायबरेली मार्ग जाम
- एक घंटे तक चला जाम, 12 घंटे में गिरफ्तारी के आश्वासन पर हटे

**अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र में युवा प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हुई हत्या से भड़के ग्रामीणों और परिजनों ने मंगलवार सुबह मऊ शिवाला के पास शव रखकर अयोध्या - रायबरेली हाईवे जाम कर दिया। वो हत्या आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। इस दौरान पुलिस-प्रशासन विरोधी नारेबाजी भी की गई। पुलिस ने मान-मनौव्वल कर 12 घंटे में गिरफ्तारी का आश्वासन देकर किसी तरह जाम खुलवाया।

हत्याकांड को लेकर सोमवार से ही पनप रहा आक्रोश मंगलवार को हाइवे पर फूट पड़ा। बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन हाईवे पर उतर आए। इसमें आसपास के लोग भी शामिल हो गए। करीब एक घंटे तक सड़क पर शव रख लोग प्रदर्शन और नारेबाजी करते रहे। जाम के दौरान सड़क के दोनों ओर यातायात भी बाधित रहा।

रविवार रात की गई थी गोली मारकर हत्या अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के मक्खापुर गांव में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे पूराकलंदर थाना क्षेत्र ग्राम टोनिया, मऊयदुवंशपुर निवासी विशाल यादव (25) की रविवार मध्य रात्रि कैंट थाना क्षेत्र में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में मृतक के पिता रामबली यादव की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया और दो संदिग्धों को हिरासत में भी ले लिया है।

अभी तक कोई ठोस कार्रवाई न होने पर लोग नाराज हैं। बताया गया कि पुलिस की ओर से 12 घंटे के अंदर आरोपियों की गिरफ्तारी किए जाने के आश्वासन दिया है। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए और जाम खत्म किया।

### नामजद तहरीर के बाद भी गिरफ्तारी नहीं

मृतक के पिता की ओर से नामजद तहरीर दिए जाने के बाद 36 घंटे बाद गिरफ्तारी न होने पर लोग भड़क गए। लोगों और परिजनों का कहना है कि जब नाम दे दिए गए हैं तो पुलिस गिरफ्तारी क्यों नहीं कर रही है। आरोप है कि समय लंबा दिया गया तो आरोपित भाग भी सकते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मृतक विशाल यादव बहुत सीधा और व्यवहार कुशल भी था।

परिजनों की तहरीर पर कैंट थाना में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पूरे घटनाक्रम की गंभीरता से विवेचना की जा रही है। दो संदिग्ध हिरासत में लिए गए हैं जिनसे पूछताछ की जा रही है। शीघ्र ही वारदात का खुलासा कर लिया जाएगा।

–मधुबन सिंह, एसपी सिटी

## दुष्कर्म के दोषी को 20 साल जेल, अर्थदण्ड

**प्रतापगढ़ :** अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम आलोक द्विवेदी ने नाबालिग पीड़िता के साथ दुष्कर्म कर उसे जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को दोषी पाते हुए 20 साल कारावास व 25 हजार अर्थदण्ड की सजा सुनाई।

वादिनी मुकदमा ने कोर्ट के समक्ष बताया की वर्ष 2015 में 3 नवम्बर को करीब रात 10 बजे उसकी नाबालिक पुत्री घर से बाहर शौच करने गई थी तभी उसे सुनील कुमार पटक कर गिरा दिया और उसके साथ जबरन बलात्कार किया। पीडिता ने भी न्यायालय में उपस्थित होकर बताया कि 3 नवंबर 2015 को रात 10 बजे अपने घर के पूरब तरफ़ शौच करने के लिए गई थी, तभी सुनील कुमार उसे पटक कर गिरा दिया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। शोर मचाया तो मेरी मां दौड़कर आई तो अभियुक्त मुझे छोड़कर भाग गया। अभियोजन की ओर से छह गवाहों को प्रस्तुत किया गया।

# फिर आसमान से बरसी आफत किसानों के सपने चूर

संवाददाता, नरैनी/पैलानी (बांदा)

**अमृत विचार:** बुंदेलखंड से इंद्रदेव एक बार फिर रूठ गए। मंगलवार को एक हफ्ते में दूसरी बार बरसी आफत की बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। ओले की मार और बेमौसम बरसात से खेतों में खड़ी सरसों, मटर, चना और अरहर की फसल खेत पर ही पसर गई। हजारों बीघा खेती का नुकसान बताया जा रहा है। जिसे देखकर किसानों ने अपना माथा पीट लिया। किसानों की मांग है कि उनके भारी नुकसान को देखते हुए जनप्रतिनिधि और प्रशासन हल्का लेखपालों के माध्यम से सर्वे करवाए, ताकि किसानों को जल्द से जल्द उचित मुआवजा मिल सके।

बुंदेली किसानों को बीते कुछ वर्षों से लगातार नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। इस वर्ष भी जब किसान को खेतों में रबी की फसल के लिए सिंचाई की आवश्यकता थी तब पानी नहीं बरसा और अब जब खेतों में सरसों, मटर, चना और अरहर की फसल पककर तैयार होने को हैं तब कुदरत ने बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की सारी मेहनत चौपट कर दी है। एक ही हफ्ते में लगातार दूसरी बारिश से किसानों को भारी नुकसान हुआ है।



जसपुरा क्षेत्र में गिरे ओले। अमृत विचार

नरैनी क्षेत्र में मंगलवार सुबह तकरीबन 9 बजे से रुक-रुककर हो रही बारिश से सारे खेत जलमग्न हो गए। किसानों का कहना है कि यदि बारिश बंद भी हो जाए तो खेतों का पानी सूखने में ही काफी समय लग जाएगा।

तब तक सारी फसलें पानी भरे खेतों में सड़ जाएगी। उधर, जसपुरा ब्लॉक के नरौली, सोनामऊ, चंदवारा, गौरी खुर्द आदि गांवों में तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई, जिससे किसानों की खेत में खड़ी फसलें ओला की मार से खेतों में ही पसर गई। क्षेत्रीय किसानों की मांग है कि जनप्रतिनिधि व एसडीएम पैलानी नुकसान को संज्ञान में लेते हुए लेखपालों के जरिए सर्वे कराकर फसलों के नुकसान का उचित मुआवजा दिलवाएं।

### बिजली गिरी, चपेट में आए दो युवक झुलसे

नरैनी कोतवाली क्षेत्र के नसेनी गांव के मजरा गोरेपुरवा में रामऔतार (38) पुत्र मूरत निवासी गर्गनपुरवा अंश अतर्रा और आरिफ (22) पुत्र साबिर निवासी गोरेपुरवा ईंट-भट्टे में ईंट पाथने का काम करते हैं। मंगलवार को सुबह करीब साढ़े नौ बजे अचानक मौसम खराब हुआ। तेज गरज के साथ बारिश होने लगी। आरिफ और रामऔतार खेतों में बोर के पास बनी झोपड़ी में रुक गए। इसी बीच अचानक कुछ दूरी पर तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी, जिससे आरिफ और रामऔतार बुरी तरह से झुलस गए। आसपास के खेतों पर ईंट पाथने काम कर रहे परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया।

# केंद्र सरकार देश के भविष्य की शत्रु बनी

नयी दिल्ली (एजेंसी)

**अमृत विचार।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश में पेपर लीक के मुद्दे को लेकर मंगलवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार देश के भविष्य की दुश्मन बन गई है। प्रदेश सरकार ने विभिन्न जिलों में 17 और 18 फरवरी को हुई पुलिस भर्ती परीक्षा को निरस्त कर दिया है और छह माह के भीतर पुनः परीक्षा कराने के आदेश दिये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा बीते 11 फरवरी को आयोजित की गई समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) परीक्षा-2023 से जुड़ी शिकायतों की भी जांच कराने का निर्णय लिया है। राहुल गांधी ने कहा मोदी सरकार 'देश के भविष्य' की दुश्मन बन गई है। भर्ती के लिए तरसते छात्र, कहीं पेपर लीक से हताश छात्र, कहीं नियुक्ति के लिए कोर्ट का चक्कर काटते छात्र, तो कहीं आवाज़ उठाने पर लाठियों की मार सहते छात्र। कहा समीक्षा अधिकारी से लेकर पुलिस भर्ती तक और रेलवे से लेकर सेना तक एक भी परीक्षा न्यायपूर्ण ढंग से करा पाने में नाकाम रही।

# सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले का मास्टर माइंड पकड़ से बाहर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पूछताछ में मिली जानकारियों को जोड़कर गुनाहगार तक पहुंचने की है कोशिश
- एसटीएफ पकड़े गए अभियुक्तों से उगलवा रही राज

**अमृत विचार।** सिपाही भर्ती परीक्षा निरस्त होने के तीन दिन बाद भी पेपर लीक मामले का मास्टर माइंड फिलहाल पकड़ से दूर हैं, लेकिन अभी तक मिले सबूत और पकड़े गए लोगों से पूछताछ के बाद मिले इनपुट के आधार पर एसटीएफ को जल्दी ही बड़ी कामयाबी की उम्मीद है। दरअसल, एसटीएफ पकड़े गए लोगों से पूछताछ में मिली जानकारियों की कड़ी से कड़ी जोड़कर असल गुनाहगार तक पहुंचने की कोशिश में हैं। उप्र के अलावा दूसरे राज्यों से तार जुड़ने के चलते एसटीएफ की टीमें उन राज्यों में भी धर-पकड़ कर रही है। गुनाहगारों तक पहुंचने में एसटीएफ के सामने एक जो बड़ी दिक्कत आ रही है, वह यह कि गिरफ्तारी से पहले कई आरोपियों ने अपने-अपने मोबाइल से वाट्सएप का डाटा डिलीट कर दिया था। अब एसटीएफ उनका डेटा वापस कराने का प्रयास कर रही है। ताकि पेपर लीक मामले से जुड़े गिरोह लोगों के बारे में जानकारी मिल सके।

एसटीएफ सूत्रों के मुताबिक अभ्यर्थियों को पेपर बेचने के आरोपी कानपुर के वकील आशीष सचान से पूछताछ में जिस युवक का नाम सामने आया है, वह भी इस कांड से परदा उठाने में मजबूत कड़ी साबित होगा। पता चला है कि एक गांव के रहने वाले उसी युवक ने सिपाही भर्ती का पेपर आशीष सचान के पास पहुंचाया था।

# नृत्य, स्तुतियों ने दर्शकों का मन मोहा

कार्यालय संवाददाता,अयोध्या

**अमृत विचार :** राम कथा पार्क में सोमवार संध्या का आगाज लखनऊ के गुलशन चौधरी और कलाकारों के राम भजन से हुआ। मानस की चौपाइयां राम सिया राम जय जय राम गाकर सभी को विभोर कर दिया।

अगली प्रस्तुति अनेश रावत के दल द्वारा राम स्तुति पर कथक नृत्य से हुई। कलाकारों ने राम रावण युद्ध के प्रसंग को लंका कांड की चौपाइयों के साथ प्रस्तुत किया। उत्तराखंड के कलाकारों ने आशुतोष नौटियाल के निर्देशन में बधाई नृत्य प्रस्तुत करके उत्तराखंड की परंपरा दिखाई। मोहिनी द्विवेदी और उनके साथी कलाकारों ने एक के बाद एक राम भजन प्रस्तुत करके श्रोताओं को अपने साथ नृत्य करने पर विवश कर दिया। पद्मश्री अनूप जलोटा की शिष्या मोहिनी द्विवेदी ने प्राण प्रतिष्ठा के अनुरूप धनी धनी चैत्र महिनवा और दशरथ के भइले ललनवा जैसे पारंपरिक सोहर प्रस्तुत किए।



राम कथा पार्क में नृत्य की प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

**बैठक** विहिप के नवनिर्वाचित महामंत्री बोले– देशभर में एक लाख स्थानों पर कार्य का करेंगे विस्तार

# रामत्व का होगा प्रसार, बनाएंगे सबल समाज : बागड़ा

कार्यालय संवाददाता,अयोध्या

**अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय प्रन्यासी मंडल व प्रबंध समिति की त्रिदिवसीय बैठक मंगलवार को कार सेवक पुरम् में संपन्न हो गई। बैठक में देश की वर्तमान स्थिति पर चर्चा कर हिंदू समाज के समक्ष खड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए षष्ठी पूर्ति वर्ष में संगठन के विस्तार की योजनाएं भी बनाई गई।

विश्व हिंदू परिषद के नव निर्वाचित महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बैठक में देश-विदेश से पधारे प्रतिनिधियों ने अनेक विषयों पर चर्चा के साथ यह संकल्प लिया कि भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर तो बन गया, अब हम संगठन, समाज और विदेशस्त हिंदुओं में रामत्व के प्रसार के साथ संस्कारित व सबल समाज की पुनर्स्थापना करेंगे। उन्होंने बताया इसके लिए विहिप के इस षष्ठीपूर्ति वर्ष के अंत तक देश भर में लगभग एक लाख स्थानों तक अपने कार्य का विस्तार करेगी। विहिप के महामंत्री ने कहा कि सेवा कार्यों का विस्तार, गौ रक्षा व गौ संवर्धन के साथ धर्मातरण को रोकने व घर वापसी के कार्य को और गति देने के बारे में भी बैठक में विस्तार से चर्चा हुई।

विदेशों में बसे हिंदुओं के साथ संपर्क व समन्वय को और अधिक मज़बूत बना कर उनकी समस्याओं के यथोचित समाधान के लिए भी अनेक देशों से आए प्रतिनिधियों ने अपनी कार्य योजना बताई। महामंत्री बागड़ा ने बताया कि समान नागरिक संहिता लागू करने पर उत्तराखंड सरकार का अभिनंदन करते हुए प्रन्यासी मंडल ने आशा व्यक्त की शेष राज्य भी एक सशक्त समान नागरिक संहिता लाएंगे। जिससे देशवासियों के बीच भेदभाव समाप्त हो कर सभी बच्चों व महिलाओं को समान अधिकार मिल सकें। धर्मातरण रोकने के लिए कुछ राज्यों ने कठोर कानून बनाए हैं किंतु अन्य राज्य भी इस बारे में आगे बढ़े, इस बात पर भी प्रन्यासी मंडल ने चिंतन किया। उन्होंने बताया नागरिकता संशोधन अधिनियम के नियम जारी होते ही कार्यकर्ता पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से धर्म आधारित उत्पीड़न का शिकार हिंदू जैन, सिख, बौद्ध बंधु भगिनियों की नागरिकता के संदर्भ में भी शीघ्रता के साथ कार्रवाई करें।



पत्रकारों से बातचीत करते विहिप महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा व मौजूद अन्य। अमृत विचार

- अब संस्कारित व सबल समाज की पुनर्स्थापना करेंगे

### आलोक बने विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष

त्रिवार्षिक चुनाव की प्रक्रिया के अंतर्गत विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में वर्तमान कार्याध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार निर्वाचित हुए। महामंत्री के रूप में वर्तमान संयुक्त महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा चुने गए। साथ ही विहिप के केंद्रीय संगठन महामंत्री के रूप में वर्तमान महामंत्री मिलिंद परांडे और सह संगठन महामंत्री के रूप में विनायक राव देशपांडे की नियुक्ति को भी सदन ने स्वीकृति प्रदान की। प्रेसवार्ता में विहिप के नवनिर्वाचित अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार भी उपस्थित रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत छिमारा विकास खण्ड सैफई–इटावा।**

पत्रांक: मेमो/ग्राम पंचायत छिमारा/निविदा प्रकाशन/2023–24/ दिनांक: 27.02.24

**निविदा सूचना**

महामहिम, राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से ग्राम पंचायत छिमारा सैफई–इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 की कार्ययोजना के अनुसार मनरेगा/15 वें वित्त/पंचम वित्त आयोग के टाइड एवं अनटाइड मद निम्नांकित विवरण के अनुसार कराये जाने बाले निर्माण कार्यो के लिये सामग्री आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत छिमारा विकास खण्ड सैफई में फर्मो/ठेकेदारों से निविदायें/ टैण्डर 28.02.2024 से 05.03.2024 समय 02:30 तक आमंत्रित एवं दिनांक 05.03.2024 को ग्राम निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 03:30 पर खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 28.02.2024 से 05.03.2024 तक ग्राम पंचायत छिमारा सचिवालय कार्यालय दिवस में प्रातः 10:30 से 01:00 बजे तक निर्धारित शुल्क अदा कर क्रय किये जा सकते है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | सामग्री की लागत | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | छिमारा गौशाला में टीन शैड निर्माण कार्य। | मनरेगा | 537073 | 10742 | 300 |
| 02 | छिमारा में उचित दर विक्रेता दुकान निर्माण कार्य। | मनरेगा | 681938 | 13638 | 300 |
| 03 | आर0आर0सी0 सेन्टर निर्माण कार्य। | SBM (G) | 810000 | 16200 | 300 |
| 04 | सामुदायिक स्थलों/सरकारी हैण्डपम्पों पर सोकपिट निर्माण कार्य (सं0– 113) | SBM (G) | 854167 | 17083 | 300 |
| 05 | सामुदायिक खाद गड्ढा (सं0– 57) | SBM (G) | 647234 | 12945 | 300 |
| 06 | ई. कचरा वाहन (सं0– 02) | SBM (G) | 250000 | 5000 | 300 |
| 07 | सामुदायिक खाद गड्ढ़ा (सं0– 58) | SBM (G) | 658590 | 13170 | 300 |

निविदा की शर्ते ग्राम पंचायत छिमारा कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। 01–अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के पत्र सं0–730/33–3–2022–11/2022 दिनांक 26.04.2022 के अनुसार वित्त आयोग के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु पंचायती राज विभाग से जुड़े पदाधिकारी/कर्मी (क्षेत्र पंचायत प्रमुख खण्ड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी (पं0) ग्राम प्रधान पंचायत सचिव पंचायत सहायक पंचायती राज विभाग में सविदा पर कार्यरत कर्मी) के पारिवारिक सदस्यों व रिश्तदारों द्वारा स्थापित फर्म/वेण्डर की निविदा स्वीकार नही की जायेगी। साक्ष्य प्राप्त होने पर निविदा स्वतः निरस्त की दी जायेगी।

प्रधान ग्राम पंचायत अधिकारी

**ग्राम पंचायत छिमारा विकास खण्ड सैफई–इटावा।**

## एक नजर

### पूर्व राज्यपाल राम नाईक ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

अमृत विचार, लखनऊ: पूर्व राज्यपाल राम नाईक ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की। 'पद्म भूषण' सम्मान के लिए मनोनीत होने पर मुख्यमंत्री ने पूर्व राज्यपाल को अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। साथ ही, अयोध्या में राम मंदिर होने पर बनाया गया स्मृति सिक्का व 'एक जिला एक उत्पाद' में बनाई गई गणेश की मूर्ति भेंट की।

### संसदीय क्षेत्र में नहीं रह सकेंगे निर्वाचन अधिकारी

अमृत विचार, लखनऊ: लोकसभा चुनाव के दौरान निर्वाचन अधिकारी अपने गृह जिले के संसदीय क्षेत्र में नहीं रह सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश समेत देश भर की राज्य सरकारों को इस सिलसिले में निर्देश जारी किया है। आयोग ने चुनाव से पहले निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

# एक परिवार की तीन फर्मों को काम देने की होगी जांच

राज्य ब्यूरो,लखनऊ



- जांच कमेटी की अध्यक्ष ने अपर निदेशकों को पत्र भेजकर जल्द रिपोर्ट देने के निर्देश दिए

**अमृत विचार:** सरकारी अस्पतालों में एक ही परिवार की फर्मों को काम देने के मामले की जांच होगी। शासन के निर्देश पर निदेशक उपचार के नेतृत्व में गठित तीन सदस्यीय जांच कमेटी ने पड़ताल शुरू कर दी है। कमेटी ने शिकायत में शामिल लखनऊ समेत अन्य मंडलों के अपर निदेशकों से शिकायत में शामिल आरोपों को लेकर बिंदुवार एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

निर्बल समाज उत्थान समिति, फरूखाबाद ने आरोप लगाया है कि स्वास्थ्य विभाग के सरकारी अस्पतालों में एक ही परिवार की तीन फर्मों को काम दिया जा रहा है। तीन फर्मों के प्रोपराइट एक ही परिवार के हैं। इन फर्मों में मेसर्स लखनऊ ऑप्टिकल एंड सर्जिकल कंपनी व सरस्वती इंटरनेशनल और कंसोल्ट लैब्रोटरी शामिल हैं।

इन तीन फर्मों को ही टेंडर में शामिल कर स्वास्थ्य विभाग में सिंडीकेट के तहत काम हो रहा है। उक्त शिकायत को लेकर स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, फर्रुखाबाद सांसद मुकेश राजपूत, विधायक विजय कुमार राजभर ने शासन में पत्र प्रेषित किया था। जिसके बाद मामले ने तूल पकड़ा और शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर ने जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है।

कमेटी की अध्यक्ष डॉ. शालिनी ने लखनऊ, गोरखपुर, देवीपाटन, मेरठ, कानपुर, अयोध्या, मिर्जापुर, बस्ती मंडल के चिकित्सा स्वास्थ्य के अपर निदेशकों को पत्र भेजकर जल्द आख्या व पूरी रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं।

**तीन सदस्यीय कमेटी :** निदेशक चिकित्सा उपचार डॉ. शालिनी गुप्ता की अध्यक्षता में गठित जांच कमेटी में, निदेशक स्वास्थ्य डॉ. बीपी सिंह कल्याणी व संयुक्त निदेशक भंडार डॉ. राजेश कटियार शामिल हैं।

### 15 जिलों के 17 नए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र होंगे शुरू

अमृत विचार,लखनऊ: प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं और सुदृढ़ होंगी। विभिन्न जिलों में नवनिर्मित 17 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए राज्य सरकार ने डॉक्टर समेत स्वास्थ्य कर्मियों के पद सृजित कर दिये गये हैं। एक सीएचसी में आधा दर्जन विशेषज्ञ डॉक्टर समेत 16 पैरामेडिकल स्टाफ के पद सृजित करते हुए कुल 270 पद घोषित किये गये हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर ने बताया कि नियमानुसार हर सीएचसी में एक फिजीशियन बतौर चिकित्साधिकारी, एक सर्जन, एक स्त्री रोग विशेषज्ञ, एक-एक एनेस्थेटिक, रेडियोलॉजिस्ट व दंत चिकित्सक का पद निर्धारित किया गया है। इसके अलावा दो फार्मासिस्ट व तीन स्टाफ नर्स के अलावा, एक्स-रे टेक्नीशियन, डेंटल हाईजिनिस्ट, लैब टेक्नीशियन, वरिष्ठ सहायक व डार्करूम सहायक का एक-एक पद सृजित किया गया है। इस प्रकार एक सीएचसी में 16 पद सृजित हुए हैं। उन्होंने बताया कि महराजगंज के चौक सीएचसी व बहराइच में बरदहकला सीएचसी में फार्मासिस्ट के दो पद पूर्व सृजित हो चुके हैं।

# मतदान से पहले सपा के मुख्य सचेतक ने ही कर दी बगावत



विधान भवन में राज्यसभा चुनाव में मतदान करने जाते सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, साथ में अन्य विधायक। अमृत विचार

- सपा के सात विधायकों ने किया भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्यसभा चुनाव के लिए विधान भवन में मंगलवार को मतदान शुरु होने से पहले ही सपा के ऊंचाहार विधायक मनोज पांडेय ने पार्टी के मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा देते हुए भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट डालने के संकेत दे दिए। इसके बाद विधानभवन स्थित पार्टी कार्यालय में लगी उनकी नेम-प्लेट भी हटवा दी गई।

मनोज पांडेय के अलावा सपा के जिन विधायकों ने भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान किया उनमें राकेश पांडेय (जलालपुर), राकेश प्रताप सिंह (गौरीगंज), अभय सिंह (गोसाइगंज), विनोद चतुर्वेदी (कालपी), पूजा पाल (चायल) और आशुतोष मौर्य (बिसौली) शामिल रहे। जबकि सपा विधायक महाराजी देवी मतदान में अपनी उपस्थिति नहीं दर्ज करा सकीं।

सपा के विधायकों ने ही नहीं बल्कि बसपा के एकमात्र विधायक उमा शंकर पांडेय ने भी राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को वोट किया है।

मतदान के बाद उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोगों ने मुझसे वोट देने के लिए नहीं कहा इसलिए मैंने भाजपा प्रत्याशी को वोट किया। भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने मुझसे समर्थन मांगा था। वहीं, भाजपा प्रत्याशी को वोट देने वाले सपा विधायक मनोज पांडेय ने खरीद-फरोख्त के आरोपों को नकार दिया है। उन्होंने सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के आरोप पर कहा कि राजनीति में आरोप लगते रहते हैं।

जनसत्ता दल के अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने भी अपने व अपने एक विधायक के भाजपा प्रत्याशी को वोट किया। वहीं, रालोद के सभी नौ विधायकों ने एनडीए प्रत्याशियों के लिए मतदान किया।

### मतदान के खास दृश्य

- अपना दल के विधायक नील रतन पटेल एंबुलेंस से मतदान करने के लिए पहुंचे। कोरोना संक्रमित नील रतन सिविल अस्पताल लखनऊ में भर्ती हैं।
- सुभासपा विधायक ने मतदान एजेंट पर मत पत्र छीनने का आरोप लगाया। सुभासपा के विधायक जगदीश राय ने जब सपा प्रत्याशी को वोट कर मतपत्र दिखाया तो ऐसा दृश्य पैदा हुआ।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विधान भवन के तिलक हॉल में मतदान किया और पार्टी के सभी प्रत्याशियों की विजय के लिए हार्दिक मंगलकामनाएं दी।
- अचानक संजय सेठ ने विक्ट्री साइन बनाकर अपनी जीत का एलान कर दिया। दरअसल, खबर फैली कि हंडिया से सपा विधायक हाकिम चंद्र बिंद ने उनके समर्थन में वोट किया। हालांकि बाद में बिंद ने स्पष्ट किया कि उनका वोट सपा को गया है।
- उप्र. की 10 सीटों पर हुए राज्यसभा चुनाव की वोटिंग खत्म हो जाने के बाद कुल 395 वोट पड़े माने गए। वहीं चुनाव आयोग की अनुमति नहीं मिलने के चलते काफी देर तक मतगणना रुकी रही।

# बायोमेट्रिक अटेंडेंस न देने वाले परीक्षा से होंगे वंचित

## स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने कॉलेज प्रबन्धकों को जारी किए निर्देश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- मार्च माह से बायोमेट्रिक उपस्थिति ही होगी मान्य
- रोज मेडिकल फैकल्टी के पोर्टल पर करना होगा

**अमृत विचार:** निर्देश के बावजूद छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बायोमेट्रिक न लेने वाले नर्सिंग व पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों के रवैये पर स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने नराजगी व्यक्त की है, साथ ही निर्देश दिये हैं कि निर्देशानुसार मार्च माह से सभी छात्रों की बायोमेट्रिक उपस्थिति ही मान्य की जायेगी, अन्यथा वार्षिक परीक्षा में बैठने का मौका नहीं मिलेगा।

उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.अलोक कुमार ने बताया कि नर्सिंग व पैरामेडिकल पाठ्यक्रम की पढ़ाई करने वालों के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य है, इस बाबत मई 2023 में सभी कॉलेज व संस्थानों को पत्र भी प्रेषित किये गये थे, बावजूद तमाम केन्द्रों द्वारा विभाग के सर्वर पर डाटा लोड नहीं किया जा रहा है। जो कि लापरवाही की श्रेणी है। उन्होंने कहा कि कार्यालय के निर्मित पोर्टल पर रोजाना उपस्थिति अपलोड की जानी है। आगामी मार्च से बायोमेट्रिक उपस्थिति को अनिवार्य कर दिया गया है, फिर भी कोई बायोमेट्रिक नहीं कराता है तो ऐसे छात्र-छात्राओं को वार्षिक परीक्षाओं में शामिल होने का मौका नही दिया जायेगा।

इसके लिए उन्होंने कहा कि जिन संस्थानों में बायोमेट्रिक नहीं है, तत्काल स्थापित किये जायें। ताकि मांग के अनुरूप बायोमेट्रिक उपस्थिति की सुविधा को बढ़ावा मिले। साथ ही उन्होंने कहा कि संस्थान में इस बाबत की गई कार्रवाई से 15 मार्च तक स्टेट मेडिकल फैकल्टी कार्यालय को अवगत कराया जाये।

### समिति का मतदान स्थगित

**अमृत विचार:** उप्र स्टेट मेडिकल फैकल्टी की निर्वाचित शासी समिति में रिक्त पदों के लिए एक मार्च 2024 को प्रस्तावित मतदान अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। मंगलवार को उक्त जानकारी देते हुए स्टेट मेडिकल फैकल्टी के निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन की अगली तिथि शीघ्र ही घोषित की जायेगी।

# एनएचएम संविदा कर्मियों के बेवजह नहीं होंगे तबादले

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- उप मुख्यमंत्री ने जिलास्तर पर तबादला न करने के आदेश दिए

**अमृत विचार:** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) के अधिकारियों को निर्देश दिये कि संविदा कर्मचारियों के तबादले अधिकारी अपने स्तर से न करें। निर्देश के बावजूद जिलास्तर पर स्थानानंतरण होने की सूचना मिलेगी तो ऐसा करने वालों पर नियमसंगत कार्रवाई की जायेगी। प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी जिलाधिकारी (जिला स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष) और सभी सीएमओ (जिला स्वास्थ्य समिति के संयोजक) को निर्देश जारी कर दिये हैं।

उप मुख्यमंत्री ने जिलास्तर पर एनएचएम के संविदा कर्मचारियों के तबादलों पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहाकि इस मसले पर कई जिलों से शिकायत मिल रही है। इस पर तुरंत रोक लगाई जाये। ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश में एनएचएम की योजनाओं को गति बनाने में प्रयास किये जा रहें हैं। इसमें संविदा कर्मचारियों की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। ऐसे में संविदा कर्मचारियों की सुविधाओं पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि जिले के अधिकारी यदि एनएचएम के संविदा कर्मचारियों का तबादला करते हैं। उसके बाद यदि कोई वाद या विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी। ब्रजेश पाठक ने कहा कि जिलों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों के लिए लागू मानव संसाधन नीति, गाइडलाइन का कड़ाई से पालन किया जाये। इसमें किसी भी तरह हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

# आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में 90 हजार करोड़ का हुआ निवेश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से प्रदेश में निवेश बढ़ा

**अमृत विचार:** प्रदेश में डाटा पार्क्स से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में बड़े पैमाने पर निवेश किया जा रहा है। आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में 90 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का भूमि पूजन हुआ है। यह निवेश ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) में होने वाले कुल 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं का आठ प्रतिशत से ज्यादा है। इसके जरिए प्रदेश में एनआईडीपी डेवलपर्स, टाटा टेक्नोलॉजीज, एसटीटी ग्लोबल डेटा सेंटर और जैक्सन लिमिटेड जैसे बड़े समूह कई बड़ी परियोजनाओं की शुरुआत कर रहे हैं।

डाटा दिग्गज कंपनी योट्टा 30, हजार करोड़ रुपए का निवेश कर रही है, जिसके माध्यम से एक कैपिटल इंटेंसिव डाटा सेंटर पार्क स्थापित कर किया जा रहा है जो 2160 व्यक्तियों को रोजगार देगा। इसी तरह, एसटीटी ग्लोबल डाटा सेंटर्स इंडिया प्रा. लि. 1850 करोड़ रुपए का डाटा सेंटर स्थापित करने में निवेश कर रही है। इसमें 160 व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। इसके अतिरिक्त, नोएडा में 500 करोड़ रुपए का अत्याधुनिक डेटा सेंटर बनेगा। जैक्सन ग्रुप भी यीडा क्षेत्र में 1560 करोड़ रुपए निवेश कर एक डाटा सेंटर पार्क स्थापित कर रही है।

### एआई और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग परियोजनाओं की भी शुरुआत

एडवर्ब इकोटेक ग्रेटर नोएडा में स्वचालित रोबोट और सामग्री हैंडलिंग प्रौद्योगिकियों को विकसित करने के लिए सुविधा स्थापित किया जायेगा। इसमें 500 करोड़ रुपए का निवेश होगा, साथ ही 2000 व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। इसी तरह, भारतीय बहुराष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण सेवा कंपनी डिक्सन टेक्नोलॉजीज नोएडा के सेक्टर -151 में इलेक्ट्रॉनिक्स-मोबाइल विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए 650 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है। इसमें लगभग 4000 नौकरियां पैदा होंगी। टाटा टेक्नोलॉजीज, 4174 करोड़ रुपए के निवेश कर लगभग 150 सरकारी आईटीआई की स्थापना करेगा।

# पुलिस विभाग के तीन हजार 144 करोड़ के निर्माण कार्यों का आज होगा शिलान्यास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल 28 फरवरी को लोक भवन में पुलिस महकमें के तीन हजार 114करोड़ रूपये के 64 निर्माण कार्यों का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा 188 करोड़ा 77 लाख रूपये से प्रदेश में बने थाने और पुलिस चैकियों के प्रशासनिक, आवासीय भवनों तथा हॉस्टल-बैरक, विवेचना कक्ष, पुलिस हास्टल तथा एटीएस फील्ड यूनिट कार्यालय सहित कुल 84 निर्माण कार्या का लोकार्पण भी करेगे।

प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद ने बताया कि शिलान्यास एवं लोकार्पण के अलावा प्रयागराज और कुशीनगर में दो पर्यटक थाने शुरू होंगे। इसके अलावा प्रदेश के 57 जनपदों में साइबर क्राइम थाने, 75 जनपदों में 1523 पुलिस थानों पर साइबर सेल, 18 मण्डल मुख्यालयों पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन के थाने के साथ-साथ आठ जनपदों में भ्रष्टाचार निवारण संगठन की इकाइयों में भी काम शुरू होगा।

प्रमुख सचिव गृह के मुताबिक शिलान्यास किये जाने वाले निर्माण कार्यो मे 4 पुलिस लाइन, 4 पीएसी वाहिनी, दो एसटीएफ, 21 पुलिस थाना और 33 पुलिस थानों पर मेडिकल कक्ष का शिलान्यास किया जाएगा। लोकार्पित होने वाली 84 योजनाओं में 3 थाना के प्रशासनिक भवन, 6 थाना के आवासीय भवन, 3 पुलिस चौकी के प्रशासनिक भवन, 54 थानों पर हास्टल-बैरक, विवेचना कक्ष, 6 पुलिस लाइन में पुरूष हास्टल, 5 एटीएस के फील्ड यूनिट कार्यालय एवं सात अन्य विविध कार्यों का लोकार्पण करेंगे।

### बेहतर सुविधा को मिले 48 करोड़ 35 लाख

अमृत विचार, लखनऊ: शासन ने पुलिस कर्मियों के लिये आवासीय व अनावासीय भवनों आदि के निर्माण के लिए 48 करोड़ 35 लाख रूपये से अधिक की धनराशि की स्वीकृति दी है। प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस आधुनिकीकरण के तहत पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मुरादाबाद की क्षमता दोगुना किये जाने की बाबत अनावसीय भवनों के निर्माण को 33 करोड़ 80 लाख 35 हजार रूपये तथा आवासीय भवनों के निर्माण हेतु 9 करोड़ 26 लाख 19 हजार रूपये दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इसी तरह आगरा के थाना फतेहाबाद में श्रेणी-ए के 6 एवं श्रेणी-बी के 9 आवासों के निर्माण के लिए 2 करोड़ 73 लाख 70 हजार रूपये, बिजनौर में थाना बढ़ापुर में 32 क्षमता के हॉस्टल-बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण को एक करोड़ 76 लाख 81 हजार रूपये, बिजनौर में थाना नगीन देहात में 16 क्षमता के हॉस्टल-बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ 19 लाख 65 हजार रूपये दिए गए हैं।

प्रमुख सचिव (गृह) ने स्वीकृत भवनों का निर्माण कार्य निर्धारित मानक एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने निर्माण कार्य निर्धारित समय में पूरा कराने को कहा है। उन्होंने चेतावनी है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता आदि की कमी पाये जाने पर संबंधित दोषी कर्मियों को बख्शा नही जाएगा।

## वर्ग पहेली-356

**बाएं से दाएं**

4. 1. नीली कुईं, कोका, इंदीवर 2. पृथ्वी, भूमंडल।

5. 1. घुल-मिल जाना 2. पूर्ण होना 3. मिलना।

7. 1. व्यक्ति

**ऊपर से नीचे**


1. शौच कराना, किसी अन्य को मल त्याग कराना।

2. 1. तुलना के योग्य 2. जिससे तुलना की जा सकती हो।

3. 1. देखने में सुंदर और भला लगने वाला 2. सुंदर, ख़ूबसूरत 3. मनोरम 4. प्रियदर्शन।

4. 1. किसी विश्वविद्यालय का प्रधान अधिकारी; (वाइस चांसलर) 2. पितृसत्तात्मक व्यवस्था के अंतर्गत किसी कुल या परिवार का स्वामी, मुखिया 3. प्राचीन काल में गुरुकुल का प्रधान अधिकारी जो छात्रों की शिक्षा और भोजन आदि की व्यवस्था करता था।

6. जानवरों को होने वाला एक रोग।



### वर्ग पहेली - 355 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 कि | | | | | |
| र | | 2 छि | 3 गु | नी | |
| कि | | | ज | | |
| री | | 4 अ | रा | ड़ | |
| | 5 जं | भि | त | | 6 म |
| 7 यू | | ग | | | ह |
| रो | | 8 म | ज़ | कू | री |

## सुडोकू-73

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | 7 | 9 | | | 8 |
| | | 7 | | | | 4 | | |
| 2 | | 9 | | 6 | 4 | | | |
| 4 | | | | 1 | | 6 | | |
| | | 2 | | | | 9 | | |
| | | 1 | | 8 | | | | 3 |
| | | 6 | 8 | 3 | | 2 | | 5 |
| | | 8 | | | | 1 | | |
| 5 | | | 2 | 4 | 1 | | | |

### सुडोकू - 72 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 6 | 8 | 7 | 9 | 2 | 1 | 4 |
| 8 | 2 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 8 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 6 | 9 | 1 |
| 1 | 6 | 4 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 3 |
| 9 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 4 | 7 | 8 |
| 4 | 9 | 3 | 1 | 6 | 8 | 7 | 5 | 2 |
| 2 | 7 | 8 | 3 | 9 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 4 | 2 | 8 | 3 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 28 फरवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 29 फरवरी 04.18 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर। ऋतु-वसंत।

चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-हस्त 07.33 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष:** आज परिवार और कारोबार दोनों में ही अच्छा तालमेल बनाकर रखेंगे। जीवनसाथी से महत्वपूर्ण विषयों पर सलाह लेना हितकर होगा। पाचन की कमजोरी के कारण अपच और उल्टी जैसी समस्या हो सकती है।

**वृष:** आज कार्यक्षेत्र में आपको अपनी गुणवत्ता का ध्यान रखना चाहिए। आत्मविश्वास के साथ अपने काम करेंगे। नकारात्मक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। नए प्रेम संबंधों में तनाव होने के योग बन रहे हैं। दिन के उत्तरार्ध में कोई बड़ा काम पूरा हो सकता है।

**मिथुन:** आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। त्वरित निर्णय लेने से व्यवसाय में प्रगति हो सकती है। साझेदारी संबंधि कार्यों में आपको काफी ज्यादा ध्यान देना होगा। आपको अपनी गलतियों को सुधारने के कई मौके मिलेंगे।

**कर्क:** आज महत्वपूर्ण यात्रा होने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास की कमी के कारण निर्णय गलत हो सकते हैं। भाई-बहनों के साथ संबंध मधुर रहेंगे। कार्यक्षेत्र में राजनीति का सामना करना पड़ेगा। धन से जुड़े मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे।

**सिंह:** आज बॉस आपके ऊपर नाराज हो सकते हैं। जॉब को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। दोपहर के पहले कुछ अनचाही स्थितियों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन अचानक से स्थितियां आपके पक्ष में आती हुई प्रतीत होंगी।

**कन्या:** आज आपके सामाजिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। गलत खान-पान के कारण स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। नया व्यापार शुरू करने की योजना को आकार दे सकते हैं। जीवनसाथी आपके मनोबल को बढ़ायेगा। अपनी शक्ति का सकारात्मक प्रयोग करेंगे।

**तुला:** आज महत्वपूर्ण दस्तावेजों को संभाल कर रखें। बच्चों के व्यवहार से कुछ चिंतित हो सकते हैं। नए विषयों को सीखने की कोशिश करेंगे। परिवार में आपके गुणों की प्रशंसा होगी। आपके ऊपर जिम्मेदारियां बढ़ने वाली है।

**वृश्चिक:** आज आपको ऐसे व्यक्तियों से मिलना पड़ सकता है, जो आपके व्यक्तित्व को काफी प्रभावित करने वाले हैं। आवश्यक कार्यों को शाम से पहले पूरा कर लेना हितकर होगा। बेकार की बहसों से बचने का प्रयास करें।

**धनु:** आज सभी जरूरी काम पूरे करने की कोशिश करेंगे। छोटी-छोटी परेशानियों से निजात मिलेगी। जीवनसाथी के साथ रिश्ते बहुत प्रगाढ़ होंगे। सामाजिक आयोजन में आप भागीदारी कर सकते हैं। मित्रों से शुभ सूचना आपको प्राप्त हो सकती है।

**मकर:** आज अपने जीवन-स्तर को ऊंचा करने की दिशा में प्रयास करेंगे। भोग-विलास में आप काफी धन खर्च कर सकते हैं। जीवन से सभी क्षेत्रों में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहने वाला है। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए शुभ दिन सिद्ध होगा।

**कुंभ:** आज अनावश्यक लोगों के साथ विचार-विमर्श कर समय बर्बाद न करें। कुछ लोग आपके हितैषी होते हुए भी आपकी आलोचना करेंगे। बोलचाल में विनम्र भाषा का प्रयोग करें। मित्रों के स्वभाव में कुछ बदलाव देखने को मिलेगा।

**मीन:** आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। नया कार्य शुरू करने के लिए दिन अच्छा नहीं है। व्यापार में अड़चनें आ सकती हैं। सहकर्मियों से भी आपको परेशान होना पड़ सकता है। लोगों के बीच आपका व्यवहार काफी सराहा जाएगा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- होते होते प्यार हो गया — सुबह: 11.39
- कीमत — रात: 07.07

**Sony Max**
- लगे रहो मुन्ना भाई — सुबह: 10.12
- विश्वासघात — रात: 10.04

**Sony Pix**
- लाइफ — सुबह: 10.48
- जिओस्ट्रोम — रात: 09.00

**Zee Cinema**
- हाईजेक — सुबह: 10.30
- विजय द मास्टर — रात: 07.30

**Colors Cineplex**
- जुर्माना — दोपहर: 12.31
- फिर हेरा फेरी — रात: 09.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर सुबह-10.12 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति -मेरे सीने में बहुत दर्द हो रहा है, जल्दी से एम्बुलेंस के लिए फोन लगाओ।
पत्नी- हां, लगाती हूं, जल्दी अपने मोबाइल का पासवर्ड बताओ
पति- रहने दो, अब थोड़ा ठीक लग रहा है।

पप्पू ने गली के कोने में कचरा फेंक दिया। थोड़ी देर बाद वो घूम फिर कर गली में ही वापस आया, तो मोहल्ले वाले आपस में लड़ने लगे कि, कचरा किसने फेका!
एक औरत ने गुस्से से कहा-फेंका होगा किसी कुत्ते के बच्चे ने।
पप्पू हंसा और बोला- कचरा मैंने फेंका और नाम कुत्ते के बच्चे का आ गया।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1100 डीएमओ 870 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## कानपुर मंडी

| अनाज (प्रति क्वि.) | |
|---|---|
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| गेहूं दड़ा | 2525–2550 |
| आर.आर.21 | 2700–2750 |
| गेहूं फारम | 2800–2850 |
| जौ | 2000–2100 |
| ज्वार | 2600–4000 |
| बाजरा | 2125–2175 |
| मकाई | 2000–2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| चना | 5200–5400 |
| अरहर | 7500–8000 |
| मसूर | 5500–5600 |
| मटर | 4200–4300 |
| उड़द हरा | 10000–10200 |
| उड़द काला | 6000–8000 |
| मूंग | 8500–8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहर फूल | 14500–14700 |
| अरहर स्पेशल1 | 12000–12100 |
| चना दाल | 6900–7000 |
| मटर दाल | 4900–5000 |
| मसूर मलका | 6800–6850 |
| मसूर दाल | 6900–6950 |
| उड़द दाल | 9000–12000 |
| उड़द धोवा | 10500–13000 |
| मूंग दाल | 8800–10300 |
| मूंग धोवा | 9800–11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000–2300 |
| बासमती नं 1. | 8500–10000 |
| सेला | 2500–3000 |
| बासमती नं 2. | 6500–7500 |
| **किराना (प्रति क्वि.)** | |
| कली मिर्च | 55000–70000 |
| बड़ी इलायची | 85000–120000 |
| सोंठ | 30000–40500 |
| धनिया | 6000–13000 |
| लाल मिर्च | 28000–34000 |
| जीरा | 58000–62000 |
| अजवाइन | 20000–28000 |
| हल्दी | 13500–16500। |

# मोदी के तीसरे कार्यकाल में भी जारी रहेंगे सुधार कार्य

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उद्योग निकाय फिक्की की ओर से आयोजित कार्यक्रम में किया आश्वस्त

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को भारतीय उद्योग जगत से खुद को 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य के साथ जुड़ने का आह्वान किया। उद्योग निकाय फिक्की की ओर से आयोजित 'विकसित भारत @ 2047: विकसित भारत व उद्योग' सत्र को संबोधित करते हुए मंत्री ने उद्योग जगत को आश्वस्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में भी सुधार जारी रहेंगे।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने फिक्की के कार्यक्रम में कहा कि कोई भी देश डिजिटल इंफ्रा के बिना विकास का लक्ष्य हासिल नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि हम डेवलपमेंट गोल के साथ आगे बढ़ेंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार एआई के क्षेत्र में इनोवेशन और निवेश को बढ़ावा देगी। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार स्पेस सेक्टर में भी निवेश को बढ़ावा देगी।

अप्रैल-मई में होने वाले आम चुनावों के बाद नई सरकार का गठन होगा और भाजपा को विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में लौटेंगे। सीतारमण ने कहा कि भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। मंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान सरकार की ओर से कई सुधार किए गए हैं और यह प्रवृत्ति जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि अगली मोदी सरकार द्वारा किए जाने वाले सुधारों में उत्पादन के कारकों पर ध्यान दिया जाएगा।



फिक्की के कार्यक्रम में मौजूद सीतारमण व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर।

### 'विकसित भारत@2047' कार्यक्रम में बोले अनुराग

#### एक दशक में यूपीए से यूपीआई तक का आया बदलाव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि सरकार की पहल और उद्योग सहित सभी वर्गों के योगदान से भारत 2047 से बहुत पहले एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा। ठाकुर ने फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा आयोजित 'विकसित भारत@2047' सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की साहसिक नीतियों और निर्णयों के कारण भारत दुनिया की पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में से एक से हटकर शीर्ष पांच में पहुंच गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि चुनावों में मिले स्पष्ट जनादेश के कारण प्रधानमंत्री को कठोर निर्णय लेने का अधिकार मिल गया। ठाकुर ने कहा, "यदि आप 2014 पर नजर डालें तो हम दुनिया की पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में से एक थे। भ्रष्टाचार के मामले थे। एक खोए हुए दशक से लेकर 'टेकेड' (प्रौद्योगिकी से भरपूर दशक) तक, यूपीए के समय से लेकर यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) के समय तक का ये सफर कैसा रहा है, मुझे लगता है कि चीजें बदल गई हैं।"

# देश में कर्मचारियों के वेतन में औसत 10% वृद्धि की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

- सर्वे के मुताबिक, सर्वाधिक लाभ वाहन-विनिर्माण के क्षेत्र में

भारत में कंपनियों द्वारा इस साल कर्मचारियों के वेतन में औसतन 10 प्रतिशत वृद्धि किए जाने की उम्मीद है। मंगलवार को जारी एक सर्वे में यह बात कही गई है। सर्वे में कहा गया है कि सबसे अधिक वेतनवृद्धि का लाभ वाहन, विनिर्माण और इंजीनियरिंग क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों को मिलेगा।

मंगलवार को जारी परामर्शक फर्म मर्सर के कुल पारिश्रमिक सर्वेक्षण (टीआरएस) के अनुसार, वर्ष 2023 में औसत वेतनवृद्धि 9.5 प्रतिशत थी। इसमें कहा गया, 'यह प्रवृत्ति भारत के मजबूत आर्थिक प्रदर्शन और नवाचार और प्रतिभा के केंद्र के रूप में इसके बढ़ती आकर्षण को दर्शाती है। भारत में वाहन, विनिर्माण, इंजीनियरिंग और जीवन विज्ञान में कर्मचारियों



को सबसे अधिक वेतनवृद्धि मिलने का अनुमान है। यह इन क्षेत्रों की प्रतिस्पर्धी प्रकृति को दर्शाता है।'

सर्वेक्षण में कहा गया है कि भारत में औसत वेतनवृद्धि 2024 में 10 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है, जो 2023 में 9.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ शीर्ष पर थी। इसमें कहा गया है कि भारत में स्वैच्छिक नौकरी छोड़ने की दर वर्ष 2021 में 12.1 प्रतिशत से धीरे-धीरे बढ़कर वर्ष 2022 में 13.5 प्रतिशत हो गई है।

## सर्राफा

| कानपुर | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 72,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,650–47,850 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,200 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,050 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 72,000 |
| चांदी तैयार | 72,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 715 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,100 |
| चांदी आभूषण | 72,200। |

# ऑनलाइन लोन: चीनी कंपनियों के खिलाफ जांच अंतिम चरण में

नई दिल्ली, एजेंसी

- कॉरपोरेट मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी जानकारी

एप के जरिये ऑनलाइन कर्ज वितरण से जुड़ी कंपनियों समेत कई चीनी फर्मों के खिलाफ कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय जांच कर रहा है। इनमें से कुछ जांच अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं।

गैरकानूनी ढंग से कर्ज वितरण एप का संचालन करने वाली कंपनियों के खिलाफ हाल में जांच तेज हुई है। इसके अलावा मंत्रालय लाभकारी स्वामित्व को छिपाने के लिए कंपनियों और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मंत्रालय विभिन्न चीनी कंपनियों खासकर कर्ज एप से जुड़ी कंपनियों के खिलाफ पड़ताल कर रहा है और इनमें से कुछ जांच अंतिम चरण में हैं। अधिकारी के मुताबिक, रिजर्व बैंक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय समेत अन्य इकाइयों से मिली शिकायतों के आधार पर भी संबंधित कंपनियों के खिलाफ जांच शुरू की जाती है। हालांकि कुछ कंपनियों के वित्तपोषण स्रोतों का पता लगाना कभी-कभी मुश्किल होता है, लेकिन कंपनियों के लाभकारी स्वामित्व का पता लगाने के प्रयास किए जाते हैं।

# वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री अगले वित्त वर्ष में 7% तक घटेगी: इक्रा

**नई दिल्ली।** घरेलू वाणिज्यिक वाहन (सीवी) की बिक्री में अगले वित्त वर्ष में उच्च आधार प्रभाव की वजह से चार से 7 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने कहा कि आम चुनावों से पहले आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण जनवरी-मार्च तिमाही में बुनियादी ढांचागत गतिविधियों में रुकावट के कारण बिक्री कम रह सकती है। एजेंसी ने कहा, "अनुमान है कि वित्त वर्ष 2023-24 में घरेलू सीवी उद्योग की मात्रा में सालाना दो से पांच प्रतिशत की वृद्धि होगी।

# खेती के साथ आय बढ़ाएगी कृषि विकास योजना

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- सरकार के अधीन विभाग और संस्थाएं करेंगी काम, मिली मंजूरी

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में खेती के साथ किसानों की आय 'राज्य कृषि विकास योजना' बढ़ाएगी। इस योजना को शासन ने स्वीकृति दी है। इसमें कृषि एवं सम्वर्गीय विभाग व संस्थाएं योजनाओं-परियोजनाओं पर काम कर किसानों को लाभान्वित करेंगी। इनके सहयोग से किसानों की आय में गुणात्मक वृद्धि होगी।

इसमें एक जिला एक उत्पाद में मुख्य फसल को शामिल किया जाएगा। जीआई टैग भी दिया जाएगा। इससे उत्पाद को पहचान के साथ बिक्री का प्लेटफार्म मिलेगा। वहीं, राज्य सरकार विभाग



व संस्थाओं को निधि पर 100 प्रतिशत अनुदान देगी। योजना का कृषि विभाग को नोडल नामित किया गया है, जिसकी देखरेख में बजट, भुगतान से लेकर योजनाओं पर सभी काम होंगे। विभाग व संस्थाएं प्रगति रिपोर्ट के साथ खर्च का उपभोग प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराएंगे।

**प्रोत्साहन के लिए करेंगे नई पहल:** कौशल विकास के तहत किसानों को अंतर्राज्यीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण, विस्तार सेवाओं के प्रोत्साहन के लिए नई पहल, फार्म मैकेनाइजेशन, सोलर संचाई पंप, कृषि ड्रोन, कंबाइन हार्वेस्टर, प्राकृति खेती, श्री अन्न पर प्रशिक्षण व मेला, प्रदर्शनी, गोष्ठी व कार्यशाला में सम्मलित किया जाएगा। इसके अलावा कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र के अंतर्गत नवीन अवसंरचनाओं की आवश्यकता होने पर प्रयोगशाला की स्थापाना, भंडारण सुविधा, मोबाइल मल्टी यूटिलिटी वैन, कृषि निवेश केंद्र, कृषि रक्षा इकाई, कृषि विपणन पर कार्य होंगे।

# राष्ट्रीय

# कांग्रेस-कम्युनिस्ट केरल में दुश्मन, बाकी जगह अच्छे मित्र

## भाजपा की राज्य इकाई की पदयात्रा के समापन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों दलों पर किया कटाक्ष

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र में भाजपा के खिलाफ मजबूत विकल्प तैयार करने का प्रयास कर रहे कांग्रेस और कम्युनिस्ट दलों पर कटाक्ष करते हुए मंगलवार को कहा कि वे केरल में एक-दूसरे के दुश्मन हैं, लेकिन अन्य राज्यों में वे 'बीएफएफ' यानी हमेशा के लिए सबसे अच्छे दोस्त हैं।

मोदी ने यहां सेंट्रल स्टेडियम में भाजपा की राज्य इकाई की पदयात्रा के समापन समारोह में विपक्ष पर निशाना साधते हुए दावा किया कि उसके पास देश की प्रगति के लिए कोई खाका नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष यह मान चुका है कि वह इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में जीत नहीं पाएगा, इसीलिए उसके नेता उन्हें भला-बुरा कहने की रणनीति अपना रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'केरल में कांग्रेस और कम्युनिस्ट एक-दूसरे के दुश्मन हैं, लेकिन अन्य राज्यों में वे 'बीएफएफ' हैं।'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने कम्युनिस्ट मुख्यमंत्री (पिनराई विजयन) पर भ्रष्टाचार एवं घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाया और वाम सरकार को फासीवादी करार दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'इसके जवाब में कम्युनिस्टों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज कराया और उनके पूर्ववर्ती प्रशासनों पर विभिन्न घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाया, लेकिन केरल के बाहर 'इंडी' गठबंधन की बैठकों में वे एक साथ बैठते हैं। समोसे और बिस्कुट खाते हैं और चाय पीते हैं।' उन्होंने कहा, 'यानी तिरुवनंतपुरम में वे कुछ और कहते हैं तथा दिल्ली में कुछ और कहते हैं। केरल के लोग आगामी लोकसभा चुनावों में इस विश्वासघात का जवाब देंगे।'

मोदी ने केरल के लोगों से आग्रह किया कि वे आगामी लोकसभा चुनावों में राज्य में उनकी पार्टी को दोहरे अंकों में सीट जिताकर अपना आशीर्वाद दें। उन्होंने कहा कि भाजपा कभी किसी राज्य को वोट बैंक के नजरिए से नहीं देखती। मोदी ने दावा किया कि पिछले 10 साल में केरल को अन्य भाजपा शासित राज्यों की तरह ही विकास से लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि यह उनकी गारंटी है कि वह केरल के लोगों के सपनों और आकांक्षाओं को साकार करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के साथ-साथ देश से गरीबी और भ्रष्टाचार मिटाना 'मोदी की गारंटी' है।



### तमिलनाडु में बोले मोदी- 'इंडिया' गठबंधन ने अपनी हार स्वीकार कर ली

**तिरुपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों ने हार स्वीकार कर ली है, लेकिन उनका इरादा लूटने का है। मोदी ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए द्रमुक और कांग्रेस की आलोचना की और अन्नाद्रमुक के नेताओं दिवंगत एमजी रामचंद्रन और जयललिता की विरासत का उल्लेख किया। मोदी ने यहां भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई की राज्यव्यापी यात्रा 'एन मन एन मक्कल' के समापन समारोह को संबोधित करते हुए विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान केंद्र की भाजपा सरकार ने तमिलनाडु में विकास परियोजनाओं के लिए पहले की तुलना में अधिक धनराशि दी है। मोदी ने कहा, 'इंडिया के घटक दलों ने हार स्वीकार कर ली है, लेकिन उनका इरादा लूटने का है। लेकिन लोगों ने ऐसे किसी भी प्रयास को रोकने का मन बना लिया है। तमिलनाडु में भी भाजपा भ्रष्टाचार की राजनीति को खत्म करने की तैयारी कर रही है।"

## बिहार: कांग्रेस के दो व राजद के एक विधायक भाजपा में शामिल

**पटना।** बिहार में कांग्रेस के विधायक मुरारी प्रसाद गौतम, सिद्धार्थ गौतम और राष्ट्रीय जनता दल की विधायक संगीता कुमारी मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गईं। भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा से मुलाकात की। सम्राट चौधरी से मिलने जाते वक्त जब संगीता कुमारी से पत्रकारों ने पूछा कि क्या वह भाजपा में शामिल हो गई हैं तो उन्होंने कहा- हां।

तेजस्वी यादव की 'जन विश्वास यात्रा' और 3 मार्च को प्रस्तावित रैली से पहले इस पालाबदल को भाजपा की ओर से लोकसभा चुनाव से पहले हर संभव समीकरण साधने के तौर पर देखा जा रहा है। संगीता कुमारी कैमूर जिले की मोहनिया सीट से विधायक हैं। वहीं सिद्धार्थ विक्रम सीट और मुरारी गौतम चेनारी से विधायक हैं।

# परिवारों का उपभोग खर्च सर्वे चुनाव से प्रेरित: खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस अध्यक्ष मोदी सरकार पर लगाए आरोप

कांग्रेस ने हाल में आए उपभोग खर्च सर्वे को 'चुनाव से प्रेरित और भ्रामक सर्वे' करार देते हुए मंगलवार को दावा किया कि सरकार ने गरीबी के विषय पर अपनी पीठ थपथपाने की नाकाम कोशिश की है, जबकि हकीकत यह है कि आज 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यह भी कहा कि अगर केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनती है तो देश में जाति आधारित जनगणना करवाई जाएगी ताकि सही आंकड़ा एकत्र हो सके।

राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) के ताजा अध्ययन के मुताबिक, देश में परिवारों का प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू खर्च 2011-12 की तुलना में 2022-23



में दोगुना से अधिक हो गया है। गत शनिवार को जारी बयान के अनुसार, एनएसएसओ ने अगस्त, 2022 से जुलाई, 2023 के दौरान परिवारों का उपभोग खर्च सर्वेक्षण किया। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, '10 साल की गहन निद्रा में खर्राटे लेने के बाद आखिरकार मोदी सरकार जनता के खर्च और आमदनी पर चुनाव से प्रेरित सर्वे लाई है। सर्वे में मोदी सरकार ने अपनी पीठ थपथपाने की नाकाम कोशिश की है।'

## एक नजर

### संदेशखालि जा रहे आईएसएफ विधायक नौशाद सिद्दीकी गिरफ्तार

**कोलकाता।** पुलिस ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के अशांत संदेशखालि जा रहे 'इंडियन सेक्युलर फ्रंट' (आईएसएफ) के विधायक नौशाद सिद्दीकी को गिरफ्तार कर लिया। निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला देते हुए संदेशखालि की ओर जा रहे कांग्रेस के एक दल को भी नजात के पास रोक दिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि भांगड़ से विधायक सिद्दीकी को कोलकाता में साइंस सिटी के पास गिरफ्तार किया गया था।

### राजद विधायक के परिसरों पर ईडी ने की छापेमारी

**आरा/पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आय से अधिक संपत्ति के मामले को लेकर मंगलवार को बिहार के भोजपुर जिला मुख्यालय आरा में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विधायक किरण देवी, उनके पति और पूर्व विधायक अरुण यादव तथा कुछ अन्य से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की। किरण देवी भोजपुर जिले के संदेश निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं, जहां उनके पति ने 2015 के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की थी। तेजस्वी यादव ने कहा कि ये छापे इस बात का सबूत हैं कि केंद्र में शासन करने वाली भाजपा डरी हुई है।

## बीजद से टिकट पाने के लिए 10 हजार से ज्यादा ने किया आवेदन

**भुवनेश्वर।** आगामी लोकसभा चुनाव और ओडिशा विधानसभा का चुनाव लड़ने के लिए बीजू जनता दल का टिकट पाने के लिए 10,000 से ज्यादा लोगों ने आवेदन किया है। ओडिशा विधानसभा में 147, जबकि राज्य में लोकसभा की 21 सीटें हैं। बीजद के संगठन सचिव प्रणब प्रकाश दास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "आगामी चुनावों में पार्टी टिकट के लिए 10,000 से अधिक लोगों ने आवेदन किया है।"

## जमात-ए-इस्लामी पर प्रतिबंध पांच साल बढ़ा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राष्ट्र की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ गतिविधियों को जारी रखने को लेकर मंगलवार को जमात-ए-इस्लामी (जम्मू कश्मीर) पर प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश की सुरक्षा को खतरा पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति को कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की आतंकवाद और अलगाववाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति का पालन करते हुए सरकार ने जमात-ए-इस्लामी (जम्मू कश्मीर) पर प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया है।' जमात पर देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने का आरोप है। इसे पहली बार 28 फरवरी 2019 को 'गैरकानूनी संगठन' घोषित किया गया था।

## राजस्थान: आईसीयू में भर्ती महिला से दुष्कर्म, आरोपी कर्मचारी गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान के अलवर जिले में एक निजी अस्पताल की आईसीयू में भर्ती महिला से दुष्कर्म के आरोप में एक कर्मचारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार सुबह करीब साढ़े चार बजे की है। आरोपी चिराग यादव को हिरासत में ले लिया गया। वह अस्पताल में नर्सिंग सहायक के पद पर कार्यरत है। शिवाजी पार्क थाना प्रभारी राजपाल सिंह ने बताया कि फेफड़ों में संक्रमण के कारण महिला अस्पताल के आईसीयू में उपचाराधीन है।

## मुंबई : छोटा राजन गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने वर्ली से छोटा राजन गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है और उसके पास से एक देसी पिस्तौल और कारतूस बरामद किए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान श्याम तांबे उर्फ सेवियो रॉड्रिग्स (42) के रूप में हुई है, जिसे सोमवार को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा, "मुंबई पुलिस की अपराध शाखा को विशेष सूचना मिली थी कि तांबे मध्य मुंबई में वर्ली के जीजामाता नगर इलाके में आ रहा है। सूचना के अनुसार जाल बिछाया गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।" उन्होंने बताया कि उसके पास से एक देसी पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद किए गए। अधिकारी ने बताया कि तांबे छोटा राजन गिरोह का सक्रिय सदस्य था

# बीकानेर: जासूसी के आरोप में कैंटीन का संचालक गिरफ्तार

जयपुर, एजेंसी

- पाकिस्तानी महिला एजेंट के साथ खुफिया सूचना कर रहा था साझा

पाकिस्तानी गुप्तचर एजेंसियों के लिए जासूसी करने को लेकर बीकानेर जिले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी सैन्य क्षेत्र 'महाजन' में कैंटीन चलाता है, जो 'हनीट्रैप' में फंसकर सामरिक महत्व की सूचनाएं पाक 'हैंडलर' को दे रहा था।

अतिरिक्त महानिदेशक (पुलिस खुफिया) संजय अग्रवाल ने बताया कि राजस्थान खुफिया विभाग ने मिलिट्री इंटेलिजेंस (सैन्य खुफिया शाखा), बीकानेर के साथ संयुक्त कार्रवाई कर पाकिस्तान गुप्तचर एजेंसी के लिए जासूसी कर रहे 'ऊपर का बास' गांव (बीकानेर जिले) के निवासी विक्रम सिंह (31) को गिरफ्तार किया है। अग्रवाल ने बताया कि सतत निगरानी के दौरान पता चला कि विक्रम सिंह सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तानी खुफिया हैंडलर के निरंतर संपर्क में है। उन्होंने बताया कि जब विक्रम सिंह की गतिविधियों पर गहनता से नजर रखी गई तो पता चला कि वह 'हनीट्रैप' में फंसकर सोशल मीडिया के माध्यम से पाक महिला एजेंट के साथ सामरिक महत्व की सूचना साझा कर रहा है।

## मराठा आरक्षण आंदोलन की होगी एसआईटी जांच

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने सरकार को निर्देश दिया कि वह एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करके उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे की टिप्पणी की व्यापक जांच करे। सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों ने जरांगे की टिप्पणियों का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि राज्य में अशांति फैलाने की साजिश थी। अध्यक्ष ने सरकार को फडणवीस के खिलाफ जरांगे की टिप्पणियों की जांच के लिए एक एसआईटी गठित करने का निर्देश दिया। जरांगे ने आरोप लगाया था कि फडणवीस उनकी हत्या कराने कोशिश कर रहे हैं।

# आप ने दिल्ली से चार और हरियाणा से एक उम्मीदवार घोषित किया

नई दिल्ली, एजेंसी

- विधायक सोमनाथ भारती को नई दिल्ली सीट से टिकट

आम आदमी पार्टी (आप) ने लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली की चार और हरियाणा की एक सीट के लिए मंगलवार को उम्मीदवारों की घोषणा की। पार्टी ने वरिष्ठ नेता सोमनाथ भारती को नई दिल्ली सीट से मैदान में उतारा है। पार्टी ने राज्यसभा के पूर्व सदस्य सुशील गुप्ता को हरियाणा के कुरुक्षेत्र से अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक के बाद पांच नामों की



घोषणा की गई। आप के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) संदीप पाठक ने यहां संवाददाता सम्मेलन में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। आप ने दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं मालवीय नगर से विधायक सोमनाथ भारती को नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से, कोंडली के विधायक कुलदीप कुमार को पूर्वी दिल्ली सीट से, सहीराम पहलवान को दक्षिणी दिल्ली से और पूर्व सांसद महाबल मिश्रा को पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है।

पार्टी ने दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की अपने सहयोगी कांग्रेस से हाथ मिलाया है। सीट बंटवारे को लेकर दोनों दलों के बीच हुए समझौते के तहत आप दिल्ली में चार और कांग्रेस तीन लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लोकसभा की कुल सात सीट हैं।

## आदर्श आचार संहिता से पहले जारी हो सकते हैं सीएए के नियम

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए बिना दस्तावेज वाले गैर-मुस्लिम प्रवासियों को तेजी से नागरिकता देने के लिए विवादास्पद नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 (सीएए) के कार्यान्वयन के नियम लोकसभा चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले जारी किए जाने की संभावना है। चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है। चुनाव का कार्यक्रम अगले पखवाड़े में घोषित किया जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि आदर्श आचार संहिता प्रभाव में आने से पहले सीएए के नियम जारी किए जा सकते हैं।

# नागरिक का जीवन और व्यक्तिगत आजादी की सुरक्षा सर्वोपरि : उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी



● सुनवाई करते हुए शीर्ष कोर्ट ने की टिप्पणी कहा- अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा

एक नागरिक की आजादी सर्वोपरि है और उससे जुड़े मामले में जल्दी से फैसला न करना व्यक्ति को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मिले बहुमूल्य अधिकार से वंचित करेगा। शीर्ष अदालत ने हाल ही में एक मामले में सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

शीर्ष अदालत ने अनुच्छेद 21 को जीवन और व्यक्तिगत आजादी की सुरक्षा से जुड़े अनुच्छेद 21 को संविधान की आत्मा बताया। अदालत ने कहा कि बंबई उच्च न्यायालय से ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां जमानत या अग्रिम जमानत के आवेदनों पर तेजी से फैसला नहीं किया जा रहा है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ सुनवाई कर रही थी। पीठ ने अपने 16 फरवरी के आदेश में कहा, हमारे सामने ऐसे कई मामले आए हैं जिनमें न्यायाधीश गुण-दोष के आधार पर मामले पर फैसला नहीं कर रहे हैं। बल्कि कुछ आधारों पर मामलों को टालने के लिए बहाने ढूंढ रहे हैं। इसलिए, हम बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध करते हैं कि वह अपने प्रशासनिक अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल करने वाले सभी न्यायाधीशों से जल्द से जल्द जमानत से जुड़े मामले पर फैसला करने का अनुरोध करें।

पीठ ने कहा, यह कहने की जरूरत नहीं होनी चाहिए कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा है। नागरिकों की आजादी सर्वोपरि है। इसमें कहा गया, किसी नागरिक की आजादी से जुड़े मामले में तेजी से फैसला न करना और किसी न किसी आधार पर मामले को टालना भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत उनके बहुमूल्य अधिकार से वंचित करेगा। पीठ ने सर्वोच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) से कहा कि वह उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) को अपने आदेश से अवगत कराए। शीर्ष अदालत एक आरोपी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। आरोपी ने बंबई हाईकोर्ट के 31 मार्च 2023 के फैसले को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने उसकी जमानत याचिका का निपटारा करते हुए उसे निचली अदालत के सामने ऐसी याचिका दायर करने की अनुमति दी थी।

# पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगन चूमेंगी देश की चार शक्तियां

*गगनयान देश का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है जिसके तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष की सैर कराई जाएगी। इस मिशन को 2024 के आखिर या 2025 की शुरुआत तक भेजा जा सकता है। इसी साल मानव रहित परीक्षण उड़ान होगी, जिसमें एक व्योममित्र रोबोट भेजा जाएगा। गगनयान मिशन तीन दिवसीय है। मिशन के लिए 400 किलोमीटर की पृथ्वी की निचली कक्षा पर मानव को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा और फिर सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाया जाएगा।*



**400** किलोमीटर की निम्न पृथ्वी की कक्षा में अंतरिक्ष यात्रियों को भेजा जाएगा

● भारत का गगनयान मिशन सफल होता है, तो भारत उन देशों की एक खास सूची में शामिल हो जाएगा, जिन्होंने खुद चालक दल अंतरिक्ष यान लॉन्च किया है। वर्तमान में ऐसा मुकाम हासिल करने वाले देश केवल अमेरिका, रूस और चीन ही हैं।

### प्रशांत बालाकृष्णन नायर

ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालाकृष्णन नायर केरल से ताल्लुक रखते हैं। ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालाकृष्णन नायर (47) ने अपनी स्कूली शिक्षा कुवैत से पूरी की। उन्होंने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) से स्नातक की डिग्री हासिल की है। उन्होंने वहां 'स्वोर्ड ऑफ ऑनर' हासिल करके उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। साल 1999 में एक कमीशन अधिकारी के रूप में वो वायु सेना में शामिल हो गए।

### अंगद प्रताप

ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप ने ग्रुप के अन्य तीन सदस्यों के साथ रूस में 13 महीने तक ट्रेनिंग की है। उनका जन्म 17 जुलाई 1982 को प्रयागराज में हुआ था। वह एनडीए के पूर्व छात्र हैं और 18 दिसंबर 2004 को भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में नियुक्त हुए थे। वह एक फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर और टेस्ट पायलट हैं और उनके पास लगभग 2000 घंटे की उड़ान का अनुभव है।

### अजित कृष्णन

ग्रुप कैप्टन अजित कृष्णन उन चार अंतरिक्ष यात्रियों में से हैं जिन्हें मिशन के लिए चुना गया था। उनका जन्म 19 अप्रैल 1982 को चेन्नई, तमिलनाडु में हुआ था। वह एनडीए के पूर्व छात्र हैं और वायु सेना अकादमी में राष्ट्रपति के स्वर्ण पदक और स्वॉर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित हैं। उन्हें 21 जून 2003 को भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन दिया गया था। वह फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर और टेस्ट पायलट हैं और उनके पास लगभग 2900 घंटे की उड़ान का अनुभव है।

### शुभांशु शुक्ला

गगनयान मिशन के चार अंतरिक्ष यात्रियों में से एक विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला ने रूस की राजधानी मॉस्को के यूरी गगारिन कॉस्मोनॉट ट्रेनिंग सेंटर में ट्रेनिंग हासिल की है। उनका जन्म 10 अक्टूबर 1985 को लखनऊ, यूपी में हुआ था। वह एनडीए के पूर्व छात्र हैं और 17 जून 2006 को भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में नियुक्त हुए थे।

वह एक फाइटर कॉम्बैट लीडर और एक टेस्ट पायलट हैं, जिनके पास लगभग 2000 घंटे की उड़ान का अनुभव है।

## एक नजर



### थाईलैंड: भारत से पहुंचे भगवान बुद्ध के अवशेष, भक्तों ने किए दर्शन

**बैंकॉक।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में बौद्ध भिक्षुओं ने ध्यान लगाकर माखा बुचा पर्व मनाया। भगवान बुद्ध ने इसी दिन अपने पहले शिष्यों में से 1,250 को दीक्षा दी थी। एक लाख भक्तों ने भगवान बुद्ध और उनके दो शिष्यों के पवित्र अवशेषों की पूजा की। इन्हें भारत से ले जाया गया है।

### वीजा रैकेट में शामिल ब्रिटिश एयरवेज का कर्मचारी फरार

**लंदन।** ब्रिटेन की पुलिस अपने भारतीय अधिकारियों के साथ मिलकर ब्रिटिश एयरवेज (बीए) के एक कर्मचारी की तलाश कर रही है। कर्मचारी वीजा रैकेट मामले में फरार चल रहा है और कथित तौर पर भारत में है। मीडिया के मुताबिक, व्यक्ति (चौबीस वर्षीय) हीथ्रो हवाई अड्डे के टर्मिनल पांच पर सुपरवाइजर के रूप में काम करता था। आरोपी लोगों को बिना जरूरी वीजा दस्तावेजों के ब्रिटिश एयरवेज से यात्रा कराने के लिए प्रत्येक यात्री 25 हजार पाउंड लेता था। फरार कर्मचारी का नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है। ब्रिटिश पुलिस भारतीय समकक्षों के साथ मिलकर खोज रही है।



### आंदोलन: किसानों ने ट्रैक्टरों की बाड़ लगा पोलैंड की सीमा सील की

**वर्साव।** यूरोप के कई देशों में चल रहा किसान आंदोलन लगातार उग्र होता जा रहा है। अब पोलैंड के किसानों ने जर्मनी के साथ अपने देश की सीमा सील कर दी है। उन्होंने बॉर्डर पर ट्रैक्टरों की बाड़ बना दी है। बढ़ती कीमतों, करों में वृद्धि और हरित प्रतिबंधों के खिलाफ किसान आंदोलन कर रहे हैं।

### चंद सिक्कों में खरीदी गई हैरी पॉटर किताब की प्रति लाखों में बिकी

**लंदन।** करीब 30 साल पहले पुरानी किताबें बेचने वाली एक दुकान से महज कुछ रुपयों में खरीदी गई हैरी पॉटर के पहले उपन्यास की शुरुआती प्रति (प्रूफ कॉपी) नीलामी में 11,000 पाउंड (करीब 11.5 लाख रुपये) में बिकी। ब्रिटिश नीलामीकर्ता ने सोमवार को बताया कि एक दुकान से दो अन्य पुस्तकों के साथ कुल 40 पेंस (आज की दर से करीब 41 रुपये) में खरीदी गई थी। इस प्रति के पृष्ठ पर असंशोधित प्रूफ कॉपी लिखा है।

# रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने में नाकाम रही यूएनएससी, भारत ने उठाई बदलाव की मांग

## कंबोज बोलीं-जब तक इसमें बदलाव नहीं होगा, तब तक सुरक्षा परिषद विश्वसनीयता के घेरे में रहेगी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मौजूदा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने सवाल उठाते हुए पूछा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने में क्यों असफल रहा? भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की पुरानी व्यवस्था में बदलाव की मांग की। यूएन जनरल असेंबली प्लेनरी की बैठक हुई, जिसमें रुचिरा कंबोज ने सवाल उठाए।

रुचिरा कंबोज ने कहा 'रूस-यूक्रेन युद्ध को चलते हुए दो साल का समय बीत चुका है। ऐसे में हमें बतौर संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों को कुछ पल रुककर सोचने और अपने आप से पूछने की जरूरत है कि क्या निकट भविष्य में इस संकट का समाधान निकल सकता है? और अगर नहीं निकल सकता तो फिर संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था, खासकर सुरक्षा परिषद क्यों है? इसका गठन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शांति और सुरक्षा के लिए किया गया था, ऐसे में ये क्यों मौजूदा संघर्षों को सुलझाने में पूरी तरह से बेअसर साबित हुई है?'

बीते शुक्रवार को यूक्रेन संकट पर संयुक्त राष्ट्र की जनरल असेंबली की प्लेनरी बैठक हुई। इसी दौरान भारत की संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने सुरक्षा परिषद में बदलाव की मांग उठाई। कंबोज ने यूएनएससी के पुराने ढांचे में बदलाव की मांग की और कहा कि जब तक इसमें बदलाव नहीं होंगे तब तक सुरक्षा परिषद की विश्वसनीयता सवालों के घेरे में रहेगी।

### कूटनीतिक से निकलेगा समाधान यूक्रेन को लेकर भारत चिंतित

रुचिरा कंबोज ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान को भी दोहराया, जिसमें पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि 'ये युद्ध का युग नहीं है।' कंबोज ने कहा कि 'यूक्रेन हालात को लेकर भारत चिंतित है। हम लगातार इस बात पर जोर दे रहे हैं कि इंसानी जिंदगी की कीमत पर कोई समाधान नहीं होना चाहिए। हिंसा किसी के भी हित में नहीं है।' कंबोज ने कहा कि कूटनीतिक तरीके से ही शांति संभव है और इसके लिए सभी पक्षों के बीच बातचीत होनी चाहिए। हमें ऐसे कदम उठाने से बचना चाहिए, जिनसे बातचीत और समाधान के रास्ते बंद हो जाएं।




### मानवाधिकार हमारे लोकतांत्रिक सिद्धांतों का हिस्सा, यूएन की बैठक में बोले जयशंकर

**नई दिल्ली।** स्विट्जरलैंड के जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार परिषद का सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। यह मानवाधिकार परिषद का 55वां सत्र है, जो सबसे लंबा होगा और अप्रैल तक चलेगा।



इस बैठक के पहले दिन भारतीय विदेश मंत्री ने अपने संदेश में मानवाधिकार परिषद की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के पूरे सहयोग का वादा किया और कहा कि भारत मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए काम करता रहेगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने संदेश में कहा कि 'मैं ये सुनिश्चित करूंगा कि हमारा प्रतिनिधिमंडल और उच्चायुक्त आपको पूरा समर्थन और सहयोग दें। भारत परिषद के सदस्यों के साथ मिलकर मानवाधिकारों की सुरक्षा और बढ़ावे के लिए काम करता रहेगा। भारत के लोकतांत्रिक सिद्धांतों और विविधता भरी सोच में मानवाधिकार गहरे तक समाए हुए हैं। विदेश मंत्री ने नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से सत्र को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 'पुरानी संरचनाओं को सुधारने, प्रणालीगत खामियों को ठीक करने और वर्तमान वैश्विक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने वाले बहुपक्षीय ढांचे को तत्काल बनाने का समय आ गया है।' उन्होंने कहा, 'भू-राजनीतिक चुनौतियों का स्थायी समाधान खोजने के लिए यूएन और उसके बाहर मिलकर काम करना हमारे सामूहिक हित और हमारी जिम्मेदारी भी है।

# इमरान-बुशरा बीबी भ्रष्टाचार के नए मामले में दोषी करार

इस्लामाबाद, एजेंसी

● दंपती ने लगे आरोपों से किया इनकार, मामले की सुनवाई छह मार्च तक स्थगित

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पत्नी बुशरा बीबी को अदालत ने दोनों के खिलाफ 190 मिलियन पाउंड (लगभग 20 अरब रुपये) के अल-कादिर भ्रष्टाचार मामले में आरोप तय किए हैं। न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में सुनवाई की। कई मामलों में इमरान इसी जेल में सजा काट रहे हैं।

न्यायाधीश ने अदालत कक्ष में इमरान खान और बुशरा बीबी की मौजूदगी में आरोप पत्र पढ़ा। अल-कादिर ट्रस्ट के नाम पर सैकड़ों नहरों की जमीन का कथित तौर पर अधिग्रहण किया गया था। मामले में राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने इमरान खान, उनकी पत्नी और अन्य के खिलाफ जांच शुरू की थी। जिसमें सरकारी खजाने को 190 मिलियन पाउंड का नुकसान होने का मामला सामने आया था।

मीडिया के मुताबिक, सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने कहा कि मामले में 58 गवाहों के बयान दर्ज किए जाएंगे। न्यायाधीश ने इमरान खान के खिलाफ आरोप तय करते समय पूछा कि क्या वह दोषी हैं या नहीं।



इमरान ने जवाब दिया, मुझे आरोप पत्र क्यों पढ़ना चाहिए, जब मुझे पता है कि उसमें क्या लिखा है? इमरान खान और उनकी पत्नी दोनों ने अपने खिलाफ लगे आरोपों से इनका किया। मामले की सुनवाई छह मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई। जवाबदेही अदालत ने एनएबी के पांच गवाहों को भी सुनवाई में शामिल होने का आदेश दिया। एक जवाबदेही अदालत ने तोशाखाना मामले में इमरान और बुशरा को 14 साल की सजा सुनाई थी। बुशरा को इमरान के इस्लामाबाद स्थित बनी गाला आवास में नजरबंद किया गया है। अल-कादिर ट्रस्ट मामला 190 मिलियन पाउंड के समझौते से जुड़ा है। जिसे ब्रिटेन की राष्ट्रीय अपराध एजेंसी ने कारोबारी मलिक रियाज हुसैन से रकम वसूलने के बाद पाकिस्तान भेजा था।

## तंबाकू-सिगरेट पर लगे प्रतिबंध को हटाएगा न्यूजीलैंड

**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड की नई सरकार तंबाकू की बिक्री पर लगे प्रतिबंध को हटाने जा रहा है। रिसर्चर और प्रचारकों द्वारा सरकार को तंबाकू से होने वाले मौतों के बारे में दी गई चेतावनी के बावजूद मंगलवार को सरकार ने इस पर लगे प्रतिबंध को हटाने की घोषणा की है।

ये इसी साल जुलाई से लागू हो जाएगा। इसके साथ ही स्मोक्ड तंबाकू उत्पादों में निकोटीन सामग्री में कटौती की जाएगी और तंबाकू खुदरा विक्रेताओं की संख्या 90% से अधिक कम हो जाएगी। अक्टूबर में चुनी गई नई गठबंधन सरकार ने पुष्टि की कि मंगलवार को तत्काल कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार धूम्रपान को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सड़क पर उतरे लोग...



**साओ पाउलो :** ब्राजील के साओ पाउलो शहर में पूर्व राष्ट्रपति जैर बोल्सोनारो पर लगाए गए तख्तापलट की कोशिश के आरोप के खिलाफ उनके 5 लाख से ज्यादा समर्थक सड़कों पर उतर आए। साथ उन पर लगाई गई चुनावी पाबंदी का भी विरोध किया। दरअसल, बोल्सोनारों से जनवरी 2023 में हुई हिंसा को लेकर पूछताछ हुई। लोगों ने पूर्व राष्ट्रपति पर लगी चुनावी पाबंदी हटाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। ● एजेंसी





# अंतरिक्षयान ओडीसियस ने चंद्रमा से भेजी पहली तस्वीर

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के टेक्सास की इंट्यूटिव मशीन का लूनार लैंडर ओडीसियस चंद्रमा पर लैंडिंग करने में सफल रहा, लेकिन यह लैंडिंग पूरी तरह से सटीक नहीं थी और लैंडिंग के बाद यान थोड़ा सा टेढ़ा हो गया। इस घटना से यह कई मायनों में एक अनोखी लैडिंग बन गई है।

ओडीसियस, 1972 में अपोलो17 मिशन के बाद चंद्रमा पर पहुंचने वाला पहला अमेरिकी अंतरिक्षयान बन गया है। ओडीसियस ने चंद्रमा की दक्षिणी सतह से पहली तस्वीर भेजी है। इंट्यूएटिव मशीन्स ने एक्स पर सोमवार को एक पोस्ट पर कहा, ओडीसियस चंद्रमा की सतह से नोवा कंट्रोल में फाइटर कंट्रोलर के साथ



कम्यूनिकेट कर रहा है। पोस्ट में दो तस्वीरें भी शेयर की गई हैं। पहली तस्वीर षट्भुज आकार के अंतरिक्ष यान के उतरने की, और दूसरी उसके गिरने के 35 सेकंड बाद ली गई, जिसमें मालापर्ट ए प्रभाव क्रेटर की पक्की मिट्टी का पता चलता है। आपको बता दें यह एक प्राइवेट कंपनी का लैंडर था, और इसमें नासा का भरपूर सहयोग था।


## सूरज की रोशनी से जागा जापान का मून लैंडर: जाक्सा

**टोक्यो।** जापान के पहले मून लैंडर ने पृथ्वी से एक संकेत का जवाब दिया है। इससे पता चलता है कि यह सप्ताह भर की दूसरी चंद्र रात से बच गया है। यह जानकारी देते हुए जापान की अंतरिक्ष एजेंसी जाक्सा ने इसे चमत्कार बताया।

गत 20 जनवरी को जापान के मानव रहित स्मार्ट लैंडर फॉर इन्वेस्टिगेटिंग ने 20 जनवरी को चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की थी। इसके साथ ही जापान चांद पर पहुंचने वाला पांचवां देश बन गया। जाक्सा ने बताया कि एसएलआईएम गत माह गलत दिशा में गिर गया था और इसके सौर पैनलों तक सूरज की रोशनी नहीं पहुंच पा रही थी। हालांकि, सूरज की रोशनी मिलते ही लैंडिंग के आठवें दिन एसएलआईएम से संपर्क हो गया।

# अगले सोमवार तक गाजा में थम जाएगा युद्ध: जो बाइडन

वाशिंगटन, एजेंसी



● बोले- दोनों पक्ष संघर्ष विराम समझौते के करीब फाइनल मुहर लगना बाकी

इजराइल और हमास के बीच पांच महीने से अधिक समय से युद्ध जारी है। इजराइल ने कड़ी जवाबी कार्रवाई और समझौता कर अपने कुछ लोगों को रिहा करा लिया था। अब एक बार फिर जंग थोड़े समय के लिए रुक सकती है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने उम्मीद जताई है कि अगले सोमवार तक इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम हो सकता है। उन्होंने माना है कि दो पक्ष संघर्ष विराम समझौते के करीब हैं।

जो बाइडन ने गाजा में संघर्ष विराम के सवाल पर कहा, 'मेरे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने मुझसे कहा है कि हम इसके करीब हैं और मेरी उम्मीद है कि अगले सोमवार तक हम युद्धविराम कर लेंगे।' साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि हम इसके नजदीक हैं, लेकिन यह अभी तक पूरा नहीं हुआ है। अभी इस पर फाइनल मुहर लगना बाकी है। गौरतलब है, इससे एक दिन पहले ही व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने बताया था कि, 'इस्राइल, अमेरिका, मिस्र और कतर के प्रतिनिधियों ने पेरिस में मुलाकात की। इस दौरान अस्थायी संघर्षविराम के बदले हमास द्वारा बनाए गए बंधकों को रिहा करने पर चारों के बीच सहमति बन गई है। मोसाद के निदेशक डेविड बार्निया सहित एक इस्राइली प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को पेरिस में सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) के निदेशक बिल बर्न्स, मिस्र और कतर के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की।

विज्ञान | इसरो 2030 तक अगला मंगल मिशन लॉन्च करने की बना रहा है योजना

# मंगल की धरती पर उड़ान भरेगा भारतीय हेलीकॉप्टर

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** इसरो लाल ग्रह मंगल पर उड़ान भरने की योजना पर काम कर रहा है। मंगलयान के बाद यह दूसरा भारतीय मंगल मिशन होगा, जिसे 2030 में लॉन्च करने की योजना है। मंगल मिशन नन्हा हेलीकॉप्टर साथ लेकर इस मिशन को महत्वाकांक्षी बनाने जा रहा है।

इसमें दोराय नही कि अंतरिक्ष की दुनिया में भारत बहुत कम समय पर दुनिया के अग्रणी देशों में अपना नाम सुमार कर चुका है। बहुत कम लागत और कम समय में मार्स ऑर्बिटर मिशन (मंगलयान) की सफलता से इसरो ने दुनिया को अपनी ओर आकर्षित किया था। मंगलयान को 2013 में लॉन्च किया था और 2014 में मंगल की कक्षा में स्थापित हुआ था। करीब आठ साल मंगल मिशन ने अनेक महत्वपूर्ण खोज कर भारतीय विज्ञान क्षमता का परिचय दिया। अब इसरो मंगल ग्रह की सतह पर नासा का इनजेनिटी हेलीकॉप्टर की तर्ज पर अपना हेलीकॉप्टर शामिल करना चाहता है, जो 2030 के दशक की शुरुआत में लॉन्च हो जाएगा।



मंगल की धरती पर नासा का हेलीकॉप्टर।

हेलीकॉप्टर भारतीय मार्सलैंडर के साथ उड़ान भरेगा। विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र के अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला के वैज्ञानिक जयदेव प्रदीप ने हाल ही में एक वेबिनार के दौरान यह जानकारी दी। मंगल ग्रह पर लैंडिंग मिशन के लिए हेलीकॉप्टर मंगल के हवाई अन्वेषण के लिए पेलोड का एक सूट साथ ले जाएगा। पेलोड में एक तापमान सेंसर, आर्द्रता सेंसर, दबाव सेंसर, हवा की गति सेंसर, विद्युत क्षेत्र सेंसर और धूल एरोसोल के ऊर्ध्वाधर वितरण को मापने के लिए एक ट्रेस प्रजाति और धूल सेंसर शामिल किया जाएगा। भारतीय हेलीकॉप्टर मंगल की सतह से 328 फीट यानी100 मीटर ऊपर तक उड़ान भरने में सक्षम होगा, जबकि नासा का इनजेनिटी 79 फीट की ऊंचाई तक उड़ सकता है। मंगल की धरती के वातावरणीय जानकारी जुटाने के लिये अगली पीढ़ी के लिए वरदान साबित होगा।

### मंगल पर कीर्तिमान स्थापित करेगा इसरो, बसाएगा मानव बस्ती

मंगल की धरती पर मानव बस्ती बसाने को लेकर नासा व चीन के साथ भारत भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर चुका है। इन सभी देशों का एकमात्र सपना मंगल पर मानव का दूसरा घर बसाना है। मंगलयान की सफलता से भारतीय वैज्ञानिको के हौंसले बुलंद हैं। इसरो की तैयारी अब मंगल पर नया कीर्तिमान स्थापित करना है। मगर आज भी यह सवाल अनुत्तरित है कि कब तक मंगल पर मानव बस्ती बसाई जा सकेगी।

# यूएई: आम लोगों के लिए मार्च से खुलेगा बीएपीएस मंदिर

आबू धाबी, एजेंसी

**15** से 29 फरवरी तक वीआईपी मेहमानों को दी गई थी दर्शन करने की अनुमति



अबू धाबी में पहला हिंदू मंदिर एक मार्च से जनता के लिए खोला जाएगा। बता दें कि इस महीने की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मंदिर का उद्घाटन किया था। लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से इस मंदिर का निर्माण बोचासनवासी श्री अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) द्वारा अबू मुरीखा में किया गया।

भव्य मंदिर का उद्घाटन 14 फरवरी को एक समर्पण समारोह के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने किया था, जिसमें 5,000 से अधिक आमंत्रित लोग शामिल हुए थे। 15 से 29 फरवरी तक पहले से पंजीकरण कराने वाले विदेशी श्रद्धालुओं या वीआईपी मेहमानों को मंदिर में दर्शन की अनुमति दी गई थी। अब मंदिर 1 मार्च से सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक जनता के लिए खुला रहेगा। मंदिर हर सोमवार को बंद रहेगा। इसकी जानकारी मंदिर के एक प्रवक्ता ने दी है।

इस मंदिर के निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाली 18 लाख ईंटों और 1.8 लाख घन मीटर बलुआ पत्थर राजस्थान से लाए गए है। यह मंदिर अयोध्या में हाल ही में उद्घाटन किए गए राम मंदिर की तरह, वास्तुकला की नागर शैली में बनाया गया है।